वर्ष 73 अंक 95 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 02 जनवरी, 2026
पौष शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

प्रेम और आकांक्षा महान कर्मों के लिए आत्मा के पंख हैं।
-योहान वोल्फगांग फॉन गेटे




## एम्स का नया अध्ययन: 'स्वस्थ' दिखने वाले 18-45 आयुवर्ग के भारतीय युवाओं की मौत की वजहें आईं सामने

# 42.6 फीसदी 'अचानक मौतों' का कारण हृदय रोग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बीते कुछ सालों में युवाओं के अचानक गिरकर मरने की घटनाएं भारत की सबसे चिंताजनक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बन गई हैं। ये मौतें अक्सर बिना किसी पूर्व चेतावनी, स्पष्ट बीमारी या पुख्ता निदान के होती हैं। परिवार और समाज के लिए यह सवाल रह जाता है कि जो लोग बाहर से फिट और स्वस्थ दिखते थे, वे अचानक कैसे चल बसे।

एम्स की टीम ने इस पर सालभर में एक स्टडी की। यह अध्ययन आईसीएमआर परियोजना के तहत किया गया और इसे इंडियन जरनल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित किया गया है। इसका उद्देश्य था- युवाओं में अचानक होने वाली मौतों की वास्तविक वजहों को फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर समझना।

अध्ययन का सबसे बड़ा निष्कर्ष यह रहा कि युवाओं में अचानक मौत का मुख्य कारण हृदय रोग है। 18-45 आयु वर्ग में 42.6 फीसदी मौतें कार्डियोवैस्कुलर कारणों से हुईं। पोस्टमॉर्टम में पाया गया कि कई युवाओं की कोरोनरी धमनियों में 70 फीसदी से अधिक रुकावट थी, खासकर लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग (एलएडी) और राइट कोरोनरी आर्टरी में। यह वही पैटर्न है, जो घातक हार्ट अटैक से जुड़ा होता है। सबसे परेशान करने वाली बात यह थी कि इनमें से अधिकांश लोगों को पहले कभी हृदय रोग का निदान नहीं हुआ था। वे न इलाज पर थे, न नियमित जांच में। यानी घातक बीमारी चुपचाप बढ़ती रही और पहली पहचान सीधे मौत के रूप में सामने आई।

चिकित्सकीय भाषा में 'अचानक मौत' वह है, जो लक्षण शुरू होने के एक घंटे के भीतर (या बिना गवाह वाले मामलों में 24 घंटे के भीतर) हो जाए। एम्स के शोधकर्ताओं ने मई 2023 से अप्रैल 2024 के बीच किए गए 2,214 मेडिको-लीगल पोस्टमॉर्टम का विश्लेषण किया।

इनमें से 180 मौतें (8.1 फीसदी) अचानक मौत की श्रेणी में आईं। चौंकाने वाली बात यह थी कि 57.2 फीसदी मामले 18-45 वर्ष के युवाओं के थे—जिन्हें परिजन 'पूरी तरह स्वस्थ' बताते थे। अधिकांश मृतक पुरुष थे।

### सिर्फ दिल ही नहीं-अन्य कारण भी

- हालांकि हृदय रोग प्रमुख रहा, लेकिन तस्वीर इससे बड़ी है। युवाओं में 21.3 फीसदी अचानक मौतें श्वसन रोगों से हुईं, जैसे निमोनिया और टीबी। कुछ मौतें इलाज शुरू होने से पहले ही हो गईं।
- इसके अलावा एस्पिरेशन (उल्टी/भोजन का श्वास नली में जाना) से दम घुटना भी कारण रहा, जो शराब सेवन से जुड़ा पाया गया।
- अन्य कारणों में शामिल थे- तीव्र पैंक्रियाटाइटिस, आंतों की टीबी से परफोरेशन, भारी आंतरिक रक्तस्राव, ब्रेन हैमरेज। महिलाओं में एक्टोपिक प्रेग्नेंसी फटना और यूटेराइन रप्चर जैसे मामले भी सामने आए।



### कब और कहां हुईं मौतें

**55** फीसदी से अधिक मौतें घर पर हुईं

**30** फीसदी यात्रा के दौरान

**40** फीसदी मौतें रात या तड़के हुईं

### 21 फीसदी मामलों में नहीं मिली कोई वजह

अध्ययन का एक और गंभीर पहलू यह है कि 21.3 फीसदी युवा मौतें पूरी जांच के बाद भी 'अस्पष्ट' रहीं। यानी पूरी ऑटोप्सी, इमेजिंग और माइक्रोस्कोपिक जांच के बावजूद कोई संरचनात्मक कारण नहीं मिला। डॉक्टरों के अनुसार, ऐसे मामलों के पीछे अक्सर वंशानुगत इलेक्ट्रिकल (रिद्म) डिसऑर्डर होते हैं—जो दिल की धड़कन को बिगाड़ देते हैं, पर दिल की बनावट में कोई निशान नहीं छोड़ते।

### मृत युवाओं में धूम्रपान और शराब सेवन की दर अधिक

अध्ययन में यह भी सामने आया कि मृत युवाओं में धूम्रपान और शराब सेवन की दर ऊंची थी, जबकि डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसे ज्ञात रोग अपेक्षाकृत कम थे। कोविड संक्रमण या वैक्सीनेशन से अचानक मौत का कोई ठोस संबंध नहीं पाया गया—यह निष्कर्ष स्पष्ट और महत्वपूर्ण है। स्टडी बताती है कि युवाओं में अचानक मौत रहस्यमय या आकस्मिक नहीं, बल्कि अधिकतर मामलों में अनदेखी और बिना लक्षण वाली बीमारी का नतीजा है। खासकर हृदय की गंभीर रुकावटें या आनुवंशिक रिद्म विकार के मामले में यह सबसे अहम वजह है।

"युवाओं में समय से पहले होने वाला कोरोनरी आर्टरी डिजीज बढ़ रहा है। कई 'नेगेटिव ऑटोप्सी' केस संभवतः आनुवंशिक रिद्म विकारों के कारण हैं, जिनके लिए जेनेटिक टेस्टिंग और परिवार की स्क्रीनिंग जरूरी है। उन्होंने यह भी दोहराया कि कोविड वैक्सीन से अचानक हृदय मृत्यु का कोई वैज्ञानिक संबंध नहीं मिला है।

- डॉ. केके तलवार, चेयरमैन, पीएसआरआई हार्ट इंस्टीट्यूट

## ऑफ बीट

### चीन में आलू-टमाटर की तरह बिक रही है चांदी



*चीन के एक शहर में चांदी को बिल्कुल सब्जियों की तरह खुले बाजार में बेचे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद चीन का शुइबेई ज्वेलरी मार्केट चर्चा में आ गया है। यहां सड़क किनारे ठेलों पर 15-15 किलो वजनी चांदी की ईंटें उसी तरह रखकर बेची जा रही हैं, जैसे आमतौर पर आलू या टमाटर बेचे जाते हैं। जानकारी के मुताबिक, शुइबेई मार्केट को चीन का सबसे बड़ा गोल्ड-ज्वेलरी हब माना जाता है। यहां रोजाना टन के हिसाब से सोने और चांदी की खरीद-बिक्री होती है। इस बाजार में बिकने वाली चांदी शंघाई गोल्ड एक्सचेंज के मानकों के अनुसार होती है, जिसकी शुद्धता 99.9 फीसदी गारंटीड बताई जाती है। व्यापारियों के अनुसार, इस चांदी को लोग निवेश, ज्वेलरी निर्माण और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए खरीदते हैं। बाजार में ज्यादातर खरीदार सोना-चांदी के कारोबारी, ज्वेलर्स और कीमती धातुओं में निवेश करने वाले लोग होते हैं।*

## इंदौर में मौतें: नगर निगम का पानी ही बना जान का दुश्मन

# रिपोर्ट में पुष्टि: भागीरथपुरा में मौत का कारण दूषित पानी ही

**जागरण, इंदौर।** देश के स्वच्छतम शहर में नगर निगम की पाइप लाइन ही लोगों की जान की दुश्मन बनी हुई है। नगर निगम द्वारा शौचालय का दूषित पानी घरों में सप्लाई जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिये गए सैंपल की जांच रिपोर्ट में भी साफ हो गया है कि दूषित पानी पीने से लोग बीमार पड़े और जानें भी इसी से गईं। इस बीच मौतों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया है। लगातार छठवें दिन चार लोगों ने दम तोड़ दिया। लगातार मौतें होने से लोगों की नाराजगी भी बढ़ गईं। इंदौर के नेताओं की सांत्वना और सहायता लेने से भी लोगों ने साफ मना कर दिया। सहायता राशि के चैक ठुकरा कर लोगों ने नारे लगाकर नेताओं को भी वापस लौटा दिया।

इंदौर के वार्ड 4 के भागीरथपुरा में लोगों की जान लेने वाला लीकेज भी सामने आ गया है। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी सरकारी जांच रिपोर्ट आने के बाद स्वीकार किया कि क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई के कारण लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई। विजवर्गीय ने दावे के साथ बताया कि भागीरथपुरा चौकी के पास नाले से निकली पाइप लाइन में लीकेज के कारण क्षेत्र का पेयजल दूषित हुआ है।



### क्या है जांच रिपोर्ट

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी के मुताबिक महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की लैब में भागीरथपुरा से लिये गए पानी के सैंपल की जांच की गई। जांचे गए पानी के नमूनों की रिपोर्ट गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग को मिल गई है। सीएमएचओ ने बताया कि रिपोर्ट में साफ तौर पर पुष्टि हुई है कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण पानी दूषित हुआ है।

### संख्या पर सब मौन

भागीरथपुरा में पानी के कारण गुरुवार को अशोक लाल पंवार, सुमित्रा बाई, शंकर भाया और अरविंद लिखर ने दम तोड़ दिया। इनके पूर्व 5 महीने के मासूम से लेकर 80 साल के वृद्ध की भी जान गई हैं। करीब डेढ़ हजार लोग संक्रमित हैं तो अभी भी डेढ़ सौ लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मगर मौतों की संख्या को लेकर इंदौर के सारे जनप्रतिनिधियों ने मौन साध लिया है। सांसद, महापौर, सीएमएचओ मौतों की संख्या को लेकर कुछ बोलने तैयार नहीं हैं। वहीं नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय का कहना है कि अब तक आठ मौतें दूषित पानी से हुई हैं। पांच दिन पहले विजयवर्गीय ने ही इस दूषित पानी से तीन मौतें होने का मामला उठाया था।

### सामने आई लोगों की नाराजगी

लगातार हो रही मौतों से भागीरथपुरा के लोगों की नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। लोग नेताओं का विरोध करने लगे हैं। गुरुवार को सांसद लालवानी और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय क्षेत्र में निरीक्षण करने पहुंचे तो लोगों ने नारेबाजी कर दी। यहां के लोग व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों को ही मौतों की वजह मान रहे हैं। नाराजगी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि जब सुबह-सुबह भागीरथपुरा पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय को ही महिलाएं खरी-खरी सुनाने लगीं। सात मृतकों के परिजनों ने नाराजगी जताते हुए सरकार द्वारा भेजी गई सहायता राशि के चैक लेने से भी इंकार कर दिया।

# पहली वंदे भारत स्लीपर कोलकाता-गुवाहाटी के बीच

## स्लीपर ट्रेन के थर्ड एसी का किराया 2,300 रुपए होगा, पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में अब वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की भी शुरुआत होने वाली है। इस तरह की पहली ट्रेन गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चलाई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस ट्रेन का ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा हो चुका है। गुवाहाटी-कोलकाता के बीच थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है, जबकि सेकेंड एसी का किराया 3,000 और फर्स्ट एसी का किराया करीब 3,600 प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जल्द ही पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री ने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 1,000 किलोमीटर से अधिक लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के अंत तक करीब 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी।



दो दिन पहले इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर इसका ट्रायल रन किया गया, जहां ट्रेन ने 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की। इस दौरान लोको पायलट की डेस्क पर रखे पानी के गिलास से एक बूंद भी नहीं छलकी, जिससे ट्रेन के बेहतर सस्पेंशन सिस्टम की पुष्टि हुई।

### 16 कोच होंगे स्लीपर ट्रेन में

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे, जिनमें 11 थर्ड एसी, 4 सेकेंड एसी और 1 फर्स्ट एसी कोच शामिल है। ट्रेन में आधुनिक सुरक्षा फीचर्स और वर्ल्ड-क्लास स्लीपर सुविधाएं दी गई हैं।

### 27 में शुरू होगी बुलेट ट्रेन

रेल मंत्री ने बताया कि देश की पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त 2027 को शुरू होने की उम्मीद है। पहले सूरत-बिलिमोरा सेक्शन खुलेगा, इसके बाद अहमदाबाद तक चरणबद्ध तरीके से सेवा शुरू की जाएगी।

## फास्टैग के लिए केवॉयवी प्रोसेस 1 फरवरी से होगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 1 फरवरी 2026 से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवॉयवी (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने नई कार के लिए केवॉयवी प्रोसेस बंद करने का फैसला किया है। साथ ही, जिन कारों पर पहले से फास्टैग लगा है, उनके मालिकों को भी अब रूटीन केवॉयवी कराने की जरूरत नहीं होगी। इससे वाहन मालिकों को वैलिड डॉक्युमेंट होने के बावजूद लंबी वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार के इस कदम का उद्देश्य फास्टैग एक्टिव होने के बाद होने वाली परेशानी को खत्म करना है। पहले यूजर्स को अक्सर शिकायत रहती थी कि टैग एक्टिव होने के बाद भी बैंक या अथॉरिटी की ओर से वेरिफिकेशन के नाम पर देरी की जाती है।

## असुरक्षित कर्ज के जोखिम को लेकर आरबीआई ने चेताया

**मुंबई, जेएनएन।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और बैंकिंग प्रणाली पहले की तुलना में कहीं ज्यादा सुदृढ़ है। हालांकि, असुरक्षित कर्ज, फिनटेक जोखिम, बाहरी आर्थिक दबाव और स्टेबलकॉइन जैसे नए कारकों से वित्तीय स्थिरता पर खतरे बढ़ रहे हैं। यह बात भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में कही है।

आरबीआई के मुताबिक, वित्तीय प्रणाली 'मजबूत और लचीली१ बनी हुई है। इसकी वजह बैंकों की मजबूत बैलेंस शीट, पर्याप्त पूंजी, बेहतर तरलता और वित्तीय बाजारों में कम उतार-चढ़ाव है। हालांकि, रिपोर्ट में भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं को निकट भविष्य के लिए जोखिम बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली दो तिमाहियों में वास्तविक जीडीपी ग्रोथ उम्मीद से बेहतर रही। पहली तिमाही में जीडीपी 7.8 फीसदी और दूसरी तिमाही में 8.2 फीसदी रही, जिससे पहली छमाही की औसत वृद्धि दर 8 फीसदी पहुंच गई।







| कुल प्राप्य प्रीमियम | विलंब शुल्क में % रियायत | अधिकतम रियायत उपलब्ध** |
|---|---|---|
| ₹ 1,00,000 तक | 30% | ₹ 3,000 |
| ₹ 1,00,001 से ₹ 3,00,000 तक | 30% | ₹ 4,000 |
| ₹ 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹ 5,000 |

** नियम व शर्तें लागू
योजना की शर्तों के अनुसार भुगतान न हुई पहली प्रीमियम की तिथि से 5 वर्ष के भीतर पॉलिसी का पुनर्चलन करवाया जा सकता है.
जुड़े रहिए. एलआईसी के साथ अपना मोबाइल नंबर, ई-मेल, एनईएफटी और पेन अपडेट करें.
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विजिट करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
LIC/ P1/2025-26/30/Hin
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

जागरण रीवा

रीवा, 02 जनवरी 2026

www.dainikjagranmpcg.com



चुनौतियों और रोमांच भरा होगा टीम इंडिया के लिए साल 2026 (पेज : 11)




## नाली का बेतरतीब निर्माण, वाहन ओवरटेक करना मुश्किल



**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित पड़रा में सड़क किनारे किया गया नाली का निर्माण बेतरतीब तरीके से किया गया है। सड़क किनारे बनी नालियों के ऊपर की गई कांक्रीट तिरछी डाली गई है, जिससे यहां की सड़क तो अनुपयोगी हो गई है नाली के ऊपर की तिरछी डाली गई स्लैब के कारण कई बार यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन फिसल जाते हैं, खासकर रात के समय निकलने वालों को काफी परेशानी होती है। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि नाली के ऊपर किया गया कांक्रीट ऊंचा-नीचा होने से पैदल चलने वालों को भी परेशानी होती है, सड़क पहले से ही संकरी है।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


# नववर्ष के पहले दिन लाखों श्रद्धालुओं ने चिरहुलानाथ की दर पर टेका माथा





### ● महामृत्यंजय मंदिर किला व मनकामेश्वर मंदिर भी रही भीड़, मेले जैसा रहा माहौल



**जागरण, रीवा**

सूर्य प्रधान नववर्ष 2026 में सुख-शांति के लिए चिरहुला नाथ के दर पर गुरुवार एक जनवरी को लाखों श्रद्धालुओं ने माथा टेका। प्रमुखद्वार से मंदिर तक श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। साले के पहले दिन गुरुवार को अलसुबह से शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में लोगों ने भगवान की शरण में जाकर पूजा अर्चना की। कई मंदिरों में 31 दिसंबर की रात्रि से मानस के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। शहर के चिरहुला मंदिर में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़ रही। मुख्य मार्ग से मंदिर तक भक्तों का तांता दर्शन के लिए लगा रहा। जगह-जगह भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। ज्यादार लोगों ने सुबह मंदिर में माथा टेका और उसके बाद पिकनिक स्पॉट में पहुंचकर खूब मस्ती की। युवाओं के साथ बच्चों का उत्साह इस दौरान सबसे अधिक दिखाई पड़ा। शहर के चिरहुला नाथ मंदिर के साथ किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर, रानी तालाब माँ काली मंदिर, कोठी कम्पाउंड मनकामेश्वरनाथ मंदिर, ओंकारेश्वर महादेवालय दैनिक जागरण परिसर में श्रद्धा का सैलाव उमड़ा।

### ओंकारश्वर महादेवालय में देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता

दैनिक जागरण रीवा कार्यालय परिसर स्थित ओंकारेश्वर महादेवालय मंदिर में नए साल में भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है लोग पूजा अर्चना में लीन रहे और अपने लिए नया साल अच्छा गुजरे, इसके लिए प्रार्थना की।

### चिरहुला मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने बहाना पड़ा पसीना

शहर के चिरहुला मंदिर में नव वर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ सर्वाधिक रही। पुलिस प्रशासन ने श्रृद्धालुओं को अच्छे से भगवान के दर्शन हो इसके लिए बैरिकैट लगाकर व्यवस्था बनाई थी। पुलिस को व्यवस्था सुधारने पुलिस को पसीना बहाना पड़ रहा है। देर शाम तक भक्तों का आना-जाना यहां लगा रहा।

### जगह-जगह मंदिरों में हुए भंडारे



शहर में स्थित कई मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर, पुराने न्यायालय परिसर में स्थित हनुमान मंदिर, नगर निगम कार्यालय परिसर में स्थित राम लक्ष्मण जानकी मंदिर, कोठी कंपाउंड साईं मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इन मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और अपने लिए प्रभु से आशीर्वाद मांग कर नये साल की शुरुआत की।

### मेला जैसा रहा नजारा

शहर के धार्मिक स्थल, पार्क और पिकिनिक स्पॉट में पहले दिन मेले जैसा नजारा देखने को मिला। शहर के साथ ही जिले के दूरांचल में स्थित जलप्रपातों में युवाओं की चहल-पहल अधिक रही। देवतलाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर, गुढ़ में कष्टहरनाथ व भैरव बाबा और मोहनिया टनल को देखने ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे।

### इन जगहों पर रही सर्वाधिक भीड़

जिले में गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र में खंधो माता मंदिर, सेमरिया में पुर्वा जल प्रपात, बसामन मामा, गढ़ में क्योटी जल प्रपात व देऊर कोठार, सिरमौर में चचाई जल प्रपात व घिनौची धाम, नईगढ़ी में बहुती जल प्रपात, अष्टभुजी माता मंदिर व देवलहा जलप्रपात में लोगों की मौजूदगी अधिक दिखी। वहीं गुढ़ में मोहनिया टनल, भैरवनाथ मंदिर के साथ ही शहर में रानीतालाब किला और चिरहुला में भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

### पार्क और जलप्रपातों में रही रौनक





साल का पहला दिन इस वर्ष सोमवार से शुरू हुआ। स्कूलों में अवकाश रहा इसके चलते मंदिर, पार्क और पिकनिक स्पॉट में अधिक संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। बड़े बुजुर्गों के साथ ही महिलाएं, युवा और बच्चे नए साल को अपने-अपने अंदाज में सेलिब्रेट किया। शहर के गंगा वाटिका में लोगों का हुजूम उमड़ा। इसके साथ ही रतहरा तालाब में लोगों की भीड़ जमा रही। ग्रामीण अंचलों मे क्योटी, पुरवा, चचाई, देवलहा, बहुती जलप्रपात को देखने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। शहर के ईको पार्क में भी लोगों की भीड़ काफी अधिक दिखी।

### साईं मंदिर में महाआरती के साथ हुआ नववर्ष का स्वागत



**रीवा।** नगर में नववर्ष का स्वागत अभिनंदन महाआरती के साथ किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम राधा कृष्ण के नृत्य उत्सव के साथ किया गया। शाम 4 बजे से महाआरती का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता सरदार पहलाद सिंह कांग्रेस नेता गुरमीत सिंह कविता पांडे अतुल जैन जितेंद्र मिश्रा परमजीत सिंह मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे सचिव संदीप सिंह बघेल विभु सूरी महेश थारवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रिदम म्यूजिक ग्रुप की तरफ से सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साईं सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय धमीजा व पुजारी मनसुख लाल ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक राजेश साहनी सहित वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी राज नारायण मिश्रा विवेक महिंद्रा धर्मेंद्र कुशवाहा महेश लेडवानी सरदार मनिंदर सिंह अकलंक जैन श्री प्रकाश तोमर अखिलेश त्रिपाठी मनीष साहनी अनूप दुबे सनी चंदवानी विवेक व्यास एवं भारी तादात में गणमान्यजन व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शांति दौड़ : सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता के लिए बढ़े कदम



### विवेकानंद पार्क में भव्यता से मनाया गया 40वां सद्भावना महोत्सव

**जागरण, रीवा।** शांति, सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता, अखंडता के लिए रीवा में आयोजित किया जा रहा शांति एवं सद्भावना महोत्सव एक बार फिर पूरी गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाते हुए पदयात्रा के साथ रैली निकाली गई। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने तिरंगा लहराकर पदयात्रियों का नेतृत्व किया। रैली का नेतृत्व करने वालों में निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, सरदार प्रहलाद सिंह, बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक डॉ मुकेश येंगल, कांग्रेस महिला नेत्री कविता पाण्डेय, प्राचीन इतिहास विशेषज्ञ प्रो महेशचंद्र श्रीवास्तव, राजकुमार टिलवानी, डॉ विनोद श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर मीडिया के साथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नये वर्ष के प्रथम दिवस सूर्योदय के साथ ही कालेज चौराहा स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में शंखध्वनि और मंत्रोच्चार के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। स्वस्तिवाचन शिक्षाविद् डॉ कौशलेंद्रमणि त्रिपाठी ने किया। अतिथियों के स्वागत उपरांत कार्यक्रम संयोजक डॉ मुकेश येंगल ने शांति एवं सदभावना महोत्सव के 40 वर्षों की यात्रा की विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह आयोजन नगर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित किया गया है। अपने उद्बोधन में नगर निगम कमिश्नर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने कहा कि राष्ट्रहित में वर्ष का पहला दिन प्रेरणा और संकल्प लेकर आगे बढने का दिन है। उन्होंने इजरायल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ का नागरिक हमेशा अपने राष्ट्र की उन्नति और सुरक्षा को लेकर सजग रहता है। युवाओं को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। निगमायुक्त ने आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा यह बड़ी बात है कि कोई कार्यक्रम 40 वर्षों से अनवरत चल रहा हो और देश के दिग्गज इसमें आते रहे हैं। हमें गर्व करना चाहिए कि हम विंध्य में रहते हैं जहाँ सैनिक स्कूल के साथ जैव विविधता का अकूत भंडार है। कार्यक्रम में सरदार प्रहलाद सिंह, अमित पीड़िहा, सहित अन्य साथियों ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। सद्भावना महोत्सव में सुबोध चक्रवर्ती, नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी सचिन द्विवेदी, आईईसी टीम के अवनीश शुक्ला, सुखसागर पाण्डेय, जगजीवन लाल तिवारी, बहादुर गौतम, डॉ सक्सेना, डॉ शुभी माथुर, डॉ बीएल मिश्रा, केंद्रीय अधिकारी मुकेश मंडल, श्यामनारायन शर्मा, केपी तिवारी, एडवोकेट अमित पाण्डेय, जयदीप सिंह, दीपक शर्मा, विजय सिंह, पियुषेन्द्र तिवारी, कुसुम सिंह, नारायण डिगवानी, ललित मोहन, संजय सिंह परिहार, वीरबहादुर सिंह, बृजकिशोर शुक्ला, खेल अधिकारी रमेश तिवारी, विकास सोनी, शुभम सिंह, राजेश वर्मा, सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, विभिन्न संगठनों के सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन संकल्प एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## अटल पार्क का फिर हुआ ठेका, इस बार स्काईलार्क पोली इंडस्ट्रीज को मिला

**जागरण, रीवा।** शहर में सिविल लाइन में निर्मित अटल पार्क को नगर निगम द्वारा फिर से ठेके पर दे दिया गया है। अटल पार्क का ठेका इस बार उतने ही कीमत में स्काईलार्क पोली इंडस्ट्रीज प्रा. लि. मिला है। नगर निगम द्वारा स्काईलार्क पोली इंडस्ट्रीज प्रा. लि. को एलओआर भी जारी कर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि यह कंपनी पिछले बार ठेका प्राप्त करने से चूक गई थी। पिछले बार उसने 5.18 करोड रुपये की बोली लगाई थी और ठेका 5.21 करोड़ रुपये की बोली लगा कर आराध्या श्रीराम प्राइवेट लिमिटेड ने हासिल कर लिया था। लेकिन ठेका प्राप्त करने के बाद शुरू नहीं कर पाने के कारण आराध्या श्रीराम प्राइवेट लिमिटेड को नगर निगम द्वारा दो साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। इसके साथ ही अटल पार्क के संचालन एवं संधारण के लिए नये सिरे से फिर टेंडर निकाला गया। इस बार बेस प्राइज 5.21 करोड़ रुपये रखी गई थी और टेंडर भी केवल स्काईलार्क पोली इंडस्ट्रीज प्रा. लि. ने डाला था। सिंगल टेंडर होने के कारण स्काईलार्क को पांच साल के लिए अटल पार्क के संचालन एवं संधारण के लिए ठेका मिल गया।

**नगर निगम ने स्काईलार्क पोली इंडस्ट्रीज प्रा. लि. को जारी किया एलओआर**

गौरतलब है कि अटल पार्क को 5 साल के लिए आराध्या श्रीराम प्राइवेट लिमिटेड को सर्वाधिक 5.21 करोड़ रुपये की बोली लगाने के कारण ठेका दिया गया था, लेकिन ठेका प्राप्त करने के बाद उक्त फर्म ने न तो नगर निगम से कोई एग्रीमेंट किया और न ही काम शुरू किया गया। इस पर नगर निगम द्वारा उक्त फर्म को एग्रीमेंट के लिए सूचना जारी की गई जिसकी समयावधि गुजर जाने के बाद आराध्या श्रीराम प्राइवेट लिमिटेड का ठेका निरस्त किया जाकर उसे दो साल के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है और उसके द्वारा जमा की गई अमानत राशि भी राजसात कर ली गई है।

## नाली निर्माण होने के बाद भी सड़क पर पानी बहाते हैं लोग



**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 4 अंतर्गत खैरी मार्ग पर सुआरन टोला के पास कुछ लोग सड़क पर पानी बहाते हैं जिस कारण सड़क पर गंदे पानी का भराव होने से मोहल्ले के लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुआरन टोला में प्राथमिक स्कूल के पास जहां पर सड़क में जलभराव होता है, वहां नाली बनी हुई है, इसके बावजूद लोग अपने घरों के उपयोग का पानी सड़क पर बहाकर लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि गोपालजी तिवारी द्वारा नगर निगम में इसकी शिकायत भी की गई थी और शिकायत में सड़क पर पानी बहाने वालों के बारे में भी जानकारी दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी नगर निगम द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। सुआरन टोला मार्ग पर जहां पर पानी बहाया जा रहा है, वहा सड़क में एक तरफ नाली का निर्माण किया गया है ।

**वार्ड 4 में सुआरन टोला प्राथमिक स्कूल के पास सड़क पर जलभराव से रहवासी परेशान**

## न फूटी पेयजल पाइप लाइन सुधारी, न ही पूरी तरह दबा रहे पाइप

### सीवरेज लाइन कनेक्शन में बरती जा रही कोताही, बीमारियों को मिलेगा बढ़ावा

**जागरण, रीवा।** शहर भर में डाली गई सीवरेज लाइन वर्तमान में तो लोगों के लिए परेशानी बनी है, आने वाले समय में भी शहरवासियों के लिए ये दुखदायी साबित हो सकती है। शहर में जहां सीवरेज लाइन डाली जा चुकी है उन वार्डों में घरों के सिवेज से कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। सीवरेज लाइन डालने किए गए खनन के कारण कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है, जिनमें से कई की मरम्मत होना बाकी है, क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन में सीवरेज पाइप का पानी कब कहां से मिल जाए, कहा नहीं जा सकता। यदि ऐसा होता है तो लोगों के नलों में सीधे गंदगी पहुंचेगी, जो बीमारियों का कारण बनेगी। जिन घरों के सीवेज के कनेक्शन सीवरेज पाइपलाइन से किए जा रहे हैं, उनमें भी पीवीसी पाइप डाले जा रहे हैं, जिन्हें सड़क के नीचे तो उपर से सीमेंट डालकर ढंका जा रहा है, किन्तु जहां सड़क नहीं बनी उसके उपर महज मिट्टी डाली जा रही है, जिससे ये पाइप कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, इस स्थिति में सीवरेज में जाने वाली गंदगी बहकर सड़क पर लोगों के घरों के सामने जाएगी। कुछ लोगों के मकान तो डाली गई सीवरेज लाइन से ऊंचे हैं, जिनके सीवेज की गंदगी सीवरेज लाइन में जाएगी।


महिला संबंधी सभी समस्याओं का उपचार
अनियमित माहवारी, P.C.O.D, बांझपन, ऑपरेशन, डिलीवरी, गर्भाशय की गांठ
डॉ. एच.एन.सिंह
MBBS, DGO
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ, एल.टी.टी. सर्जन
दिन- बुध, गुरू, शुक्र, शनि एवं रविवार को रीवा में
दिन- सोम एवं मंगल को मऊगंज में
लगभग 1 लाख LTT ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध परामर्श
• मीनोपाज
• परिवार नियोजन
• यूरिन संक्रमण
• गर्भधारण संबंधी समस्या
• किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या
आयुष्मान मेडिकल स्टोर
उप्पल मोटर्स नेहरू नगर रोड, नया बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9074442005

वर्ष 73 अंक 95 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 02 जनवरी, 2026
पौष शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

आप हमेशा अपने मन को बदलने और एक अलग भविष्य या एक अलग अतीत चुनने के लिए स्वतंत्र हैं।
-रिचर्ड बाख

## संक्षिप्त खबरें

### ममदानी ने कुरान पर हाथ रखकर ली शपथ



**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयॉर्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं। हालांकि संविधान के तहत शपथ के लिए किसी धार्मिक ग्रंथ का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। 34 साल के डेमोक्रेट ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं। ममदानी ने न्यूयॉर्क के सिटी हॉल के नीचे स्थित एक बंद पड़े सबवे स्टेशन में शपथ ली। यह एक प्राइवेट समारोह था, जिसमें ममदानी का परिवार शामिल हुआ। इसके बाद दोपहर में एक सार्वजनिक शपथ ग्रहण समारोह होगा। ममदानी ने दो कुरानों पर हाथ रख कर शपथ ली।

### ईरान में हिंसक प्रदर्शन सरकार बदलने की मांग

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान में इस समय हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। देश गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है और इसका सीधा असर सड़कों पर दिख रहा है। ईरान के कई शहरों में 3 दिन से हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मुद्रा की भारी गिरावट ने आम लोगों का गुस्सा भड़का दिया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि जो प्रदर्शन पहले सिर्फ आर्थिक मांगों तक सीमित थे, अब वे सीधे शासन बदलने की मांग में बदलते जा रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत कुछ हफ्ते पहले हुई, जब ईरान की मुद्रा रियाल टूटकर इतिहास के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। एक अमेरिकी डॉलर की कीमत करीब 14.2 लाख रियाल हो गई। इसके बाद खाने-पीने की चीजों के दाम तेजी से बढ़ गए और व्यापार करना बेहद मुश्किल हो गया। इसी के विरोध में तेहरान के ग्रैंड बाजार और मोबाइल फोन बाजार के दुकानदारों ने हड़ताल कर दी और अपनी दुकानें बंद कर दीं। पहले ऐसे प्रदर्शन सिर्फ महंगाई या रोजगार जैसे मुद्दों तक सीमित रहते थे, लेकिन इस बार स्थिति अलग रही।

### न मीटिंग सही न चैटिंग, भाजपा नेत्री के दावे झूठे, पूर्व एनएसजी कमांडो रेप से बरी

**जागरण, बीना।** पूर्व एनएसजी कमांडो व भाजपा पार्षद पर दुष्कर्म के आरोप लगाने वाली भाजपा नेत्री अदालत जाकर पुरानी कहानी भूल गई। एफआईआर, थाने और अदालत में कहानी अलग-अलग हो गई। इतना ही नहीं, भाजपा नेत्री जिस दिन बैठक के बाद पार्षद पर साथ ले जाने का आरोप लगाया गया था, कोर्ट की जांच में सामने आया कि उस दिन भाजपा की कोई बैठक ही नहीं थी। मोबाइल पर भी कोई चैटिंग नहीं मिली, बल्कि कोर्ट को मानना पड़ा कि दोनों एक-दूसरे को जानते ही नहीं हैं। गवाह, सबूत और बयानों के आधार पर अदालत ने भाजपा पार्षद व पूर्व एनएसजी कमांडो को दुष्कर्म के मामले में बरी कर दिया। गुरुनानक देव वार्ड के भाजपा पार्षद मनोज राय पर भाजपा नेता की पत्नी के दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए 11 मार्च 2025 को एफआईआर दर्ज कराई थी। एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज होने पर इसकी सुनवाई विशेष न्यायालय में हुई।

# मैनेजर-वकील के साथ मिलकर की बैंक से 2.56 करोड़ की धोखाधड़ी

## केनरा बैंक के तत्कालीन मैनेजर, वकील और कारोबारियों के खिलाफ एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की इंदौर यूनिट ने केनरा बैंक की नवलखा शाखा में करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में लक्ष्य इक्विपमेंट एंड इंजीनियरिंग की प्रोपराइटर नेहा तांबी, उनके पति मनीष तांबी सहित बैंक के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक और पैनल वकील को भी आरोपी बनाया गया है। आरोपियों ने मिलीभगत कर बैंक की 2 करोड़ 56 लाख रुपए की सरकारी रकम का नुकसान पहुंचाया। धोखाधड़ी की शुरुआत पीथमपुर की एक औद्योगिक यूनिट के नाम पर की गई।

नेहा तांबी ने पीथमपुर के इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर स्थित अपने प्लॉट पर शीट मेटल की फैक्ट्री के विस्तार के लिए 170 लाख रुपए की ओसीसी लिमिट मांगी थी। इसके लिए उन्होंने इंदौर के ओल्ड पलासिया स्थित एक फ्लैट के दस्तावेज बैंक में गिरवी रखे थे। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस फ्लैट को बैंक के पास बंधक रखा गया, उसे आरोपी सालों पहले ही बेच चुके थे। इतना ही नहीं यह फ्लैट पहले से ही बैंक ऑफ इंडिया में बंधक था और एनपीए घोषित होने के कारण सीज किया जा चुका था। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में नेहा तांबी, मनीष तांबी, तत्कालीन बैंक मैनेजर पवन कुमार झा और एडवोकेट विकास कुमार वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला एफआईआर दर्ज कर ली है।




### बैंक अफसरों ने निरीक्षण रिपोर्ट में दी जानबूझकर गलत जानकारी

इस फर्जीवाड़े में बैंक के अफसरों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। तत्कालीन मुख्य प्रबंधक पवन कुमार झा ने निरीक्षण रिपोर्ट में जानबूझकर गलत जानकारी दी। उन्होंने संपत्ति को विवाद रहित बताया और बंद पड़ी इंडस्ट्रियल यूनिट को भी चालू बता दिया। वहीं बैंक के पैनल लॉयर (वकील) विकास वर्मा ने लीगल रिपोर्ट में इन तथ्यों को छिपाया और बिक चुकी संपत्ति को वैध बताकर लोन के लिए हरी झंडी दे दी।

### निजी खर्च में उड़ाई रकम

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि लोन की रकम का उपयोग बिजनेस के बजाय अपने निजी खर्चों पर उड़ा दी गई। आरोपियों ने लोन की रकम कंपनी के बजाय ब्लू चिप इक्विपमेंट एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के खाते में ट्रांसफर कर दी, जिसके डायरेक्टर नेहा के पति मनीष तांबी ही हैं। जांच में उजागर हुआ कि दोनों ही फर्मों का व्यावसायिक पता एक ही था और मौके पर मौजूद दोनों यूनिट अस्तित्व में ही नहीं थीं।

### इधर, भोपाल में दो बड़े मामले: बैंक लोन फर्जीवाड़े में मैनेजर समेत 5 पर केस, रेस्टोरेंट-बार से 25 लाख की टैक्स रिकवरी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत हुए 72 लाख रुपये के लोन फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। इस मामले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मंडीदीप शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। इधर, राजधानी के रानी कमलापति स्टेशन परिसर स्थित 'द रास्ता हाउस' और 'माय बार' से स्टेट जीएसटी ने टैक्स चोरी के मामले में 25 लाख रुपये की रिकवरी की है। दबिश के दौरान सामने आया कि दो माह से जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किए जा रहे थे और कर का भुगतान नहीं हुआ था।

### गुजरात के उपलेटा में राष्ट्रकथा शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# युवाओं को उनकी शक्तियों का भान कराना आवश्यक: सीएम



मुख्यमंत्री को राजकोट के उपलेटा में आयोजित 26वें राष्ट्र कथा शिविर में पुस्तक भेंट की गई।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किताबी ज्ञान से व्यवहारिक और वास्तविक ज्ञान बेहतर है और हमारी युवा पीढ़ी को उनकी असीम शक्तियों का भान कराना भी बेहद जरूरी है।

डॉ. यादव गुरुवार को गुजरात के राजकोट जिले के प्रांसला के समीप उपलेटा में श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित 26वें राष्ट्रकथा शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेकी, परमार्थ और राष्ट्रभक्ति का सहज भाव शरीर में रक्त की तरह हम सभी में प्रवाहमान होना चाहिए। वसुधैव कुटुम्बकम हमारी संस्कृति का जीवोमूल लक्ष्य है और हमें इसी दिशा में और भी मजबूती से आगे बढ़ाना चाहिए। सीएम ने कहा कि जीव मात्र का समग्र कल्याण ही मानवता का पहला लक्ष्य है। जियो और जीने दो हमारे जीवन का शाश्वत दर्शन है। हमारे यहां नैतिक शिक्षा, राष्ट्रभक्ति और संस्कारयुक्त जीवन पद्धति की एक लंबी परंपरा रही है। यह हम भारतीयों का स्व-अनुशासन ही है, जिससे भारत आज विश्व की महाशक्ति के रूप में तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब उस भारतीय मातृ सत्तात्मक संस्कृति के संवाहक है, जहां माताओं और बहनों को देवी के रूप में पूजा जाता है। हमारे यहां बच्चा-बच्चा भी भारत माता की जय बोलकर राष्ट्रमाता को सम्मान देता है।

### कागजी डिग्री से नहीं चलता काम

डॉ. यादव ने कहा कि कोविड के समय जब दुनिया की जनता त्राहिमाम कर रही थी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी संकल्प शक्ति के बल पर कठिन समय में महामारी का सामना किया। डॉ. यादव ने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। यह सही है कि किताबी ज्ञान से अंकसूची और मेरिट लिस्ट में पहचान बन सकती है, लेकिन केवल कागजी डिग्री से काम नहीं चलता है। हमारे लिए पढ़ाई केवल नौकरी पाना नहीं है, बल्कि इससे इतर बच्चों का नैतिक और संस्कारयुक्त समग्र विकास करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सनातन संस्कृति की धारा सभी क्षेत्रों में बह रही है। राष्ट्रकथा शिविर में स्वामीजी ने देश के विभिन्न प्रांतों से शामिल हुई युवा शक्ति को राष्ट्र के विकास के लिए प्रेरित किया है। गुरु की महिमा को देखेंगे तो गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर लेकर जाते हैं। भारत ने हजारों वर्षों से दुनिया को विश्व बंधुत्व का संदेश दिया है। भारतीय परिवारों में मां का अलग स्थान है। मां ही पहली गुरु हैं। दुनिया में सभी देश अपनी गौरवशाली संस्कृति पर गर्व करते हैं, लेकिन अन्य किसी भी देश में मातृ संस्कृति का आधार देखने को नहीं मिलता।

# स्विट्जरलैंड में नये साल के जश्न के बीच धमाका

## लग्जरी रिसॉर्ट में ब्लास्ट, 40 की मौत, 100 से ज्यादा घायल



### आतिशबाजी से हादसे की आशंका

स्विस न्यूज आउटलेट ब्लिक के अनुसार, यह विस्फोट संभवतः एक कॉन्सर्ट के दौरान की गई आतिशबाजी से जुड़ा हो सकता है, जिसके बाद बार में आग लग गई। हालांकि, पुलिस ने अभी विस्फोट के सटीक कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और जांच जारी है।

**बर्न, जेएनएन।** स्विट्जरलैंड के प्रसिद्ध टूरिस्ट शहर क्रांस-मोंटाना में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गुरुवार तड़के शहर के अल्पाइन स्की रिसॉर्ट में स्थित कॉन्स्टेलेशन बार में जोरदार विस्फोट हुआ। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, इस हादसे में करीब 40 लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

विस्फोट स्थानीय समयानुसार रात करीब 1.30 बजे हुआ, जब न्यू ईयर पार्टी चल रही थी और लोग बार के भीतर मौजूद थे। मृतकों की आधिकारिक संख्या की पुष्टि अभी नहीं की गई है, लेकिन 'कई दर्जन लोगों' की मौत की आशंका है। हादसे के बाद क्रांस-मोंटाना को नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस, फायर ब्रिगेड और मेडिकल इमरजेंसी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल झुलसे और गंभीर रूप से घायल मरीजों से भर गए हैं, कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### रेस्क्यू हेलिकॉप्टरों को मदद के लिए भेजा

स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर कुछ मिनट में रेस्क्यू हेलिकॉप्टर उड़ते नजर आए। स्विस मीडिया के मुताबिक, सभी उपलब्ध रेस्क्यू हेलिकॉप्टर राहत कार्य में लगाए गए हैं, जबकि पड़ोसी देश इटली ने भी एक हेलिकॉप्टर मदद के लिए भेजा है। पुलिस ने हादसे के बाद की कुछ तस्वीरें जारी की हैं, जिनमें बार की जली हुई छत, बिखरी कुर्सियां और टूटे फर्नीचर दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल फुटेज में रेस्क्यू टीमों को घायलों को अस्पताल ले जाते देखा जा सकता है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और स्विस पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पर तैनात हैं।

### उधर, एम्सटर्डम के ऐतिहासिक चर्च में भीषण आग, दर्जनों की मौत

**एम्सटर्डम, जेएनएन।** नए साल का जश्न एम्सटर्डम में मातम में बदल गया। तड़के शहर के वोंडेल पार्क के पास स्थित 154 साल पुराने वोंडेलकेर्क चर्च में भीषण आग लग गई। आग आधी रात करीब 12.45 बजे, आतिशबाजी के तुरंत बाद शुरू हुई और तेजी से लकड़ी से बनी पुरानी इमारत में फैल गई। चंद घंटों में आग चर्च की ऊंची मीनार तक पहुंच गई, जो करीब 2.30 बजे ढह गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में दर्जनों लोगों की मौत हुई है और करीब 100 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में जलती मीनार और धुएं का विशाल गुबार दिख रहा है।

### और... अलेप्पो में आत्मघाती हमला

**अलेप्पो, जेएनएन।** नए साल पर सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में आत्मघाती हमले ने जश्न को मातम में बदल दिया। देर रात बाब अल-फराज इलाके में सुरक्षा गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति ने खुद को विस्फोटक बेल्ट से उड़ा लिया। इस हमले में आंतरिक सुरक्षा बल का एक जवान शहीद हो गया, जबकि दो अन्य जवान घायल हुए हैं। सुरक्षाबल नए साल में सुरक्षा के तहत गश्त कर रहे थे और संदिग्ध को रोका था।

# आर्थिक मदद के बहाने प्रापर्टी डीलर ने इवेंट मैनेजर युवती से रातीबड़ के जंगल में धमकाकर किया रेप

### धमकी देकर भाग निकला था आरोपी, बाद में किया गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** रातीबड़ इलाके में स्थित जंगल में एक युवती के साथ रेप की घटना सामने आई है। आर्थिक मदद के बहाने प्रापर्टी डीलर ने उसे नेहरू नगर बुलाया था। इसके बाद घुमाने के नाम पर जंगल ले गया। यहां डरा-धमकाकर युवती से दुष्कर्म किया। युवती ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानाकरी के अनुसार, कुछ दिनों पहले युवती और प्रॉपर्टी डीलर समीर में दोस्ती हुई थी। पिछले दिनों अचानक युवती की मां की तबीयत बिगड़ गई। इसके लिए युवती को 5 हजार रुपए की जरूरत थी। उसने समीर से 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद मांगी। बुधवार दोपहर को समीर ने युवती को पैसे देने के लिए नेहरू नगर बुलाया। जहां से घुमाने के बहाने उसे केरवा के जंगल में ले गया। यहां उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग निकला। घटना के बाद पीड़िता ने डायल-112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी लगते ही एक महिला सब इंस्पेक्टर और टीम मौके पर पहुंची। पीड़िता के बयान दर्ज किए। इसके बाद उसका मेडिकल कराया। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज आरोपी समीर को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



### सहेली के माध्यम से हुई थी पीड़िता और आरोपी की दोस्ती

पुलिस के मुताबिक, अशोका गार्डन निवासी 19 वर्षीय युवती इवेंट मैनेजर का काम करती है। कुछ दिनों पहले एक सहेली के माध्यम से समीर उर्फ जहूर से उसकी दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों में मेल जोल बढ़ गया। समीर शादीशुदा है और प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है।

### 1 फरवरी से महंगी हो जाएंगी सिगरेट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगले महीने से सिगरेट पीना और महंगा हो जाएगा। सरकार के नए फैसले के बाद 15 रुपए में मिलने वाली सिगरेट 17-18 रुपए तक पहुंच सकती है। सरकार ने सिगरेट पर लगने वाला कंपनसेशन सेस हटाकर उसकी जगह एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है, ताकि राजस्व घाटे की भरपाई की जा सके। नोटिफिकेशन के मुताबिक, 1 फरवरी 2026 से सिगरेट पर प्रति 1,000 स्टिक 2,050 रुपए से 8,500 रुपए तक एक्साइज ड्यूटी लगेगी। बढ़ा हुआ टैक्स कंपनियां उपभोक्ताओं पर डालेंगी, जिससे सिगरेट की कीमतों में करीब 20 फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है।

**15 वाली सिगरेट 18 रुपए तक पहुंचने के आसार**

# प्लेन उड़ाने से पहले एयर इंडिया पायलट ने पी शराब, टेस्ट में फेल

## शिकायत के बाद फ्लाइट से उतारा और ड्यूटी से हटाया गया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कनाडा के वैंकूवर से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट के पायलट को विमान से उतार दिया गया। पायलट पर शराब पीने का आरोप था। फ्लाइट टेक-ऑफ करने वाली थी। तभी वैंकूवर एयरपोर्ट के एक स्टाफ ने पायलट को वाइन पीते हुए देखा। जिसके बाद कर्मचारी ने अधिकारियों से शिकायत की। कनाडाई अधिकारियों पायलट के पास जांच करने पहुंचे तो उसके मुंह के पास से महक आई। फिर पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट लिया गया। जिसमें वह फेल हो गया।




एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार फ्लाइट को ऑपरेट करने के लिए एक दूसरे पायलट को रोस्टर में शामिल किया गया था।

### खराबी के बावजूद उड़ी फ्लाइट

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के एक पायलट को तकनीकी खराबी वाला प्लेन उड़ाने के लिए शो-कॉज नोटिस जारी किया है। यह मामला गुरुवार को सामने आया। फ्लाइट एआई-358 और एआई-357 हैं। विमान में पहले से कई तकनीकी खराबियां दर्ज थीं। इसके बावजूद विमान ऑपरेट किया गया। फ्लाइट के लेफ्ट एयर साइकिल मशीन और पैक मोड से जुड़ी चेतावनी मिली। साथ ही दरवाजे के पास धुएं जैसी गंध की शिकायत भी हुई। फिर भी विमान ऑपरेट किया गया।

**खरीददारी** | भारत के अल्ट्रा-रिच वर्ग में बढ़ रहा गुलाबी, नीले और पीले हीरों का चलन

# देश के कुबेरों को लुभा रहे हैं रंगीन हीरे, रिर्टन भी अच्छा

**कोलकाता, जेएनएन।** भारत के अल्ट्रा-रिच वर्ग में गुलाबी, नीले और पीले जैसे रंगीन (फैंसी) हीरों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। ये हीरे पारंपरिक सफेद हीरों की तुलना में कहीं ज्यादा दुर्लभ हैं और अब इन्हें सिर्फ आभूषण ही नहीं, बल्कि निवेश के रूप में भी देखा जा रहा है। बीते एक साल में इनकी मांग 20-25 फीसदी तक बढ़ी है, जबकि कीमतें 5 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए प्रति कैरेट तक पहुंच रही हैं।

व्यापारियों और ज्वैलर्स के मुताबिक, महामारी के बाद भारत रंगीन हीरों के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल हो गया है। इसकी वजह एक नई पीढ़ी के वैश्विक रूप से जुड़े, एसेट-फोकस्ड अल्ट्रा हाई नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स हैं, जो पोर्टफोलियो में वैकल्पिक निवेश तलाश रहे हैं।

कीमतों की बात करें तो सफेद हीरे आमतौर पर कट और क्लैरिटी के आधार पर 1 लाख रुपए से 7 लाख रुपए प्रति कैरेट मिल जाते हैं। वहीं, गुलाबी हीरे 15 लाख रुपए से 5 करोड़ रुपए, नीले हीरे 25 लाख रुपए से 5 करोड़ रुपए और अपेक्षाकृत सस्ते पीले हीरे 5 लाख रुपए से 15 लाख रुपए प्रति कैरेट तक बिक रहे हैं।

कीमतों में दीर्घकालिक बढ़त ने भी मांग को सहारा दिया है। रुपये में देखें तो पिछले 20 वर्षों में गुलाबी हीरों की कीमतें करीब 10 गुना, नीले हीरों की 6-7 गुना और पीले हीरों की लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। नए खदानों की कमी के कारण इनकी दुर्लभता और बढ़ रही है।

मुंबई के अनमोल ज्वेलर्स के संस्थापक ईशु दतवानी के अनुसार, कोविड के बाद ग्राहक दुर्लभ चीज़ों पर ज्यादा खर्च करने को तैयार हैं। वैश्विक ब्रांड्स जैसे चोपर्ड और कार्टियर के संपर्क में आए भारतीय अब उन्नत रुचि के अनुरूप डिजाइन चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया, रूस और दक्षिण अफ्रीका से कच्चे पीले हीरे मंगाकर सूरत में कट-पॉलिश किए जा रहे हैं। वैश्विक नीलामी बाजार में भी रंगीन हीरे चमक रहे हैं। नेचुरल डायमंड काउंसिल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में बाजार में आए फैंसी कलर हीरों का अनुमानित थोक मूल्य 4.5 अरब डॉलर से अधिक रहा—जो इस सेगमेंट की बढ़ती निवेश क्षमता को रेखांकित करता है।

### 20-25 फीसदी तक बढ़ी है बीते एक साल में रंगीन हीरों की मांग

**05** लाख से 5 करोड़ रुपए प्रति कैरेट तक पहुंच गई है कीमत

**20** साल में गुलाबी हीरों की कीमतें 10 गुना और नीले हीरों की 6-7 गुना बढ़ चुकी हैं कीमतें

**02** गुना बढ़ी हैं बीते दो दशक में पीले हीरों की कीमत



यह हैं कीमतें (प्रति कैरेट में)

| सफेद हीरे | गुलाबी हीरे | नीले हीरे | पीले हीरे |
|---|---|---|---|
| 1 लाख से 7 लाख रुपए | 15 लाख से 5 लाख रुपए | 25 लाख से 5 लाख रुपए | 25 लाख से 5 लाख रुपए |

### टियर-2 के अमीरों की पसंद हैं पीले हीरे

मुंबई स्थित पी हिरानी एक्सपोर्ट के सह-संस्थापक दरशित हिरानी का कहना है कि दुनिया भर में सेलिब्रिटी और उद्योगपति शादियों व खास मौकों पर रंगीन हीरे अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'समृद्ध भारतीय भी इस वैश्विक ट्रेंड का हिस्सा बनना चाहते हैं। टियर-2 शहरों के अल्ट्रा रिच के लिए पहली खरीद के तौर पर पीले हीरों में रुचि दिखा रहे हैं।'

# दबंगई: आरोपी को पुलिस से छुड़ा कर ले गए साथी

## बुरहानपुर: जंगल में चल रही थी अवैध हथियार फैक्ट्री

**जागरण, बुरहानपुर।** जिले के पाचोरी जंगल में एक झोपड़ी में अवैध हथियारों की फैक्ट्री चल रही थी। खकनार थाना पुलिस ने इसका खुलासा किया, लेकिन इस दौरान मुख्य आरोपी को उसके साथी पुलिस से छुड़ाकर ले गए।

अवैध हथियार निर्माण के लिए कुख्यात पाचोरी गांव से कुछ दूर जंगल में झोपड़ी बनाकर सिकलीगर देशी पिस्टलों का निर्माण कर रहे थे। पुलिस जंगल पहुंची तो मुख्य आरोपी रेहराज और दो अन्य युवक मौजूद थे, लेकिन घेराबंदी के बावजूद वे फरार हो गए। पुलिस की एक टीम आरोपियों के पीछे गई और रेहराज को पकड़ भी लिया, लेकिन बड़ी संख्या में साथी पहुंचे और उसे पुलिस की हिरासत से छुड़ा ले गए। पुलिस को पांच निर्मित पिस्टल, सात अर्ध निर्मित पिस्टल, हथियार बनाने वाली सामग्री और औजार मिले हैं। पुलिस ने रेहराज सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।



> मुख्य आरोपी रेहराज थाने का निगरानीशुदा बदमाश है, उसके खिलाफ खकनार थाने में आर्म्स एक्ट के दो केस दर्ज हैं।
>
> **- अभिषेक जाधव,** थाना प्रभारी

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## संघर्षों के मोर्चे पर दुनिया में अमन-चैन बहाल हो

*दुनिया के मोर्चे पर इम्तिहान और इंतजार का साल बिताने के बाद हम उम्मीद करें कि अब यह नया साल अमन-चैन की बहाली का होना चाहिए। रूस-यूक्रेन और इजरायल-फलस्तीन के अलावा भी दुनिया में कम से कम दस बड़े संघर्ष ऐसे चल रहे हैं, जहां इंसानी खून का बहना बंद नहीं हुआ है। ऐसा लग रहा था कि साल 2025 का समापन रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध-विराम के साथ होगा, लेकिन अफसोस, ऐसा हो न सका। साल 2026 रूस के लिए उदारता का साल होना चाहिए। इजरायल-फलस्तीन के बीच संघर्ष-विराम तो हुआ है, पर उसकी धज्जियां कब उड़ जाएंगी, यह कहना मुश्किल है। विशेष रूप से पश्चिम एशिया के देशों को बदले की भावना से बाहर निकलना होगा। ईरान के शासन को अपने लोगों की ज्यादा चिंता करनी चाहिए। एक बड़ी चिंता चीन को लेकर भी है कि उसकी साम्राज्यवादी नीतियां कभी भी विश्व व्यवस्था में बदलाव ला सकती हैं। हम उम्मीद कर सकते हैं कि चीन और अमेरिका जैसे देश नए साल में विश्व में समाधान का हिस्सा बनेंगे, समस्याओं का नहीं।*

*भारत के लिए भी हमें आंतरिक राजनीति और वैदेशिक मोर्चे पर भी खटास के घटने की उम्मीद करनी चाहिए। आज भारत के विकास के लिए सबको एकजुट होने की जरूरत है। राजनीतिक विद्वेष से देश का भला नहीं होगा। अव्वल तो नया साल माओवादी हिंसा का आखिरी वर्ष हो, यहां से हमें आतंकवाद को उसके आखिरी अंजाम तक पहुंचाने के लिए सक्रिय होना पड़ेगा। असामाजिक, आतंकी या हिंसक तत्वों के साथ ठीक उसी तरह से निपटना चाहिए, जैसे अमेरिका या चीन में किया जाता है। यह नया वर्ष हिंसा के प्रति शून्य सहिष्णुता को समर्पित होना चाहिए, इससे भ्रष्टाचार में भी कमी आएगी। अमन-चैन के पक्ष में पूरी कड़ाई करते हुए भी हमें बहुत सावधान रहना होगा। आंतरिक नस्लभेद, क्षेत्रवाद के प्रति सरकारों को संवेदनशील होना चाहिए। संभव है, घुसपैठियों के लिए यह वर्ष निर्णायक हो, किंतु घुसपैठ के नाम पर भारतीय नागरिकों को रत्ती भर भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। आज हमारे लिए आर्थिक-सामाजिक मोर्चे पर पूरा ध्यान देना जरूरी है। रोजगार और उद्यम विकास के बड़े प्रयासों की प्रतीक्षा रहेगी। नए वर्ष में युवाओं को सकारात्मक कामों, अभियानों में व्यस्त रखने के लिए अनेक उपक्रम करने पड़ेंगे। सरकार उचित ही शिक्षा व कौशल विकास पर ध्यान दे रही है, लेकिन महिला सुरक्षा के साथ ही, यह बुजुर्गों के लिए भी सामाजिक सुरक्षा का वर्ष होना चाहिए।*

*आज सबसे बड़ी उम्मीद यही है कि यह इंसानियत का साल हो। लोगों के बीच परस्पर कद्र व फिक्र बढ़े। जाति, नस्ल, क्षेत्र, मजहब आदि बंधनों से ऊपर उठकर इंसानियत का झंडा बुलंद किया जाए। बीते साल को बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा के लिए भी याद किया जाएगा, यह भी इंसानियत के अभाव से जुड़ी समस्या है। इसका कोई असर भारत में नहीं पड़ना चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, सद्भाव व समझदारी से ही मनुष्यता का विकास होता है। इतिहास गवाह है, जब कभी इंसानों ने घृणा और विद्वेष की बुनियाद पर समाज गढ़ने की कोशिश की है, तब-तब इंसानियत हारी है। अतः दिल में इंसानियत को हमेशा बनाए रखना समाज, देश और दुनिया का सबसे बड़ा इम्तिहान है। इस परीक्षा में अव्वल आने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए।*

प्रसंगवश

## आशंकाओं से भरी बाबा वेंगा की भविष्यवाणियां

*आज नफरत, सांप्रदायिकता, हिंसा, युद्धों, दंगों और अंततः हत्याओं का दौर है, लेकिन इनके खिलाफ, नए साल के समय में, एक संकल्प लेना है। मानवीय संकल्प लेना है और उसकी शुरुआत व्यक्ति के स्तर पर ही होती है। धीरे-धीरे वह संकल्प विस्तार पाता है और फिर समय बदलता है।*

*बाबा वेंगा की कुछ भविष्यवाणियां सामने आई हैं। उनमें से दो मानव के विनाश और विध्वंस की हैं। एक, 2026 में तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। दूसरी, नए साल में भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसी रपट एक अमरीकी थिंक टैंक 'सीएफआर' ने भी जारी की है। कश्मीर में नए सिरे से सक्रिय और फैल रहे आतंकवाद के मद्देनजर भारत पाकिस्तान को सबक सिखा सकता है। भारत ने अपनी ऐसी नीति पहले ही बयां कर दी थी कि कोई भी आतंकवादी प्रयास 'युद्ध' माना जाएगा और अब भारत ऐसे युद्ध का जवाब देने को तैयार है। यह बाबा वही हैं, जिन्होंने अमरीका में 9/11 आतंकी हमले, सोवियत संघ के विघटन और राजकुमारी डायना की मौत की भविष्यवाणियां भी की थीं। हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि इस बार बाबा की घोषणाएं 'असत्य' साबित हों और युद्ध की व्यापक और हत्यारी विभीषिकाओं की नौबत न आए।*

*शांति की मेज पर ही समझौते हो जाएं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध से ताइवान और मध्य-पूर्व तक सामरिक तनाव पसरे हैं। समय के इन यथार्थों को कैसे नकारा जा सकता है? बाबा ने इस साल में प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक संकट की भी भविष्यवाणी की है। युद्ध और तनाव की बुनियाद में नफरत ही है, हिंसा और हत्याएं उसी भाव से उपजती हैं। ऐसे ही खतरों को भांपते हुए पेरिस, सिडनी, टोकयो सरीखे खूबसूरत महानगरों में नए साल के जश्न रद्द कर दिए गए। अमरीका के लॉस एंजेलिस में 4 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे आतंकी हमले की साजिश बेनकाब हुई है। भारत समेत कई और देशों में भी 'अलर्ट' की स्थितियां हैं। उप्र के गाजियाबाद में तलवारों की नुमाइश सजाई गई और हिंदू कार्यकर्ताओं में तलवारें बांट कर आह्वान किया गया कि वे हिंदुओं को मारने वाली ताकतों के खिलाफ आक्रामक हो जाएं। समय के हर दौर में ऐसी आसुरी ताकतें उभरती हैं, लेकिन उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पटक दिया जाता है, जैसा उप्र में किया गया है। सीमापार, पड़ोसी बांग्लादेश में बजेन्द्र बिस्वास नामक एक और हिंदू की, गोलियां मार कर, हत्या कर दी गई। हिंदुओं की हत्याओं के सिलसिले जारी हैं। बुनियाद में नफरत और हिंदू-विरोध क्यों है? भारत और हिंदुओं ने तो बांग्लादेश की मुक्ति, आजादी में बेहद महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस सवाल का तार्किक जवाब समय ही दे पाएगा। उत्तराखंड के देहरादून में त्रिपुरा के एक युवा छात्र को नस्लभेद का शिकार होना पड़ा। अंततः उसकी मौत हो गई। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने इसी घटना पर एक जनहित याचिका स्वीकार की है। क्या 21वीं सदी में भी नस्लभेद का समय है, यह एक यक्ष प्रश्न है? उप्र के बरेली शहर में धर्म और लव जेहाद की आड़ में मारा-पीटी की गई। जय सिया राम के नारों को बदनाम किया गया। हालांकि पुलिस ने बवालियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुजरात के अहमदाबाद में दो गुटों में झड़प हो गई। फिर वही हिंदू-मुसलमान..! एक मुफ्ती ने फतवेनुमा बयान दिया था कि मुसलमान नए साल का जश्न न मनाएं, क्योंकि यह इस्लाम-विरोधी है, हराम है। नया साल यूरोपीय संस्कृति का हिस्सा है। इस्लामिक नया साल मुहर्रम के बाद शुरू होता है। जश्न मनाने वाले मुसलमान के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी भी दी गई। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, लेकिन अब नया साल आ चुका है, लिहाजा नए जोश, नई उम्मीद, नए लक्ष्य और नए संकल्प के साथ इन लम्हों को जीने की कोशिश करें। जो बीत गया, सो बीत गया, अतीत हो गया, उसे अंधे कुएं में जाने दें, बिल्कुल भी अफसोस न मनाएं। वह सिर्फ एक समय था और आज का समय आपके सामने, साथ है। निर्लिप्त रहने की जरूरत नहीं है। समय के साथ संलिप्त हों, क्योंकि वही सत्य है, यथार्थ है और समय खूबसूरत ही होता है।*



# कोहरा चीर कर चमकेगा सूरज...



**कितना भी शोर मचाओ,**
**समय की नींद नहीं टूटती**
**चाहे कितना भी खटखटाओ,**
**वक्त का बंद दरवाजा नहीं खुलता**
**वक्त की चाल को अगर समझना है,**
**वक्त की रफ्तार को अगर बदलना है,**
**तो अपने ही मन की गहराइयों में जाओ,**
**बुद्धि के अंधकार को तोड़,**
**आत्मा के उजालों में खो जाओ,**
**गहरे ध्यान में डूब जाओ।**

जब कोई ध्यान में डूबता है... तब संसार का कोलाहल शाँत हो जाता है... जब किसी मानव की दृष्टि बाह्य न हो कर... स्वयं उसी के अपने अंदर पसरे हुए अंधेरे को चीरती हुई... उसके अपने ही अंदर छिपी हुई अभंग चिंगारी पर केन्द्रित हो जाती है... वह अभंग चिंगारी... जिसे हम ''आत्मा'' कहते हैं... जब उस पर किसी की आंतरिक दृष्टि टिक जाती है... तब उसे प्राप्त हो जाता है ऊर्जा का एक अजस्र स्रोत...

जब कोई मौन हो जाता है... ध्यान में डूब जाता है... जब कोई अपने ही अंधेरों को चीरता हुआ अपने में ही लीन हो जाता है... तब उसे स्वयं अपने में असीम शाँति और ऊर्जा की प्राप्ति हो जाती है... कभी किसी भी वृक्ष को ध्यान से देखो और विचार करो... उसे ऊर्जा कहाँ से प्राप्त होती है...? तुम्हें सहज ही उत्तर मिलेगा कि... वृक्ष को ऊर्जा उसकी जड़ों से मिलती है... न कि वृक्ष को ऊर्जा उसके पत्तों से मिलती है... भले ही पल्लव और पुष्प... शाखायें और टहनियाँ वृक्ष का बाह्य और सुंदर रूप हों... भले ही वह उसकी पहचान और शान हों... किन्तु प्राण व ऊर्जा तो वृक्ष को उसकी वह जड़ें ही देती हैं जो अदृश्य हैं... जो धरती के अंदर गहन अंधेरे में समायी रहती हैं...




ऊर्जा के स्रोत बाहरी नहीं आंतरिक होते हैं... ऊर्जा के स्रोत... ऊर्जा के केन्द्र खुद कभी अपने लिए कुछ संचय नहीं करते... अपितु अपने श्रम और साध्य से संचित ऊर्जा को वह सब में बाँट देते हैं... ऊर्जा के स्रोत तो हमेशा ही गर्भ में रहते हैं... माँ की अंधेरी कोख में सोया बच्चा... गर्भ के अंधकार में डूबा हुआ... प्राण-सांस-भोज्य रंग-रूप-आकार... ऊर्जा-इंद्रिय और सौभाग्य को प्राप्त करता हुआ... बिना अपने किसी प्रयास के... ऊर्जा के आंतरिक स्रोतों से बढ़ता हुआ जीवन को प्राप्त करके... एक दिन इस विश्व के क्रीड़ांगन में खेलने लगता है...

माँ के गर्भ के जैसे ही जब किसी भी बीज को धरती माता की कोख मिल जाती है... पृथ्वी की अंधेरी गहराइयों में डूबी धरणी की कोख पाकर बीज कैसे गल जाता है... और पृथ्वी की उस आंतरिक ऊर्जा से मिले प्राणों का संचय कर... कैसे वह बीज धरती की कोख को चीरते हुए... एक नन्हीं सी कोपल बन कर इस... विश्व में प्रस्फुटित हो कर लहराने लगता है... कैसे निरंतर आंतरिक ऊर्जा को प्राप्त करते हुऐ... वही छोटी सी अंकुरित कोपल... पौधा बन देखते-देखते विशाल वट वृक्ष बन कर... बड़ी-बड़ी तूफानी बिजलियों से टकरा जाती है... कैसे उसकी शाखायें और पल्लव वर्षा के प्रचंड वेग को अपने ऊपर झेल जाते हैं... शिशिर ऋतु की ठिठुरन... गर्मी के सूरज की तपन... जो सब कुछ सहज ही सहन कर ले... प्राण शक्ति... ऐसी प्रबल जीवन ऊर्जा... वृक्ष को आखिर उसकी ऐसी धरती के अंधेरों में समायी हुई जड़ों से ही तो मिलती है न...! जमीन के अंदर छिपी हुई जिन छोटी-छोटी जड़ों ने बीज को कभी धरती की कोख में गलाकर... एक नन्हीं सी कोपल बनाकर... पृथ्वी के बाहर भेजा था जग को शीतलता बांटने... संसार को छाया देने... पक्षियों को नीड़ देने... भूखों को फल देने... बेसहारा असहाय पशुओं को... वर्षा और ग्रीष्म से बचाते हुऐ शरण देने... वही धरा के गर्भ में समायी हुई जड़ें ही तो अक्षय ऊर्जा देती हैं... अपनी संतान को...

अपने अंतःकरण का रहस्य जब-जब मनुष्य को समझ में आया है... तब-तब उसे अपने ही अंतःकरण से असीम प्राप्त ऊर्जा मिली है... जिस से सम्पूर्ण जगत की मानवता जगमगा उठती है... वह मानवता... जो धरती की गोद में... अलग-अलग रंग-रूप-नाम-विचार-धर्म धारण किये विचरण करती है...

गौतम बुद्ध... महावीर... ईसा... नानक देव... हजरत मोहम्मद आदि-आदि ऐसे ही तो महाजीव थे... जिन्होंने अपने अंतर की ऊर्जा को... ध्यान की गहराइयों में डूब कर खोजा था... और अपनी ऊर्जा के इस उत्सव को संसार भर को बांटा था...

चाहे जड़ हो या कि चेतन... भले ही जीव और जीवन का वह भले कोई भी रूप क्यों न हो... ऊर्जा उसे हमेशा उसी के अंदर से ही मिलती है...

**तम का हर कोहरा चीरकर चमकेगा सूरज**
**चमक उठेंगी ठिठकी नंगी भूरी डालें**
**फिर थिरकेगी पछिया बहार**
**सजने लगेंगी नीम की डालियाँ**
**कोमल कोपलों से**
**खिलखिला कर हंस पड़ेगा कचनार**
**गुदगुदा उठेगा अमलतास का पोर-पोर**
**पीले फूलों और फलियों के अंदर**
**तम का हर कोहरा चीर कर चमकेगा सूरज**
**फिर चमक उठेंगी वृक्षों की**
**ठिठकी नंगी भूरी डालें**
**जब-जब मिलेगी उन्हें**
**धरती की कोख में समायी**
**जड़ों से नई ऊर्जा... नई ऊर्जा**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

विकास यात्रा — **हम तरक्की के लिए उड़ान भर चुके हैं, अपने कर्तव्यों की पेटियां बांध लें।**

## पूरे हों रोजगार व स्वच्छ पर्यावरण के दावे

**नरेश कौशल**

यह ठीक है कि पिछले सालों में हमने खूब तरक्की की है। मगर जो तरक्की की दौड़ में पिछड़ गए हैं, उनका भी ख्याल होना चाहिए। ऊंची उड़ान के दौरान पीछे के स्याह सच को भी देखना जरूरी था। नये साल में देश को समावेशी विकास की जरूरत है। जरूरी है कि महिला आबादी के लिए न्याय व समानता यकीनी बने। सभी तबकों के लिए सुरक्षा, रोजगार व स्वच्छ पर्यावरण के दावे भी हकीकत बनें।

साल की आखिरी रात सारे देश में मौज-मस्ती का माहौल रहा। लोग होटलों में लाइन लगाकर जगह तलाशते रहे। मॉल से लेकर क्लबों तक में रंगारंग कार्यक्रम व अलग-अलग मौज-मस्ती के तौर-तरीके आजमाए जाते रहे। लेकिन ऐसे शोरगुल में उस बड़ी आबादी की चीख-पुकार गुम होकर रह गयी जो सड़कों और रैन बसेरों में रात काट रही थी। समाज के आखिरी छोर पर खड़े सभी लोगों को हमें अगले सफर पर साथ लेकर चलना होगा। हम तरक्की के रन-वे पर उतरने के लिये उड़ान भर चुके हैं। अपने कर्तव्य की पेटियां बांध लें।

बीते सफर में हमने जो हासिल किया और जो गंवाया, उस पर मंथन की भी जरूरत है। सरकारों ने हमें विकास की उजली तसवीर दिखायी है। इसमें दो राय नहीं है कि हमने तमाम क्षेत्रों में कामयाबी की उड़ान भरी थी। लेकिन ऊंची उड़ान के दौरान नीचे के स्याह सच को भी देखना जरूरी था। देश में बेरोजगारी कम होती नजर नहीं आई है। जब-तब सांप्रदायिकता का फन सिर उठाता रहा। आर्थिक गैर-बराबरी दूसरी बड़ी चुनौती है। अमीर और अमीर तथा गरीब ज्यादा गरीब होता रहा है। कामयाबी की उस उड़ान के वक्त धरातल की हकीकत पर नजर डालनी चाहिए थी। अब जब हम नये साल के रन-वे पर उतरने को तैयार हैं तो कृपया अपने कर्तव्य की पेटी बांध लें।

यह एक कड़वी हकीकत है कि महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय कम नहीं हुए। कई इलाकों से यौन हिंसा की खबरें अकसर आती रहीं। सेंगर प्रकरण की पूरे देश में गूंज रही। फिर देश की सबसे बड़ी अदालत ने हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत पर तीखी प्रतिक्रिया के बाद उसे रोक दिया। सवाल फिर वही है कि क्या एक नागरिक के रूप में हम अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहे? क्या हम प्रभावशाली राजनेताओं को कठघरे में खड़ा करने के लिये पीड़ित के साथ खड़े हुए?



क्या हम और सरकार लोकतांत्रिक मर्यादा के साथ बंधे रहे?

पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने संसद में देश के गिग-वर्कर्स का मुद्दा उठाया, जो अपनी जान जोखिम में डालकर ग्राहकों का ऑर्डर डिलीवर करते हैं। एक तरफ उन्हें कंपनियों के मालिकों के सख्त व्यवहार का शिकार होना पड़ता है, वहीं किसी कारण अगर ऑर्डर डिलीवरी देने में तकनीकी कारणों से देरी होती है तो उन्हें लोगों के गुस्से का शिकार बनना पड़ता है। लोग कुछ मिनट देर होने पर उन्हें अनाप-शनाप कहने से पीछे नहीं हटते। हालांकि, हाल ही में केंद्र सरकार ने गिग वर्करों के वेतन, सेवा शर्तों व चिकित्सा सुविधा देने को अनिवार्य किया, लेकिन कंपनियों के मालिक उनके वाजिब हक देने को राजी नहीं दिखते। जिसकी वजह से डिलीवरी करने वाले गिग-वर्कर आंदोलन के रास्ते चलने को तैयार बैठे हैं। छोटे दुकानदारों का अलग दर्द है कि जब से मॉल और ऑनलाइन कारोबार ने रफ्तार पकड़ी, उनका धंधा चौपट होता गया है। भले हम दुनिया में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था की ओर उडारी भरने को उत्सुक हैं, मगर पिछड़ों व वंचितों को भी साथ लेकर चलने की दिशा में बढ़ते हुए कृपया अपने कर्तव्यों की पेटी बांध लें।

वैसे, देश में प्रधानमंत्री के उद्घोष 'न खाऊंगा और न खाने दूंगा' का मंत्र सिरे चढ़ता नजर आ रहा है। यूं तो देश में भ्रष्टाचार की कमी नहीं है लेकिन राजग सरकार व भाजपा शासित राज्यों के मंत्री आमतौर पर भ्रष्टाचार से कन्नी काटते नजर आए। वहीं यह अच्छी बात है कि राजग सरकारों ने शिक्षा नीतियों में बड़े बदलाव किए। पाठ्यक्रमों में इतिहास की जानकारी में बदलाव भले हों मगर यह सब धर्मनिरपेक्ष ढांचे में हो तो बेहतर है। यह सुनिश्चित हो कि सांप्रदायिकता के उफान की कीमत अल्पसंख्यकों को चुकानी न पड़े।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले अत्याचार की पूरी दुनिया में खासी चर्चा देखी-सुनी गई है। यह हकीकत है कि किसी समाज में धर्म व संप्रदाय के नाम पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। यह सरासर मानवता के खिलाफ अपराध कहा जाएगा। यहां हमारे देश के कर्ता-धर्ताओं को सोचना होगा कि क्या देश में कहीं धर्म व सांप्रदायिकता के आधार पर भेदभाव तो नहीं हो रहा है। कहीं बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा भारत की घटनाओं का प्रतिकार तो नहीं है? हमें भारत की सनातन परंपरा के अनुसार सभी धर्मों के लोगों की आस्था व विश्वास का सम्मान करना होगा। यह तभी होगा जब हम अपने मौलिक अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करेंगे। तभी देश की तरक्की की उड़ान सही दिशा में होगी।

बीते साल में हमने देश में अंतरिक्ष से लेकर विज्ञान-तकनीक के क्षेत्र में खूब तरक्की की है। विकास का सूचकांक ऊंचा है। सकल घरेलू उत्पाद दर दुनिया में सबसे ऊंची बतायी जा रही है। मगर सोचना पड़ेगा कि क्या वाकई गरीबी के आंकड़े कम हो रहे हैं? देश की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण जानलेवा बन रहा है। अरावली का संकट फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के अपने फैसले पर रोक लगाने पर कुछ दिन के लिये टल गया है। मगर हमारा हवा-पानी साफ क्यों नहीं हो रहा है? गुरु नानक देव जी ने कहा है- 'पवन गुरु, पाणी पिता, माता धरति महतु।' यानी वायु गुरु हैं, जल पिता हैं और पृथ्वी सबकी महान माता हैं। सवाल यह है कि क्या हम वायु, जल व पृथ्वी को आज ऐसा सम्मान दे रहे हैं? अब वक्त आ गया है कि हम सब मिलकर स्वच्छ पर्यावरण बनाने के संकल्प की उड़ान के लिये कर्तव्य की पेटी कस कर बांध लें। इस साल में तरक्की के रास्ते सरकार व समाज के साझे प्रयासों से तय होंगे। यह ठीक है कि पिछले सालों में हमने खूब तरक्की की है। मगर जो तरक्की की दौड़ में पिछड़ गए हैं, उनका भी ख्याल होना चाहिए। हमारी विकास यात्रा की अच्छाइयां तो दिखायी जाती हैं। तरक्की के दावे तो दर्शाए जाते हैं, लेकिन इस दौड़ में पिछड़ने वाले बेरोजगार, गरीब व वंचितों की तस्वीर नहीं दिखायी जाती है। नये साल में देश को समावेशी विकास की जरूरत है। तो आइये हम सब एक साथ दायित्व बोध की अंगड़ाई लें, संकल्प की पेटियां थाम लें, हम कर्तव्य पथ पर उतर चुके हैं।

खुला मंच

## उम्मीदों का एक बार फिर रीचार्ज

**शमीम शर्मा**

हम असफलताओं को बीते साल के खाते में डाल देते हैं और आने वाले साल से ऐसी उम्मीदें करते हैं, जैसे वह कोई जादूगर हो। नए साल की बाट तो हम यूं देख रहे थे जैसे द्रौपदी का चीरहरण हो रहा हो और कहीं से श्रीकृष्ण प्रकट हो जाएंगे। जैसे घर में 39 साल का बेटा अचानक बोलेगा- हां मां, अब शादी कर ही लेता हूं। या घर बैठी बेटी को ले जाने के लिए नए साल की सुबह बटेऊ आयेगा और बिटिया ससुराल चली जाएगी। हम नए साल से चमत्कार की उम्मीद ऐसे करते हैं जैसे तारीख बदलते ही नियति की फाइल भी पलट जाएगी।

असल में नया साल कोई श्रीकृष्ण नहीं जो संकट में सुदर्शन चक्र घुमा दे। घड़ी की सुई है जो घूमती रहती है, हालात वहीं अटके रहते हैं। फिर भी हम हर 31 दिसंबर दिल को समझाते हैं कि शायद इस बार कुछ तो बदलेगा। यही उम्मीद हमें हर साल धोखा देती है और हर साल जिंदा भी रखती है।

एक बच्ची ने मां से मासूमियत से पूछा- मां, आज नए साल में क्या नया होगा? मां ने कहा- अब पांच की जगह छह लिखना होगा। बच्ची ने फिर पूछा- और? मां बोली- वही ठंड, वही धुएं से भरी हवा, वही रसोई और दफ्तर की चक्की और वही उम्मीद कि शायद अगले साल कुछ बदलेगा। यही तो नए साल की असली परिभाषा है- उम्मीद को रीचार्ज करना, हालात को नहीं।

2025 आज 2026 हो गया है। कैलेंडर जरूर बदल गया है, पर लाइन वही रहती है- कभी राशन की, कभी अस्पताल की, कभी बेरोजगारी की। साल बदलने से सिर्फ तारीख बदलती है, तकदीर नहीं। नया साल हमें और ज्यादा आशावादी बना देता है। हम असफलताओं को बीते साल के खाते में डाल देते हैं और आने वाले साल से ऐसी उम्मीदें करते हैं, जैसे वह कोई जादूगर हो।

नया साल आते ही सिर्फ कैलेंडर पलटता है, नीतियां नहीं। 31 दिसंबर की रात जनता पटाखे जलाती है और 1 जनवरी की सुबह फिर वही धुआं सूंघती है, महंगाई का, बेरोजगारी का, वादों का। असाधारण बात यह है कि दुनिया नए साल से नहीं चलती, वह रोज सुबह उठने वाले आम इंसान से चलती है जो बिना किसी संकल्प के, हर दिन पहले की तरह ही जुता रहता है।

**चलते-चलते...** एक ताऊ सुरजे नैं नत्थू तै बूज्झी- हां रै! तू रोज पीये करै या किसी मौके पै? नत्थू बोल्या- पीये तो मौके पै ए करूं पर दोस्तां के कारण ये साले मौके रोज आज्या सैं। ताऊ बोल्या- न्यूं ए मौके आते रहे तो ईसा लाग्गै दो साल पाच्छै तेरा एक टैंपू होगा अर उसकै पाच्छै लिख्या होगा- यारी ले बैठी।

जीवन दर्शन

## जीवन सीधी रेखा नहीं, अनुभवों से बहती नदी है

हर सुबह एक नई संभावना लेकर आती है, और हर रात आत्मचिंतन का अवसर। हम पीछे मुड़कर देखते हैं, पर ठहरते नहीं। यह देखने की प्रक्रिया हमें बोझिल नहीं बनाती, बल्कि हल्का करती है। जब हम कैलेंडर का आखिरी पन्ना पलटते हैं, तो ऐसा लगता है, जैसे कुछ छूट रहा है। पर सच यह है कि कुछ भी समाप्त नहीं होता, वह हमारे भीतर रूप बदलकर बस जाता है। बीते दिनों की हंसी, असफलताओं की चुभन, और छोटी-छोटी जीतें, सब मिलकर हमें थोड़ा और समझदार बना देती हैं। समय हमें सिखाता है कि हर सुबह एक नई संभावना लेकर आती है, और हर रात आत्मचिंतन का अवसर। समझ आ जाता है कि सबक साथ हैं, पछतावे नहीं।

अनुभव की सबसे बड़ी देन यह है कि वह धैर्य देना सिखाता है। जो तुरंत नहीं मिला, वह शायद हमें तैयार कर रहा था। जो टूट गया, वह हमें जोड़ने की कला सिखा गया। वर्ष के आखिर में यह समझ पुख्ता होती है कि जीवन सीधी रेखा नहीं, बल्कि लय में बहती नदी है। नदी कभी पीछे नहीं बहती, फिर भी वह अपने स्रोत को नहीं भूलती। इसी तरह, बीता वर्ष हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है। हम याद करते हैं उन लोगों को, जिन्होंने साथ दिया, और उन क्षणों को, जिन्होंने



हमें बदल दिया। ये यादें दिशा देती हैं, बोझ नहीं बनतीं।आगे बढ़ना केवल आगे देखना नहीं होता, आगे बढ़ने का मतलब भीतर झांकना भी है। वर्षांत हमें ठहरकर पूछने देता है, हमने क्या सीखा, किसे माफ किया, और कहां और बेहतर बन सकते हैं? ये प्रश्न ही हमें अगले कदम के योग्य बनाते हैं। नया साल किसी जादुई दरवाजे की तरह नहीं खुलता, जहां सब कुछ बदल जाए। बदलाव तो धीरे-धीरे, रोजमर्रा के छोटे निर्णयों से आता है। हम अक्सर संकल्प लेते हैं, पर उससे अधिक जरूरी है संकल्प का निभना। अनुभव बताता है कि छोटे लक्ष्य, ईमानदार प्रयास, और करुणा, यही टिकाऊ प्रगति के आधार हैं। समय हमें दिखाता है कि तेजी नहीं, स्थिरता आगे ले जाती है। जब हम बीते साल को विदा करते हैं, तो कृतज्ञता का भाव जागता है। जो मिला, उसके लिए धन्यवाद, जो नहीं मिला, उसके लिए भी धन्यवाद। कृतज्ञता हमारे मन को शांत और दृष्टि को साफ करती है। इस तरह वर्ष का अंत न तो अंत है, न शुरुआत, यह एक निरंतर यात्रा का पड़ाव है। अनुभव से उपजी बुद्धि हमारी मशाल बनती है। हम चलते रहते हैं, सीखते, संभलते, और उम्मीद के साथ, क्योंकि जीवन का सार रुकना नहीं, चलते रहना है। बीते दिनों की गलतियां हमें शर्मिंदा करने नहीं, बल्कि सचेत करने आती हैं। जो अधूरा रह गया, वह हमें धैर्य सिखाता है, और जो पूरा हुआ, वह विश्वास जगाता है। इसी समझ के साथ हम आगे बढ़ते हैं, हल्के कदमों और शांत मन के साथ, समय की लय में स्वयं को ढालते हुए।

हर दिन बीत रहा है, आप इसे अंत या शुरुआत मानें। खुद को बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास करना जरूरी है, ताकि हम बेहतर कर सकें। छोटे लक्ष्य, ईमानदार प्रयास, और करुणा, यही टिकाऊ प्रगति के आधार हैं। समय हमें दिखाता है कि तेजी नहीं, स्थिरता आगे ले जाती है।

**हैल बोरलैंड**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**तस्मादज्ञानसंभूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः।**
**छित्त्वैनं संशयं योगमातिष्ठोत्तिष्ठ भारत॥42॥**

**भावार्थ**

हे भरतवंशी अर्जुन ! तू हृदय में स्थित इस अज्ञानजनित अपने संशय का विवेक ज्ञानरूप तलवार द्वारा छेदन करके समत्वरूप कर्मयोग में स्थित हो जा और युद्ध के लिए खड़ा हो जा।

# नव वर्ष पर गोलोक दर्शन महोत्सव का हुआ शुभारंभ

## बसामन मामा गौवंश विहार में उपमुख्यमंत्री ने लगाया पीपल का पौधा

जागरण, रीवा

नववर्ष के प्रथम दिवस पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौपूजन किया तथा गौमाता को गुड़ एवं गौग्रास खिलाया। उप मुख्यमंत्री ने भगवान श्री कृष्ण के दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना। श्री शुक्ल ने रात्रि विश्राम के उपरांत नववर्ष की प्रभात बेला में गौमाताओं की सेवाकर आशिर्वाद लिया। उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गोलोक दर्शन महोत्सव का शुभारंभ भी किया। गोलोक दर्शन में आमजन गौशाला का भ्रमण करते हुए गायों का पूजन कर सकते हैं।



### 16 एकड़ भूमि में पार्ट-टू गौशाला

उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में संचालित गतिविधियों एवं प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा की। प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित बैठक में श्री शुक्ल ने बताया कि गौवंश वन्य विहार से लगी 16 एकड़ भूमि में पार्ट - टू गौशाला का निर्माण कराया जायेगा जहां दुधारू गाय तथा उन्नत नश्ल के गौवंश को संरक्षित रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि गतदिनों देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के गौवंश वन्य विहार में आगमन के उपरांत इस गौवंश वन्य विहार को और ऊंचाइयाँ मिलेंगी तथा इसे देश की सर्वोत्तम व आत्याधुनिक गौशाला बनाने का कार्य प्राथमिकता से होगा।

### गौसेवकों के मानदेय वृद्धि का अनुमोदन

उन्होंने गौवंश वन्य विहार में चारागाह विकास का कार्य प्रारंभ करने तथा वहां से उत्पन्न चारे को काटकर गौग्रास बनाते हुए गौशाला में भेजने के लिये व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने गौवंश वन्य विहार की बाउंड्रीवॉल बनाने तथा अन्य निर्माण कार्यों के लंबित भुगतान संबंधितों को कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गौसेवकों का मानदेय वृद्धि का भी अनुमोदन किया। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि गौशाला में गोमूत्र संग्रहण की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

### फरवरी में होगी संत राजेन्द्रदास की कथा

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी फरवरी माह में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में संत राजेन्द्र दास की कथा का आयोजन कराया जायेगा। राजेन्द्र दास महाराज गौकथा व प्राकृतिक खेती पर अपने उद्गार व्यक्त करेंगे। श्री शुक्ल ने संतो के आवास के लिये बनाये जाने वाले ऋषि कुलम का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने प्रसादालय में जमीन पर बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, एसडीएम दृष्टि जायसवाल डॉ. राजेश मिश्रा, राजेश पाण्डेय, श्री अभय जयरामदास, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, सीईओ हरिश्चन्द्र द्विवेदी सहित अधिकारी एवं गौशाला के संबद्ध जन उपस्थित रहे।

# जो महिलाएं घर चलाने तक सीमित थीं आज देश संभाल रहीं हैं: डॉ.कुड़रिया





## एपीएसयू में महिला सशक्तिकरण कार्यशाला का शुभारंभ

जागरण,रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में पीएम ऊषा साफ्ट कंपोनेंट के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यशाला का कुलगुरू डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया अध्यक्षता में शुभारंभ गुरुवार को किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ.सुरेन्द्र सिंह परिहार, प्रो. अतुल पाण्डेय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, इं.कल्पना पटेल निर्देशक विहान हॉस्पिटल, डॉ.बीनू कुशवाह प्राध्यापक श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा, विभागाध्यक्ष प्रो. आरएन पटेल एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. नीतू पटेल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कुलगुरू ने कहा कि महिला सशक्तिकरण कार्यशाला के बारे में विस्तृत पूर्वक चर्चा किये। कुलगुरू डॉ.कुड़रिया ने कहा कि महिला आज दिन प्रतिदिन हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को आगे बढ़ने का प्रमुख कारण महिला और पुरुष में कोई भेद न होना, महिला समाज को हर क्षेत्र में आज सम्मान के दृष्टि से देखा जा रहा हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा समय-समय पर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं और सरकारें महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये हमेशा तत्पर रहती हैं। यही कारण है कि हमारे भारत देश के महिलायें जो पहले घर चलाने तक सीमित थीं, आज वो महिलायें देश संभाल रही हैं। कुलसचिव ने कहा कि जिस घर में बेटी होती हैं वह घर बहुत ही सौभाग्यशाली होता हैं। प्रो. अतुल पाण्डेय ने विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्रों के बारे में बताया कि इस साल विश्वविद्यालय में सबसे ज्यादा छात्राओं की संख्या है। जिससे यह पता चलता हैं, कि छात्राएं उच्च शिक्षा की क्षेत्र में काफी आगे बढ़ रहीं हैं। इं. कल्पना पटेल ने कहा कि महिलायें सिंधु सभ्यता से लेकर ही अग्रणी रहीं हैं। आज महिलायें ऑपरेशन सिंदूर में अपना जलवा बिखेर कर दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिये। डॉ. बीनू कुशवाह द्वारा महिलाओं के खान पान के बारे में विस्तृत ढंग से अवगत कराया गया। प्रो.आरएन पटेल ने महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नीतू पटेल द्वारा 1 से 15 जनवरी चलने वाली कार्यशाला के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अनामिका दुबे द्वारा और आभार डॉ. कमलेश मिश्र द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रो. एनपी पाठक, प्रो. श्रीकान्त मिश्र, प्रो. नविता श्रीवास्तव, प्रो. मृणाल श्रीवास्तव, डॉ. शंकरलाल यादव, डॉ.अंशुरानी पटेल, डॉ.अनुराग मिश्रा, डॉ.अपर्णा सिंह, डॉ.गोविन्द सिंह डागी, डॉ.शेषपाल नामदेव, डॉ.निर्भय महोर, डॉ. सुभाष चौहान, डॉ.मुक्ता त्रिपाठी, डॉ. श्रवण पाण्डेय, नलिन दुबे (मीडिया प्रभारी), डॉ. निशा पटेल, डॉ. दिनेश प्रजापति, डॉ. योगेन्द्र सिंह, छात्रायें उपस्थित रहीं।

# माई छोटा स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




जागरण, रीवा। सम्राट नगर स्थित माई छोटा स्कूल की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन निपनिया स्थित मास टर्फ खेल परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खेल परिसर बच्चों की किलकारियों, तालियों की गूंज और खेल भावना से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत एंकर अरत्रिका यादव द्वारा प्रभावशाली एवं सधे हुए संचालन के साथ की गई। उन्होंने पूरे कार्यक्रम को क्रमबद्ध, रोचक एवं ऊर्जावान ढंग से प्रस्तुत कर उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं अतिथियों को अंत तक जोड़े रखा। इसके पश्चात मीनाक्षी मैम द्वारा खेल शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने खेलों में ईमानदारी, अनुशासन एवं नियमों के पालन का संकल्प लिया। तत्पश्चात मशाल के साथ रिले रेस का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी एवं कक्षा 1 के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस रिले रेस ने एकता, निरंतरता और खेल भावना का संदेश दिया। इसके बाद सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट/परेड प्रस्तुत की गई। परेड के दौरान बच्चों की एकरूप चाल, अनुशासन एवं समन्वय देखने योग्य रहा। निपानिया स्थित मास टर्फ खेल परिसर में प्रस्तुत इस अनुशासित परेड ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा-वार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिन्हें बच्चों की आयु एवं क्षमता के अनुसार रोचक, सुरक्षित एवं शिक्षाप्रद बनाया गया था। प्रतियोगिताओं के पश्चात परिणामों की घोषणा की गई। विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दी कि विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे, जिससे बच्चों का उत्साह और अधिक बढ़ेगा।

कार्यक्रम में शिक्षकों की रेस तथा छात्रों एवं शिक्षकों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय की डायरेक्टर सपना यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं हिना, श्रुति, सिफा एवं अर्शीया की विशेष भूमिका रही।

# एनएसयूआई ने विवि परिसर में रोपे पौधे

## 'एक पेड़ भविष्य' के नाम अभियान




रीवा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्री पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ भविष्य' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसयूआई प्रदेश संगठन के आह्वान पर आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना तथा युवाओं की सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि आज अंधाधुंध वृक्ष कटाई, कॉर्पोरेट हितों को प्राथमिकता और लगातार हो रहे पर्यावरण विनाश के कारण आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गंभीर संकट में है। ऐसे हालात में जनरेशन को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण के लिए हस्तक्षेप करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। पंकज उपाध्याय ने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एनएसयूआई द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर न केवल पौधारोपण करें, बल्कि उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं। कार्यक्रम के दौरान योग कांग्रेस रीवा विधानसभा उपाध्यक्ष शिवम मिश्रा, आर्यन सिंह बघेल, रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी, जिला महासचिव शक्ति पाठक, टीआरएस कॉलेज अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा, विश्वविद्यालय अध्यक्ष विशु वर्धन सिंह, विश्वविद्यालय प्रभारी हर्ष सिंह, देव मिश्रा, उदय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसबीआई ने नववर्ष पर मेधावी छात्राओं को साइकिल भेंट कर बनाया आत्मनिर्भर



जागरण, रीवा। देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नववर्ष के शुभ अवसर पर एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रीवा द्वारा कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद और मेधावी छात्राओं को शिक्षा के लिए बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। चयनित छात्राओं को साइकिल प्रदान कर एसबीआई ने न केवल उनकी दैनिक कठिनाइयों को कम किया, बल्कि उनके उज्वल भविष्य की राह भी आसान की। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक रिंकी सिंह ने कहा कि सीएसआर के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना एसबीआई की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बैंक शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए लगातार समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए एसबीआई का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और एसबीआई की सामाजिक प्रतिबद्धता की एक सशक्त तस्वीर सामने आई। कार्यक्रम में एसबीआई रीवा संभाग की क्षेत्रीय प्रबंधक रिंकी सिंह के अलावा मुख्य प्रबंधक राकेश रंजन, मुख्य प्रबंधक प्रेम किशोर मिश्रा, मानव संसाधन प्रबंधक अमर कुमार एवं सहायक प्रबंधक मिथिलेश कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एपीएसयू ने समाप्त की कॉलेजों की संबद्धता



रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा कई कॉलेजों की संबद्धता को समाप्त कर दिया गया है। इस संबंध में जारी आदेश में बताया गया कि एपीएसयू ने सीकैट महाविद्यालय मैहर में एमएसडब्ल्यू प्रथम, द्वितीय वर्ष की संबद्धता, डॉ.बीआर अंबेडकर डिग्री कॉलेज सतना के बीए, बीएससी की मान्यता को समाप्त किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन सिंगरौली के विभिन्न पाठ्यक्रमों की मान्यता को समाप्त कर दिया गया है।

# इंडियन एक्सीलेंस स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव



रीवा। इंडियन एक्सीलेंस स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव 'उत्कृष्टता की झलक-2025' का आयोजन राज कपूर ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सपना त्रिपाठी, अपर कलेक्टर रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सफल आयोजन हेतु सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज आज

## 11 विवि से पहुंचे 200 खिलाड़ी व स्टाफ



जागरण,रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को दो राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी मिली है। यह प्रतियोगिताएं नए वर्ष के प्रथम सप्ताह में ही आयोजित होंगी। शारीरिक शिक्षा विभाग विवि द्वारा इन प्रतियोगिताओं की तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया गया हैं। पुरुष क्रिकेट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज आज किया जाना है, गुरुवार को देर शाम तक टीमें विवि पहुंची। जिनको हास्टल व स्टेडियम में रोका गया है, इसके अलावा स्टाफ के रूकने की व्यवस्था विवि गेस्ट हाऊस में की गई है। आज सुबह 8 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। प्रतियोगिता में 11 विश्वविद्यालयों के लगभग 200 खिलाड़ी व स्टाफ रीवा पहुंचे हैं। प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी के देते हुए संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग एपीएसयू डॉ.रामभूषण मिश्रा ने बताया कि यूटीडी को इस वर्ष दो राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर दिया गया है। जिसमें राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरुष) व राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता (महिला) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरुष)का आगाज आज होगा, यह प्रतियोगिता 4 जनवरी तक आयोजित होगी। कई विवि के खिलाड़ी गुरुवार को ही रीवा पहुंच चुके हैं, व कुछ शुक्रवार की सुबह पहुंचेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ नियमानुसार किया जाएगा। बताया कि आयोजन के संबंध में प्रदेश भर से स्टाफ आएगा। इसके लिए 20 समितियां गठित की गई हैं, जिनको दायित्व सौंप दिए गए हैं। मैदानों को तैयार कर लिया गया है। गुरुवार को मैदानों का निरीक्षण भी किया गया है, मैदान प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किसी प्रकार की कोई कमी न हो इसको लेकर दिशा-निर्देश समिति सदस्यों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता (महिला) का आयोजन 4 जनवरी 2026 से 6 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। जिसके आयोजन की तैयारियां की जा रही है।



# भैरवनाथ मंदिर को मिला भव्य दिव्य स्वरूप

## मंदिर परिसर को बनाया गया है आकर्षक

## उप मुख्यमंत्री ने रूद्राभिषेक कर मंदिर परिसर में पीपल के वृक्ष का किया रोपण



**जागरण, रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से गुढ़ के समीप स्थित भैरवनाथ मंदिर को भव्य दिव्य स्वरूप मिला है। भैरवनाथ मंदिर परिसर को आकर्षक और बेहतरीन बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। सभी कार्य पूर्ण हो जाने पर भैरवनाथ लोक का पूर्ण विकसित व सुंदर स्वरूप होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भैरवनाथ मंदिर में भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना की तथा रूद्राभिषेक किया। उन्होंने भैरवनाथ की पूजा भी की। प्रयागराज के वैदिक आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने गुढ़ विधायक के साथ पीपल के पौधे लगाये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भैरवनाथ लोक का लोकार्पण जनवरी माह के अंत में मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह के संकल्प की पूर्ति हो रही है और भैरवनाथ लोक अपने दिव्य व भव्य स्वरूप में सामने है। श्री शुक्ल ने कहा कि इस धार्मिक स्थल को आकर्षक बनाने के प्रयास किये गये हैं।

### ग्यारह सौ वर्ष पुरानी आस्था को मिला नव स्वरूप

ग्यारह सौ वर्ष पुरानी आस्था को नया स्वरूप मिला है। यह स्थल धार्मिक स्थल के साथ ही पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित होगा। श्रृद्धालुओं के लिये धर्मशाला व अन्य सुविधायें भी उपलब्ध रहेंगी। भैरवनाथ मंदिर के पहाड़ी में पीपल के 100 पौधे लगाये जा रहे हैं। पीपल आक्सीजन का सबसे बड़ा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि पीपल का धार्मिक महत्व भी है। भगवान कृष्ण ने कहा था कि वृक्षों में मैं पीपल हूँ अतः यह सबसे पूज्य वृक्ष भी है। श्री शुक्ल ने कहा कि इससे पूर्ण परिसर को आकर्षक व हरीतिमायुक्त बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबेए केके गर्ग राजगोपाल चारी सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत जन व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 22 जनवरी तक

**रीवा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण पूरा हो गया है। आयोग द्वारा संशोधित समय सारणी के अनुसार अब मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन अब 23 दिसम्बर को कर दिया गया है। गहन पुनरीक्षण के दौरान जो मतदाता किसी भी कारण से नहीं मिले हैं उन सभी को रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करके छूटे हुए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं। मृत, स्थाई रूप से शिफ्टेड तथा डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से पृथक कर दिए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने बताया कि मतदाता सूची के संबंध में 22 जनवरी 2026 तक दर्ज कराई जा सकती हैं। इस अवधि तक नए मतदाताओं के नाम शामिल करने के भी आवेदन लिए जा रहे हैं। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची 17 फरवरी तक अंतिम रूप से तैयार करके निर्वाचन आयोग की अनुशंसा के बाद 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा बीएलओ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नए कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी कराएं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे को याद किया गया

## ललऊ घाट के पास हुआ सद्भाव सम्मेलन




**जागरण, रीवा।** ताम्रपत्रधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे के जन्म शताब्दी वर्ष पर उनकी पावन स्मृति में नव वर्ष के प्रथम दिन 1 जनवरी को समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्यांचल जन आंदोलन, समाजवादी कार्यकर्ता समूह, कौमी एकता कमेटी और गरीब बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में शहर के अमहिया मोहल्ला स्थित ललऊ घाट के पास सद्भाव सम्मेलन सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रसिद्ध भजन ईश्वर अल्लाह तेरो नाम एवं वैष्णो जन तो तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे का पाठ नारी चेतना मंच की पूर्व अध्यक्ष डॉ श्रद्धा सिंह ने किया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकारनाथ खरे के योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि देश के आजादी के आंदोलन को सामाजिक धार्मिक सद्भाव के चलते मजबूती मिली। आज देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने के लिए नफरत का माहौल खत्म करने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सतना के पूर्व सदस्य समाजवादी नेता वीरेंद्र सिंह, साहित्यकार मनसंतोष , समाजवादी नेता प्रदीप पाण्डेय, फारवर्ड ब्लॉक के प्रदेश अध्यक्ष नागेंद्र सिंह कर्चुली, नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री नूरजहां, शमशाद, सावित्री श्रीवास्तव ,समाजसेवी महीप पाण्डेय, जिला अधिवक्ता संघ सदस्य सतीश कुशवाहा एडवोकेट, युवा नेता परिवर्तन पटेल, सुभाष सोनी ,रामकुमार सोनी (छिबौरा) आदि की भागीदारी रही। कार्यक्रम संयोजक गफूर खान ने सद्भाव सम्मेलन के अंत में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शन किया।

# त्रिवेणी प्रसाद सोधिया का जाति प्रमाण पत्र अमान्य

**जागरण, रीवा ।** त्रिवेणी प्रसाद सोधिया निवासी रीवा द्वारा माझी अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार हुजूर कार्यालय द्वारा प्राप्त किया गया। जनजातीय कार्य विभाग की उच्च स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण करने के बाद माझी जनजाति का जाति प्रमाण पत्र अमान्य कर दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि त्रिवेणी प्रसाद सोधिया मूल रूप से रीवा जिले के ग्राम बदरावं के निवासी हैं। उन्हें 28 दिसम्बर 1989 को माझी अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया। सोधिया कहार जाति के हैं जिसे अन्य पिछड़ावर्ग की श्रेणी में शामिल किया गया है। इसलिए उनका माझी जनजाति का प्रमाण पत्र अमान्य किया गया है। किन्तु मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के एक जनवरी 2018 के परिपत्र के अनुसार धीवर, कहार, भोइ, केवट, मल्लाह तथा निषाद जाति के जिन व्यक्तियों को माझी अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र दिया गया है उसके आधार पर यदि उन्हें 11 नवम्बर 2005 से पहले शासकीय सेवाओं में अथवा शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश दिया गया है तो उन्हें संरक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर ने कहा है कि श्री सोधिया का जाति प्रमाण पत्र अमान्य किया गया है। उन्हें माझी जनजाति के प्रमाण पत्र के आधार पर किसी तरह का लाभ प्राप्त नहीं होगा। साथ ही भविष्य में उनके सगे पारिवारिक सदस्यों और उत्तराधिकारियों को भी जनजाति प्रमाण पत्र की पात्रता नहीं होगी।

# जिले में 3 लाख 23 हजार टन धान की हुई खरीद

## किसानों को 426.17 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

**जागरण, रीवा।** जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में एक जनवरी तक 53109 किसानों से 3 लाख 23 हजार 883 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 64 हजार 457 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं। कुल खरीदे गए धान में से 2 लाख 29 हजार 831 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। कुल खरीदी में से 3 लाख 7 हजार 954 टन धान परिवहन के लिए तैयार है। अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 85 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। किसानों को 767 करोड़ 28 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 426 करोड़ 17 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है। धान का उपार्जन 20 जनवरी तक किया जाएगा।




## वायरल बुखार के बाद थकान से जूझ रहे मरीज, खानपान में बदलाव जरूरी

**रीवा।** शहर में इन दिनों वायरल बुखार से लोग बड़ी संख्या में पीड़ित हो रहे हैं। बुखार ठीक होने में सामान्य से ज्यादा समय लग रहा है। कई दिन तक कमजोरी और थकान लोगों को परेशान कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार लोग बुखार के दौरान खाना-पीना छोड़ देते हैं, जिससे शरीर में कमजोरी आ जाती है। आहार का खास ध्यान रखना जरूरी है। जिससे शरीर में पानी और पोषक तत्वों की कमी नहीं हो। विशेषज्ञों का कहना है कि वायरल बुखार के बाद कमजोरी और थकान होना सामान्य है। लेकिन वायरल बुखार के बाद शरीर में दर्द, एकाग्रता की कमी, अनिद्रा, गर्दन में सूजन, गले में संक्रमण जैसे लक्षण आ रहे हैं।

**आहार में ये करें शामिल :** वायरल बुखार के बाद आई कमजोरी को दूर करने के लिए विशेषज्ञ जंक फूड से परहेज करने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि पौष्टिक आहार को दिनचर्या में शामिल करें। दिनभर में 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं। फलों का जूस, सब्जियों का सूप, ओआरएस घोल भी पी सकते हैं। इससे पानी की कमी तो दूर होगी ही शरीर पर बुखार के दुष्प्रभाव को कम करने में भी मदद मिलेगी।

**ऐसे होगी पूर्ति :** नारियल पानी पीने से कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, सोडियम, विटामिन सी और फाइबर की पूर्ति होगी। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। तुलसी के पत्ते चाय या काढ़े में डालकर पीते हैं तो ये संक्रमण से बचाएगा। विशेषज्ञ आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करने की भी सलाह दे रहे हैं। विटामिन-सी वाले खट्टे फल संतरा, मौसंबी और नींबू का सेवन कमजोरी दूर करेगा। इसके अलावा केलाए ड्राय फ्रूट्स पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। डॉक्टर ड्राय फूट्स और गाजर-चुकंदर लेने की सलाह दे रहे हैं।

# अजगरहा क्रिकेट टूर्नामेंट : निस्सेंट स्कूल बोदाबाग ने महाकाल अम्बा को हराया



**जागरण, रीवा ।** अजगरहा क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन के छठे दिन संपन्न हुए मैच में निस्सेंट स्कूल बोदाबाग ने महाकाल अम्बा को हराया। बुधवार को खेले गये मैच में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस महासचिव व वरिष्ठ समाज सेवी गुरमीत सिंह मंगू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिभुवन सिंह, वीरेंद्र सिंह बसपा नेता, अनिल मिश्रा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष टीआरएस कॉलेज, बलजिंदर सिंह, लाल बहादुर सिंह मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता जगमोहन सिंह पूर्व सरपंच ने की। टूर्नामेंट के आयोजक शुभम सिंह राखी, देवेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर टूर्नामेंट की जानकारी दी। शानदार मैच में निस्सेंट स्कूल बोदाबाग के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महाकाल अंबा की टीम को हराकर टूर्नामेंट के अगले राउंड में अपना स्थान बना लिया। आज के मैच दर्शकों के लिए लकी ड्रा के माध्यम से पहले तीन लोगों को पुरस्कृत किया गया।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका पदों के लिए आवेदन 10 जनवरी तक

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 22 तथा सहायिका के 52 पदों में होगी भर्ती

**जागरण, रीवा।** महिला एवं बाल विकास के तहत संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 22 पदों और सहायिका के 52 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए केवल ऑनलाइन आवेदन 10 जनवरी तक किया जा सकता है। पात्र महिला उम्मीदवार एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल पर 10 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि सभी पद पूरी तरह से अस्थाई और मानदेय पर आधारित हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए परियोजना रायपुर क्रमांक एक में तीन, रीवा शहरी में एक, जवा में चार, रीवा ग्रामीण में एक, सिरमौर एक में चार, सिरमौर दो में एक, त्योंथर में एक, रायपुर कर्चुलियान परियोजना दो में दो, गंगेव परियोजना दो में तीन तथा रीवा परियोजना दो में दो पदों पर भर्ती की जा रही है। आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए परियोजना रायपुर क्रमांक एक में पाँच, रीवा शहरी में 10, जवा में 11, परियोजना गंगेव एक में तीन, रीवा ग्रामीण एक में दो, सिरमौर एक में चार, सिरमौर दो में दो, त्योंथर में चार, रायपुर कर्चुलियान परियोजना दो में दो, गंगेव परियोजना दो में चार तथा रीवा परियोजना दो में पाँच पदों पर भर्ती की जा रही है। शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य अर्हताओं की जानकारी चयन पोर्टल पर देखी जा सकती है। आवेदन जिस आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए किया गया है आवेदिका को ग्रामीण क्षेत्र में उसी गांव तथा शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्डरी पास निर्धारित की गई है। आवेदिका की आयु एक जनवरी 2025 की स्थिति में 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदन पत्र भरने के बाद यदि उसमें किसी तरह की त्रुटि अथवा सुधार की जरूरत है तो उसे 12 जनवरी तक सुधार करने का अवसर रहेगा। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 664/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 31/12/2025

**इश्तहार**

आवेदक ध्रुवराज प्रसाद बढ़ई पिता श्री रामानंद कारपेंटर उम्र-44 वर्ष निवासी-ग्राम-अमवा, पो.-दुअरा, तहसील-मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.) एवं आवेदिका आंचल विश्वकर्मा पिता श्री राकेश विश्वकर्मा उम्र-20 वर्ष निवासी-ग्राम-गभुआनी, पो.-बगढ़ा, तहसील-सिरमौर, जिला-रीवा (म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रु. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
पेशी दिनांक-02.02.2026

विवाह अधिकारी
जिला रीवा ( म.प्र. )
RN-83705

# राधा कृष्ण मंदिर शासनाधीन होने के बाद तैयार की गई जमीन की फर्जी वसीयत

## राधा कृष्ण मंदिर के प्रबंधकों द्वारा ही जमीन हड़पने का किया गया प्रयास



**जागरण, रीवा।** कलेक्टर कार्यालय के धर्मार्थ शाखा की लापरवाही के कारण राधा कृष्ण मंदिर एवं उससे लगी लगभग तीन एकड़ जमीन के अस्तित्व पर संकट मडरा रहा है। संत सीताराम अग्रवाल द्वारा मंदिर और जमीन शासन को सौंपने के बाद तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिन्हें मंदिर का प्रबंधक बनाया गया, उन्होंने ही मंदिर और जमीन हड़पने की साजिश रची। उस समय मंदिर और उसमें चढ़ाई गई जमीनों को पुजारी या प्रबंधकों के नाम किया जाता था। जिस वसीयत के आधार पर मंदिर और जमीन को हथियाने का प्रयास किया गया, वह सन् 1948 में तैयार होना बताया गया, जबकि उसे वसीयतकर्ता की मौत के 25 साल बाद सन् 1986 में सामने लाया गया। उसे कथित वसीयतकर्ता के मौत के समय सन् 1981 में सामने नहीं लाया गया। इससे साबित होता है कि वसीयत फर्जी तरीके से तैयार की गई। अदालत में भी यह साबित हो चुका है और हाईकोर्ट द्वारा इस पर स्थगन भी दिया गया है, इसके बाद भी जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जिला प्रशासन द्वारा मामले में प्रभावी पैरवी नहीं किये जाने के कारण इतने वर्षों के बाद अभी भी न्यायालय में मामला अटका हुआ है।

इस मामले के सुनवाई के दौरान तत्कालीन एसडीएम न्यायालय में यह प्रश्न भी उठाया गया कि वसीयतकर्ता विवादित भूमियों का भूमि स्वामी नहीं था। उसको वसीयत करने का अधिकार ही नहीं था। इस प्रकार ऐसी वसीयत के आधार पर वसीयतग्रहिता को किसी भी तरह से स्वत्व अर्जित करने का प्रश्न ही नहीं उठता। इस सम्बन्ध में तत्कालीन प्रभारी अधिकारी धर्मार्थ द्वारा तर्क प्रस्तुत किया गया कि रामनाथ को वसीयत करने का अधिकार ही नहीं था। रामनाथ मंदिर एवं मंदिर से लगी भूमियों तथा अन्य सम्पत्तियों के लिए तत्कालीन शासन द्वारा नियुक्त प्रबंधक थे। अपर जिला न्यायाधीश रीवा के प्रकरण क्रमांक 9ए/2000 में दिये गये साक्ष्य में ही स्वीकार किया गया है कि महाराजा रीवा के हुक्म क्रमांक 343/48 दिनांक 22 फरवरी 1923 से जीवनकाल तक के लिए प्रबंधकी का ओदश हुआ था। रीवा राज गजट भाग-1 शनिवार दिनांक 8 फरवरी 1932 के अनुसार मंदिर के प्रबंधक को मंदिर की सम्पत्ति को हस्तान्तरित करने या बेचने का अधिकार नहीं था।

### शासन के समक्ष समर्पित कर दिया था स्वत्व

संत सीताराम ने अपना स्वत्व तत्कालीन शासन के समक्ष समर्पित कर दिया था। उन्होंने 12000 रुपये दरबार में जमा कर विनती की थी कि मंदिर के प्रबंध के लिये उसे 60 रुपये माहवार दिया जाय तथा उसके मरणोपरान्त धर्मार्थ द्वारा इन्तजाम किये जावे। इस पर रीवा में 26 मार्च 1915 को सीताराम की विनती स्वीकार कर भूमि राज्य के अधीन कर मंदिर की जमीन पर 60 रु. मासिक भोग राशि स्वीकृति किये थे। रामनाथ ने स्वयं फाइनेंस कमिश्नर के समक्ष स्वीकार किया था कि उसे सीताराम की लिखी-पढ़ी में कोई दिक्कत नहीं है, उसने केवल प्रबंधन की मांग की थी। सीताराम ने दरबार में 12000 रु. जमा कर मंदिर शासन को सौंप दिया था। इसके बाद से शासन द्वारा मंदिर की देखरेख के लिए प्रबंधक नियुक्त किये जाते रहे।

### विवादित जमीन के भूमि स्वामी नहीं थे रामनाथ

इस प्रकार यदि वसीयत निष्पादित भी की गई हो तो उससे स्वत्व अर्जित नहीं होता। रामनाथ तथा बाद में कृष्ण सेवक पहले महाराजा तथा बाद में राज्य शासन की ओर से प्रबंधक थे। कथित वसीयत लिखे जाने के समय रामनाथ विवादित भूमि के भूमि स्वामी नहीं थे। वसीयत के आधार पर पारित नामान्तरण आदेश शून्यवत एवं प्रभावहीन है। अपीलार्थी द्वारा यह भी तर्क दिया गया कि विवादित भूमि शासन के पक्ष में पहले ही समर्पित की जा चुकी थी। भूमि स्वामी के रूम में राजस्व अभिलेख रामनाथ के पक्ष के बजाय शासन आदेशानुसार मंदिर शासन के नाम नामान्तरित कर विवादित भूमि पर सीताराम मंदिर घोघर प्रबंधक कलेक्टर रीवा दर्ज कर दिया गया। इस मामले में की गई विवेचना के आधार पर यह पाया गया कि रामनाथ द्वारा निष्पादित कथित वसीयत संदिग्ध एवं अविश्वसनीय है। वसीयतकर्ता के पास कथित वसीयत निष्पादित करने का अधिकार ही नहीं था। विवादित भूमि कथित वसीयत निष्पादित की जाने की तिथि से काफी पहले ही शासन को शासन को समर्पित की जा चुकी थी।

# तहसीलदार पर अभद्र टिप्पणी पड़ी महंगी



**सतना।** तहसीलदार पर अभद्र टिप्पणी के मामले में गुरुवार को पुलिस ने कार्रवाई की है। सहायक समिति प्रबंधक हरिराम पांडेय को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। हरिराम पांडेय अधिकारियों के लिए खुलेआम अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। वायरल वीडियो में वह जांच को हल्के में लेते हुए कह रहा था मेरा कुछ नहीं होगा दूर से आई थी तो कुछ तो लिखेगी दूर दिखाएगी। सिंहपुर थाना प्रभारी अजय कुमार ने शिवराजपुर सेवा सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक को नागौद तहसील के पास से हिरासत में लिया।

**मिली थी अनियमितताएं :** मंगलवार को शिवराजपुर धान खरीदी केंद्र में तहसीलदार प्रज्ञा दुबे के औचक निरीक्षण में पहुची थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद किए गए इस निरीक्षण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान धान की तौल में भारी अंतर पाया गया।

**संचालनालय आयुष, म.प्र.**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
(भूतल ''डी'' विंग, सतपुडा भवन, भोपाल-462004)
Email:dirsthapnawayush.mp@mp.gov.in, www.ayush.mp.gov.in
Office (0755)2552830 Fax (0755) 2760225, 2551527
क्रमांक/2025/2-स्थापना/4317-18 भोपाल, दिनांक 31/12/2025

**- केविएट विज्ञप्ति -**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयुर्वेद/ होम्योपैथी/ यूनानी चिकित्सा अधिकारियों के नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

उक्त विज्ञापन के विरूद्ध यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कोई याचिका माननीय न्यायालय मे प्रस्तुत की जाती है तो शासन का पक्ष सुने बिना कोई निर्णय न किये जाने के संबंध मे माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर/ खण्डपीठ ग्वालियर एवं इन्दौर मे केविएट दायर की जा रही है।

आयुक्त द्वारा अनुमोदित

( डॉ. निधि गुप्ता )
प्र.उपसंचालक
संचालनालय आयुष म.प्र.
G-23670/25

**उत्तर मध्य रेलवे**
पत्र सं.: JHS/Commercial/E-Auction/25/162 दिनांक: 30.12.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| श्रेणी: प्रचार | केटलॉग संख्या: JHS-NFR-MISC-34 |
| --- | --- |

**एसेट्स डिटेल्स:** E-Auction के माध्यम से मिस्लेनियस स्टेटिक पालिसी के तहत निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटन:- Relaxation Chair- CKTD,BANDA,MBA • Automatic Vending Machine-VGLJ STN, • Health Kiosk -MBA,BXN, • Contract for installation operation & Maintenance of Plastic Bottle crushing Machine - VGLJ, CKTD,LAR,KURJ,BANDA, • Waste Management of Station VGLJ,ORAI,LAR, CKTD, MBA,MRA,MCSC, • Gaming Zone - MCSC,GWL, • Saloon Services -MBA, • Static General Outlet - MBA,BHIND

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय: दिनांक 16.01.2026 को समय- 12:00 से
ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय: दिनांक 16.01.2026 को समय- 15:00 तक

नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 2538/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**In The Court of I Civil Judge Class-I, District Court, Rewa**
**Presiding Officer : श्रीमती शिवानी शर्मा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु
**(RCS B /0000030/2025)**
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया.......... वादी
V/S
रश्मि सिंह............. प्रतिवादी
Process Id-/2025
प्रेषिती - पेशी दिनांक :-21/01/2026
(1) रश्मि सिंह पति नारेन्द्र सिंह पता- ग्राम पटना करारी, पो. महमूदपुर, तह. मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)
(2) नारेन्द्र सिंह पिता रणजीत सिंह पता- ग्राम पटना करारी, पो. महमूदपुर, तह. मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)
(3) पुष्पराज सिंह पिता रणजीत सिंह पता- ग्राम पटना करारी, पो. महमूदपुर, तह. मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आपके विरूद्ध आर सीएस बी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता ) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 दिसम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कृपया ध्यान दें :-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा। (मोहर)

**न्यायाधीश : - शिवानी शर्मा**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
रीवा (म.प्र)

**सूचना**
जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**
जी.एस. सिक्यूरिटी सर्विसेज को मुंबई महाराष्ट्र के लिए तत्काल सुरक्षाकर्मी की आवश्यकता है। वेतन 20000 रूपये प्रति माह + P.F. & ESIC + रहने के लिए रूम मिलेगा। योग्यता 10वीं पास, लम्बाई-5 फीट 10 इंच, इच्छुक उम्मीदवार मोबाइल- 8982149857, 8396010263 पर सम्पर्क करें। RN. GM Sir 7/1

**आवश्यकता है**
कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी/हेल्पर की आवश्यकता है।
8770231515 पर सम्पर्क करें। R 83128/3/1

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क -
**8962086944**

## संक्षिप्त खबरें

### दावोस जाएंगे सीएम, करेंगे वैश्विक निवेश पर संवाद

**विसं, भोपाल।** विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 18 से 23 जनवरी में स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित की जा रही है। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। विश्व आर्थिक मंच 2026 का विषय ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग और अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ रखा गया है, जिसके अंतर्गत वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों की जानकारी देंगे। डॉ. यादव की दावोस यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना, वैश्विक उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना और राज्य के प्राथमिक क्षेत्रों में निवेश के नए अवसरों को आगे बढ़ाना है। डॉ. यादव दावोस प्रवास के दौरान फॉर्च्यून 500 कंपनियों के सीईओ और वैश्विक उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकों में भाग लेंगे। साथ ही ऑटोमोटिव एवं न्यू मोबिलिटी, एनर्जी तथा आईटी, हेल्थकेयर और फूड प्रोसेसिंग पर केंद्रित सेक्टोरल राउंडटेबल मीटिंग में राज्य के मौजूदा निवेशक अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ. यादव की सहभागिता विश्व आर्थिक मंच के विभिन्न सत्रों में भी रहेगी, जिनमें श्रम, ऊर्जा सुरक्षा, नवकरणीय ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा जैसे विषय शामिल रहेंगे।

### सीएम ने किया शासन के कैलेंडर का विमोचन



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार एक जनवरी को मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया। किसान कल्याण वर्ष 2026 का यह कैलेंडर समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर प्रकाशित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बहुरंगी और आकर्षक कैलेंडर और उसकी विषय वस्तु की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शासकीय डायरी का मुद्रित स्वरूप, अधिकारी-कर्मचारियों और प्रदेशवासियों के लिए उपयोगी होगा। वर्ष 2026, विक्रम संवत 2082-83 और शक संवत 1947-48 के राज्य शासन के कैलेंडर में 12 महीनों के पृष्ठों में प्रदेश के प्रमुख आयोजनों, उपलब्धियों और आगामी लक्ष्यों को छाया चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इस मौके पर सीएम ने वर्ष 2026 की शासकीय डायरी, शीट कैलेंडर और नोटबुक का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री निवास में हुए कैलेंडर विमोचन के अवसर पर आयुक्त जनसंपर्क दीपक कुमार तथा नियंत्रक शासकीय मुद्रणालय चंद्रशेखर वालिंबे उपस्थित थे।

### दृष्टि बाधित शिक्षकों को ऑनलाइन अटेंडेंस से छूट

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** हमारे शिक्षक ऐप पर ऑनलाइन अटेंडेंस में दृष्टिबाधित शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग ने सरलीकरण करते हुए बड़ी राहत दी है। प्रमाणिकता के आधार पर जो शिक्षक नेत्रहीन हैं उन्हें इस सिस्टम में ई अटेंडेंस लगाने की छूट दी गई है। स्कूल का प्राचार्य स्थानीय स्तर पर इनकी हाजिरी संस्था के पोर्टल पर लगवाएगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के निदेशक केके द्विवेदी ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं संभागीय संयुक्त संचालकों को आदेश जारी किया है। उक्त आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि विभाग द्वारा ई-गवर्नेंस प्लेटफार्म विकसित किया जाकर हमारे शिक्षक एप के माध्यम से प्रतिदिन ई-अटेंडेंस दर्ज करने की सुविधा दी गई है। इस संबंध में दृष्टिबाधित दिव्यांग शिक्षकों को हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति दर्ज करने में आ रही समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाकर निम्नानुसार नियत की जाती है। एजुकेशन पोर्टल पर शिक्षकों की ई-सेवा पुस्तिका में दर्ज जानकारी के अनुसार जो शिक्षक दृष्टिबाधित दिव्यांग है। इनकी सूची विद्यालय के लॉगइन पर प्रदर्शित होगी। विद्यालय के लॉगिन पर संस्था प्रमुख द्वारा यह प्रमाणित किया जाएगा कि संबंधित शिक्षक शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग है और हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति दर्ज करने में असमर्थ है। संस्था प्रमुख द्वारा उनके विद्यालय में कार्यरत दृष्टिबाधित दिव्यांग लोक सेवक की दैनिक उपस्थिति संस्था लॉगिन से प्रतिदिन दर्ज की जाएगी। यह कार्यवाही संस्था प्रमुख द्वारा तीन जनवरी तक अनिवार्यतः पूर्ण की जाएगी। संबंधित दृष्टिबाधित दिव्यांग लोक सेवक की दैनिक उपस्थिति दिनांक पांच जनवरी से आगामी आदेश तक निरंतर संस्था प्रमुख द्वारा संस्था लॉगिन से दर्ज की जाएगी।




### आज से भोपाल प्रवास पर संघ प्रमुख, 31 जिलों के युवाओं से करेंगे चर्चा

# संघ प्रमुख मोहन भागवत युवाओं और महिला वर्ग से करेंगे संवाद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंचालक डॉ.मोहन भागवत शुक्रवार 2 जनवरी से दो दिन भोपाल के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उनकी चार अहम बैठकें होगी,जिसमें उनके द्वारा युवाओं और महिला वर्ग से सीधे संवाद किया जाएगा। गौरतलब है कि संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान डॉ. मोहन भागवत 2 जनवरी को भोपाल प्रवास पर आएंगे। वे यहां कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में दो दिनों तक चार अहम सत्रों का संबोधित करेंगे। इस दौरान संघ के दूसरे वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। संघ प्रमुख द्वारा संघ के अलग-अलग वर्गों के पदाधिकारियों के साथ और युवाओं, समाज के प्रमुख जनों, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों और मातृशक्ति (महिला वर्ग) के साथ सीधे संवाद किया जाएगा। जानकारी के अनुसार डॉ. भागवत 2 जनवरी को युवा संवाद के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस संवाद में भाग लेने के लिए राज्य के 31 जिलों के युवाओं को आमंत्रित किया गया है,ये सभी युवा चयनित प्रक्रिया के तहत संवाद कार्यक्रम में भाग ले रहे है। इन युवाओं द्वारा शिक्षा, सेवा, सामाजिक कार्य, उद्योग और नवाचार के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। बताया गया है कि संघ प्रमुख द्वारा इन युवाओं से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक दायित्व और वर्तमान चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



#### रविंद्र भवन में शताब्दी वर्ष पर डालेंगे प्रकाश

युवा संवाद के उपरांत संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शुक्रवार की शाम को रविन्द्र भवन पहुंचेंगे, जहां उनके द्वारा हंस ध्वनि सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित किया जाएगा। बताया गया है कि संघ प्रमुख वहां अपने उद्‌बोधन में सामाजिक भूमिका, समकालीन परिस्थितियों और संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनों से चर्चा भी करेंगे।

#### संघ की तारीफ करने पर अपने ही दल के निशाने पर हैं दिग्विजय



पिछले दिनों राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की संगठनात्मक शक्ति की सराहना की थी। जबकि दिग्विजय सिंह अक्सर ही संघ पर तंज कसते रहे हैं। इसके उपरांत दिग्विजय सिंह अपने ही दल के नेताओं के निशाने पर हैं। ऐसे में संघ प्रमुख का भोपाल प्रवास राजनीतिक तौर पर अलग तरह से देखा जा रहा है।

#### पिता के समर्थन में पोस्ट, सुना है आज समंदर को बड़ा गुमान आया...



इस संबंध में पूर्व मंत्री और दिग्विजय सिंह के विधायक पुत्र जयवर्धन सिंह ने अपने पिता की हो रही आलोचना को लेकर सोशल मीडिया में एक पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने दिग्विजय सिंह का फोटो शेयर करते हुए लिखा कि -सुना है आज समंदर को बड़ा गुमान आया है, उधर ही ले चलो कश्ती जहां तूफान आया है।

# विजयवर्गीय के बंगले पर महिला कांग्रेस ने बजाई घंटी

### इंदौर में दूषित पानी से मौत के बाद दिए बयान का विरोध



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** इंदौर में दूषित पानी के कारण हुई मासूमों की मौत का मामला राजनीतिक संग्राम में बदल चुका है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा बुधवार रात दिए गए आपत्तिजनक बयान के बाद गुरुवार को राजधानी भोपाल में महिला कांग्रेस ने मंत्री के सरकारी बंगले का घेराव कर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता हाथों में पीतल की घंटियां लेकर मंत्री विजयवर्गीय के 74 बंगला इलाके में स्थित सरकारी निवास पर पहुंचीं। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान जोर-जोर से घंटियां बजाकर यह संदेश देने की कोशिश की कि सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। प्रदर्शन के दौरान गुस्सा इतना ज्यादा था कि महिला नेत्रियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की फोटो पर जूते-चप्पल बरसाए और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की।

**पुलिस से हुई झड़प तो मंत्री के पोस्टर पर मारे जूते-चप्पल**

**पुलिस से हुई झड़पः** गुरुवार को महिला कांग्रेस के इस प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के नजरिए से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने जब बंगले में घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इसके बाद महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गईं। इस दौरान जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कंसाना ने कहा कि जब तक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस्तीफा नहीं देते और पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, यह विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन में शामिल पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने आरोप लगाया कि देश के सबसे साफ शहर इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की ही विधानसभा में 10 लोगों की मौत हो गई और वे इसे फोकट का सवाल बता रहे हैं। कांग्रेस ने मांग उठाई कि मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। गौरतलब है कि इंदौर में बुधवार रात जहरीले और दूषित पानी से हुई मौतों पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल पूछा तो उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फोकट के सवाल मत करो और इसके बाद आपत्तिजनक लहजे में आभद्र शब्द का प्रयोग किया।

# अगले 3 माह में विभागों के लक्ष्य को पूरा कराएं अधिकारीः सीएस

### मंत्रालय में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की चर्चा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने अधिकारियों से कहा कि अगले तीन माह में विभागों को मिले लक्ष्य पूरे होने चाहिए और अगले वित्तीय वर्ष को लेकर अभी से मिशन मोड के तहत काम किया जाए, जिससे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन को पूरा किया जा सके। मुख्य सचिव जैन गुरुवार को नए वर्ष के पहले दिन मंत्रालय में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अगले तीन माह के रोडमैप को लेकर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष के आगामी तीन माह के निर्धारित लक्ष्यों को समय अवधि में पूरा करें और आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मिशन मोड में कार्य योजना तैयार करें।अगले तीन साल यानि 2028 तक केलिए अब रोलिंग बजट होगा और सभी विभाग से अपेक्षा की जाती है कि वे अगले तीन वर्षों के लिए राज्य सरकार के गरीब, अन्नदाता, युवा और नारी सशक्तिकरण के विजन को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार करेंगे और उस पर अमल करेंगे।



मुख्य सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश अग्रणी श्रेष्ठ पाँच राज्यों की श्रेणी में शामिल हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछली सप्ताह कॉन्फ्रेंस में कई प्रमुख बातों पर जोर दिया गया है। जिसमें प्रमुख तौर पर मानव संसाधन का विकसित भारत से सरोकार के राष्ट्रीय एजेंडे पर मध्यप्रदेश राज्य को भी कार्य करने के निर्देश मिले है। प्रधानमंत्री की मंशानुसार आम आदमी का जीवन और रोजगार व्यवसाय को सुगम बनाने के लिए 1947 और 1950 के पूर्व के नियम कानूनों का रिव्यू किया जाये और उन्हें आम आदमी की सुगमता के दृष्टिगत रि-डिजाइन किया जाये।

### छोटी दुकानों का निरीक्षण नहीं कराएगा श्रम विभाग

**विसं, भोपाल।** प्रदेश में अब ऐसी दुकानों और प्रतिष्ठानों को श्रम विभाग के निरीक्षण से मुक्त रखा गया है, जहां 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं। यह निर्णय मध्य प्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 में संशोधन के उपरांत लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इज ऑफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा देने कई विभागों को दिशा-निर्देश दिए थे। इस पर विभाग द्वारा अधिनियम में संशोधन के बाद दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों पर अनुपालन का अनावश्यक भार कम करने उक्त निर्णय लिया गया है। इस फैसले में कहा गया है कि यदि निरीक्षण करना जरूरी होता है, तो निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण केवल राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। श्रम विभाग के अपर सचिव बसंत कुर्रे ने बताया है कि इस निर्णय से छोटे दुकानदारों एवं उद्यमियों को परेशानियों से राहत मिलेगी।

### कांग्रेस में ग्राम पंचायत समितियों का गठन शुरू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने बूथ चलो, गाँव चलो' अभियान के तहत ग्राम पंचायत समितियों के गठन करना शुरु कर दिया है। गुरुवार को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की मौजूदगी में ग्राम कोडिया देव की समिति का गठन किया गया। भोपाल की हुजूर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले केडिया देव पंचायत में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष की सहमति से ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति का गठन किया गया। कमेटी के गठन के उपरांत पटवारी व दूसरे नेताओं ने स्थानीय किसानों से संवाद किया। उन्होंने किसानों की समस्याओं, कृषि से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, समर्थन मूल्य, सिंचाई, खाद-बीज एवं बिजली से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। पटवारी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेस पूरी तरह उनके साथ खड़ी रहेगी।

# डीजीपी ने प्रमोट हुए आईपीएस अफसरों को लगाई रैंक

### 2026 के लिए सभी को बताई प्राथमिकताएं

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** गृह विभाग द्वारा आईपीएस अफसरों को प्रमोट किए जाने के बाद गुरुवार को साल के पहले दिन पीएचक्यू में डीजीपी कैलाश मकवाणा ने अफसरों की वर्दी पर नई रैंक लगाकर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डीजीपी ने रैंक लगाने के बाद इन अफसरों से कहा कि यह पदोन्नति उनकी समर्पित और निष्ठापूर्ण सेवा का नतीजा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए जो अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बने। पीएचक्यू में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी ने डीआईजी से प्रमोट होकर आईजी बने निरंजन बी वायंगणकर, शियास ए, ललित शाक्यवार, एसपी से प्रमोट होकर डीआईजी बने राघवेन्द्र सिंह बेलवंशी, किरणलता केरकट्टा, रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढा और विवेक सिंह और एसएसपी के पद पर प्रमोट हुए हितेष चौधरी की वर्दी पर नई रैंक लगाई।



#### जन-गण-मन के साथ स्टाफ को दिया नए साल का संदेश

इससे पहले गुरुवार को साल से पहले दिन पीएचक्यू में जन-गण-मन और वंदे मातरम के साथ काम की शुरुआत की गई। इस दौरान डीजीपी ने प्रदेश के सभी पुलिसकर्मियों को शुभकामना संदेश देते हुए 2025 की उपलब्धियां गिनाईं। इस दौरान डीजीपी ने नए साल के लिए तय किए गए टारगेट के बारे में बताया। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि नए साल में साइबर अपराधों से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग, रोड एक्सीडेंट को कम करना, सिंहस्थ 2028 के सफल आयोजन की तैयारी और मादक पदार्थ और नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इस दौरान डीजीपी ने कहा कि प्रदेश के पुलिस थानों में स्टाफ का व्यवहार पीड़ितों और आवेदकों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाए। इस दौरान स्पेशल डीजी आदर्श कटियार, अनिल कुमार, संजीव शमी, आशुतोष राय समेत भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### आरजीपीवी को मिलेगा कुलपति, प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी), भोपाल में कुलपति पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राजभवन की ओर से आधिकारिक सूचना जारी कर पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह नियुक्ति राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि अधिनियम, 1998 की धारा 12 (2) के तहत गठित चयन समिति द्वारा अनुशंसित पैनल से की जाएगी। कुलपति का कार्यकाल चार वर्ष का होगा। चूंकि कुलपति विवि का सर्वोच्च प्रशासनिक एवं शैक्षणिक अधिकारी होता है, इसलिए अभ्यर्थी में उच्च कोटि की शैक्षणिक योग्यता, प्रशासनिक दक्षता, नैतिकता और संस्थागत प्रतिबद्धता अनिवार्य बताई गई है। वेतन विश्वविद्यालय के परिनियम-04 के अनुसार देय होगा।

# नववर्ष की पहली भस्म आरती...10 हजार से अधिक भक्तों ने किए महाकाल के निराकार स्वरूप के दर्शन

#### साढ़े चार लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई पहले दिन हाजिरी

**जागरण उज्जैन।** अंग्रेजी नया साल 2026 शुरू हो चुका है और इस दिन की महाकाल दर्शन के साथ शुरुआत करने के लिए देश तथा दुनिया से लाखों लोग उज्जैन पहुंच रहे हैं। तड़के नये साल की पहली भस्मारती में 10 हजार से अधिक भक्तों ने चलते-चलते भगवान महाकाल के निराकार स्वरूप के दर्शन किए। सुबह 9 बजे तक डेढ़ लाख से अधिक लोग महाकाल दर्शन कर चुके थे और देर शाम तक यहां आंकड़ा चार लाख से ऊपर पहुंच गया था। नए वर्ष में महाकाल के भक्त सुबह से शाम तक कतार में लगे नजर आ रहे थे।

गुरुवार सुबह नए साल 2026 की शुरुआत करने भगवान महाकाल के आंगन में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ गया। उज्जैन में श्रद्धालु भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए व्यापक इंतजाम किए थे। सुबह महाकालेश्वर मंदिर में नववर्ष पर श्रद्धालुओ ने हर साल की तरह भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। नववर्ष में तडके चार बजे आरंभ हुई पहली भस्मारती में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चलते-चलते भगवान महाकाल के निराकार स्वरूप के दर्शन किए और खुद को धन्य किया। इस मौके पर देश विदेश से भारी संख्या श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। भस्म आरती के दौरान देखते ही देखते श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही थी, लेकिन मंदिर प्रबंध समिति ने पहले ही व्यवस्था के ऐसे इंतजाम किए थे कि श्रद्धालुओ को बाबा महाकाल के आसानी से दर्शन हुए और भक्तों ने यह दर्शन कर देश समाज और परिवार में सुख शांति की प्रार्थना की। गुरुवार सुबह बिहार सरकार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल भी परिवार के साथ महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। रात तक यहां आंकड़ा साढ़े 4 लाख से अधिक पहुंच गया था।



### शिकायत — पूर्व में स्वीकृत सुविधाओं को अचानक बंद करने का आरोप

# अपने ही नीतिगत निर्णयों को भूली सरकार राइस मिलर्स ने दी आंदोलन की चेतावनी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में एक साल बाद फिर से राइस मिलर्स सरकार की नीति को लेकर नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार वादे कर भूल जाती है, जिससे मिलर्स को मिलिंग करना असंभव हो रहा है। जानकारों की मानें तो यदि सरकार मिलर्स की मांगों पर ध्यान नहीं देती, तो प्रदेश में धान मिलिंग पूरी तरह ठप हो सकती है। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष इस मामले को लेकर मिलर्स ने आंदोलन किया था। जिस पर विभागीय मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने सीएम डॉ. मोहन यादव के हस्तक्षेप के उपरांत मिलर्स की मांगों को पूरा किया गया था। तब सरकार द्वारा कई अहम नीतिगत निर्णय लिए गए थे। विभाग द्वारा नीतिगत निर्णयों की जहां अनदेखी की जा रही है, वहीं पूर्व में स्वीकृत सुविधाओं को अचानक समाप्त कर दिया गया है। जानकारी केअनुसार पूर्व में एफ.सी.आई. में सीएमआर परिदान पर मिलर्स को 250 रुपये का भुगतान किया जाता था, जिसे अब समाप्त किया जा रहा है। मिलर्स की माने तो ऐसी स्थिति में मिलिंग की मूल लागत भी निकलना कठिन हो गया है। प्रदेश में उत्पादित धान की गुणवत्ता अन्य राज्यों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने के कारण शासन द्वारा निर्धारित 67 प्रतिशत मानक गुणवत्ता का चावल प्राप्त कर पाना व्यवहारिक रूप से कठिन हो जाता है। इसी तरह पहले मिलर्स को लोडिंग-अनलोडिंग मद में धान 12 रुपए प्रति क्विंटल एवं चावल 12 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाता था, जिसे अब बंद कर दिया गया है, जबकि वास्तविक खर्च लगातार बढ़ रहा है।



#### परिवहन कार्य में भेदभाव

मिल संचालकों की मानें तो विभाग द्वारा एक ही परिवहन कार्य के लिए ट्रांसपोर्टर्स को अधिक दरों पर भुगतान किया जा रहा है, जबकि मिलर्स को कम दर पर भुगतान देय हो रहा है, जिससे परिवहन कार्य में वित्तीय भेदभाव किया जा रहा है। जबकि परिवहन लागत वस्तुतः दोनों के लिए समान होती है, जो मिलर्स की आर्थिक स्थिति को और अधिक जटिल बना रहा है। मिलर्स का कहना है कि प्रदेश में उत्पादित धान से शासन द्वारा निर्धारित 67 प्रतिशत मानक चावल निकालना व्यवहारिक रूप से कठिन है। इसके बावजूद अपग्रेडेशन राशि का कोई आदेश जारी नहीं हुआ। जबकि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मिलर्स को रिजेक्शन एवं ब्रोकन की प्रतिपूर्ति स्वरूप अपग्रेडेशन राशि प्रदान की गई थी।

### हमीदिया सहित प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में नहीं हो पा रहीं हाईटेक जांचें

# 18 करोड़ की एमआरआई मशीन खरीदी पर 30 लाख का इंजेक्टर भूली सरकार

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के हमीदिया अस्पताल सहित प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में सरकारी लापरवाही उजागर हुई है। इस लापरवाही की कीमत मरीजों को चुकाना पड़ रही है। जानकारी अनुसार राज्य सरकार ने जुलाई 2025 में प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में सीटी स्कैन व एमआरआई जांच मशीनों की शुरूआत की है। यह सेटअप एक मेडिकल कॉलेज में 24 करोड़ रुपए का है, इसमें अकेली एमआरआई मशीन 18 करोड़ रुपए की है। लेकिन यह 18 करोड़ रुपए की एमआरआई मशीन करीब 30 लाख रुपए के इंजेक्टर के बिना अधूरी है। राज्य सरकार ने सभी पांच मेडिकल कॉलेज में सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च सीटी व एमआरआई मशीनों का नया सेटअप तो स्थापित करा दिया, लेकिन महज 30 लाख रुपए कीमत का इंजेक्टर खरीदना भूल गई। इसके अभाव में कई जटिल बीमारियों की जांच सटीक प्राप्त नहीं होती। जिसका सीधा असर बीमारी के इलाज पर पड़ता है। राज्य सरकार द्वारा खरीदी गईं एमआरआई जांच मशीनें एडवांस मॉडल की हैं। इनकी कीमत भी बहुत ज्यादा है। यह विश्वस्तरीय तकनीक से सुसज्जित मशीनें हैं। लेकिन इसमें प्रेशर इंजेक्टर न होने के कारण कैंसर, ट्यूमर, हार्ट डिसीज में जांचें नहीं हो पा रहीं। इसका खामियाजा उन मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, जिनको उक्त बीमारी है और चिकित्सक महंगी महंगी जांच लिख रहे हैं।



#### मैनुअल डाई से चल रहा काम

हमीदिया अस्पताल सहित प्रदेश के पांचों मेडिकल कॉलेज में फिलहाल एमआरआई जांच के दौरान डाई डालने का काम मैनुअली किया जा रहा है। अगर डॉक्टर ने डाई वाला स्कैन लिखा है, और अस्पताल में इंजेक्टर नहीं है, तो डॉक्टर या टेक्नीशियन हाथ से सीरिंज के जरिए डाई दे सकते हैं।

#### इन बीमारियों की जांच में उपयोगी

प्रेशर इंजेक्टर का मुख्य उद्‌देश्य शरीर में गैडोलीनियम आधारित कंट्रास्ट डाई को सटीक तरीके से पहुंचाना है। यह निम्न स्थितियों में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**ट्यूमर और कैंसरः** ट्यूमर को सामान्य ऊतकों से अलग पहचानना और यह देखना कि ट्यूमर कितना आक्रामक है।

**न्यूरोलॉजीः** मस्तिष्क में ट्यूमर, मल्टीपल स्केलेरोसिस और इन्फ्लेमेशन की जांच के लिए।

**कॉर्डियोलॉजीः** हृदय की मांसपेशियों में डैमेज या रक्त प्रवाह की कमी का पता लगाने के लिए।

**एमआरए एंजियोग्राफीः** शरीर की नसों और धमनियों में ब्लॉकेज या एन्यूरिज्म (नस का फूलना) देखने के लिए।

**संक्रमणः** शरीर के अंगों या हड्डियों में छिपे संक्रमण को साफ देखने के लिए।

इंजेक्टर के बिना अभी यह काम हो रहा

**हड्डियों और जोड़ों की जांचः** घुटने का दर्द, कंधे की चोट, या रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) में डिस्क की समस्या।

**ब्रेनः** सामान्य सिरदर्द या स्ट्रोक की जांच।

#### इंजेक्टर के अभाव में यह हो रहा नुकसान

- **टाइमिंग की कमीः** कुछ स्कैन में सेकंड का हिसाब होता है। डाई नस में पहुंचते ही मशीन चलनी चाहिए। हाथ से इंजेक्शन देते समय तालमेल बिठाना बहुत मुश्किल होता है।
- **इमेज क्वालिटीः** इंजेक्टर एक जैसा दबाव देता है जिससे नसें पूरी तरह और साफ दिखाई देती हैं। हाथ से इंजेक्शन देने पर दबाव कम-ज्यादा हो सकता है, जिससे फोटो धुंधली आ सकती है।
- **सलाइन फ्लशः** इंजेक्टर डाई के पीछे तुरंत सलाइन भेजता है ताकि पूरी डाई नस में चली जाए। हाथ से करने पर डाई का कुछ हिस्सा ट्यूब में ही रह जाता है, जिससे महंगी डाई बर्बाद होती है।

# कुछ देशों में नए वर्ष का अनोखा स्वागत...



नए साल के स्वागत में जापान में मंदिरों में 108 बार घंटियां बजाने की परंपरा है, जिसे 'जोया नो काने' कहा जाता है। लोग लंबी उम्र के प्रतीक के रूप में 'तोशिकोशी सोबा' (नूडल्स) खाते हैं।



फिलीपींस में लोग नए साल में पैसा और समृद्धि लाने के लिए पोल्का डॉट्स वाले कपड़े पहनकर गोल फल दिखाए, जो सिक्कों का प्रतीक हैं।



पनामा, इक्वाडोर में बीते साल का प्रतिनिधित्व करने वाले पुतलों में लकड़ी का बुरादा और पटाखे भरकर आधी रात को जलाया गया। मानना है कि इससे पिछले साल की बुराइयां नष्ट हो जाती हैं और एक नई शुरुआत होती है।



क्यूबा और प्यूटो रिको में नए साल का जश्न आधी रात को खिड़कियों से पानी की बाल्टियां फेंकर मनाया गया, जो पुराने साल को धोकर विदा करने का प्रतीक है।

कोलंबिया और मैक्सिको में लोग नए साल में रोमांच और यात्रा को आकर्षित करने के लिए पैक किए हुए सूटकेस लेकर पड़ोस में घूमते हैं।



डेनमार्क में लोग आधी रात को ठीक 12 बजे कुर्सियों और सोफे से कूदकर नए साल में प्रवेश करते हैं।

ब्राजील में लोग शांति के प्रतीक के रूप में सफेद कपड़े पहनते हैं और समुद्र की देवी को फूल और उपहार अर्पित करने के लिए समुद्र तटों पर जाते हैं।



# लापता लेडीज ने तोइफा-2025 में मचाई धूम

## चमकीला चमका, मिर्जापुर 3 और पंचायत 3 ने ओटीटी पर हासिल की जीत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तोइफा (टाइम्स ऑफ इंडिया फिल्म अवार्ड्स) 2025 की रात पहले से कहीं ज्यादा शानदार रही, जिसमें मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में सिनेमा और ओटीटी के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को सम्मानित किया गया। लापता लेडीज समारोह की निर्विवाद चैंपियन बनकर उभरी, जिसने सभी कैटेगरी में शानदार जीत हासिल करके इतिहास रच दिया। अपनी ताजा कहानी और दिल को छू लेने वाले अभिनय के लिए मशहूर इस फिल्म ने डायरेक्शन, कहानी, स्क्रीनप्ले, डायलॉग, प्रोडक्शन डिजाइन, संगीत, अभिनय, कई पीपल्स चॉइस सम्मान सहित बड़ी संख्या में पुरस्कार जीते।

किरण राव के डायरेक्शन से लेकर नितांशी गोयल के शानदार डेब्यू और रवि किशन की दोहरी जीत तक फिल्म ने दबदबा बनाए रखा, जिससे यह रात की सबसे ज्यादा पुरस्कार जीतने वाली फिल्म बन गई। ज्यादा पीछे नहीं, अमर सिंह चमकीला ने भी उतना ही जबरदस्त प्रभाव डाला, जिससे इसकी सांस्कृतिक और संगीत की गूंज और मजबूत हुई। फिल्म ने डायरेक्शन, एडिटिंग, बैकग्राउंड स्कोर,



लेखन, एडिटिंग में शीर्ष सम्मान हासिल किए और साल की सबसे बड़ी ओटीटी वेब फिल्म का पुरस्कार जीता। अभिनय कैटेगरी में दिलजीत दोसांझ को वेब फिल्म एक्टिंग एक्सीलेंस (पुरुष) पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि परिणीति चोपड़ा ने साल के सबसे प्रशंसित प्रदर्शनों में से एक के लिए महिला समकक्ष पुरस्कार जीता। ओटीटी सेगमेंट में मिर्जापुर सीजन 3 और पंचायत सीजन 3 ने अपनी कैटेगरी में राज किया। मिर्जापुर 3 ने ड्रामा सीरीज ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता। जबकि पंचायत 3 ने कॉमेडी सीरीज ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतकर पहचान बनाए रखी।

### पीपल्स चॉइस विनर्स ने शाम में एक लोकतांत्रिक चमक बिखेरी

पंकज त्रिपाठी, श्रद्धा कपूर, राघव जुयाल, शरवरी वाघ, हुमा कुरैशी, जितेंद्र कुमार, राजकुमार राव और उभरते सितारे लक्षय लालवानी सभी दर्शकों के प्यार से मिले सम्मान के साथ घर लौटे। स्त्री 2 का चार्टबस्टर गाना 'आई नहीं' थियेट्रिकल सॉन्ग ऑफ द ईयर बना, जबकि फैंस ने लापता लेडीज को थियेट्रिकल फिल्म ऑफ द ईयर के रूप में फिर से चुना, जिससे इसकी सांस्कृतिक छाप और भी मजबूत हुई। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को भी सम्मानित किया गया, जिन्हें सिनेमा में उनके बेहतरीन योगदान के लिए मरणोपरांत सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मशहूर गीतकार, लेखक और फिल्म निर्माता गुलजार को भी भारतीय सिनेमा और साहित्य में उनके जबरदस्त योगदान के लिए सम्मानित किया गया, उनकी कालातीत कला और गहरी कहानी कहने की कला का सम्मान किया।

# बांग्लादेश में भीड़ ने फिर हिंदू शख्स को जलाया

## धारदार हथियारों से हमला, अस्पताल में भर्ती; 15 दिन में 3 की हत्या

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश में फिर से एक हिंदू शख्स को जलाने का मामला सामने आया है। शरियतपुर जिले में 31 दिसंबर को 50 वर्षीय खोकोन दास पर भीड़ ने हमला कर दिया। खोकोन दास घर लौट रहे थे, तभी कुछ लोगों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। पहले उन पर धारदार हथियारों से हमला किया गया, फिर बेरहमी से पीटा गया और आग के हवाले कर दिया गया। इस हमले में वे गंभीर रूप से झुलस गए। घायल अवस्था में खोकोन दास को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। आग में झुलसे हिंदू शख्स खोकोन दास का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



पिछले महीने हिंदू युवक को पेड़ पर लटकाकर जलाया

इससे पहले 18 दिसंबर को मैमनसिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। इसके बाद उनके शव को पेड़ पर लटकाकर आग लगा दी गई थी। दीपू दास को भीड़ ने ईशनिंदा के झूठे आरोप लगाकर पीटा था। वे एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करते थे। इस मामले की जांच में यह सामने आया कि जिस दावे के आधार पर भीड़ ने हमला किया था, उसके कोई सबूत नहीं मिले। दरअसल, सोशल मीडिया पर यह आरोप लगाया जा रहा था कि दीपू चंद्र दास ने फेसबुक पर ऐसी टिप्पणी की थी, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

### पड़ोसी में थम नहीं रहे हिंदुओं पर हमले

बांग्लादेश में १५ दिन के भीतर 3 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है। 18 दिसंबर को दीपू चंद्र की हत्या के बाद 24 दिसंबर को भीड़ ने एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई। अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। 29 दिसंबर को मैमनसिंह जिले में कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### शिवसेना उम्मीदवार ने दूसरे कैंडिडेट का फॉर्म निगला, केस दर्ज

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव से पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। पुणे में शिवसेना के एक उम्मीदवार पर अपनी ही पार्टी के कैंडिडेट का ए-बी फॉर्म फाड़कर निगल लिया। घटना बुधवार को धनकवड़ी सहकारनगर वार्ड कार्यालय में हुई। बाद में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिवसेना के उम्मीदवार उद्धव कांबले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुणे में वार्ड नंबर 34 के लिए शिवसेना के दो उम्मीदवारों को ए-बी फॉर्म जारी किए गए थे। इसके बाद शिवसेना के उम्मीदवारों कांबले और मच्छिंद्र धवले के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान, कांबले ने धवले का ए-बी फॉर्म छीन लिया, उन्हें फाड़ दिया और टुकड़े निगल लिए। फॉर्म, और बी जरूरी दस्तावेज हैं, जिनके तहत एक राजनीतिक पार्टी किसी खास नॉमिनी को चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित करती है। बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, काउंटिंग अगले दिन होगी। नॉमिनेशन प्रक्रिया 23 दिसंबर को शुरू हुई थी, जो 30 दिसंबर को खत्म हुई। 2 जनवरी नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है।

## कश्मीर में क्रिकेटर ने हेलमेट पर लगाया फिलिस्तीनी झंडा

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में एक घरेलू लीग मैच के दौरान एक क्रिकेटर के फिलिस्तीनी झंडे के इस्तेमाल पर विवाद खड़ा हो गया है। क्रिकेटर का नाम फुरकान भट्ट है। वह बुधवार को जम्मू और कश्मीर चैंपियंस लीग में मैच खेल रहे थे। लोकल टीम जेके11 की तरफ से मैदान में बैटिंग करने आए फुरकान ने हेलमेट पर फिलिस्तीनी झंडा लगा लिया। मामला सामने आने के बाद जम्मू ग्रामीण पुलिस ने खिलाड़ी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके अलावा, लीग के आयोजक जाहिद भट्ट से भी पूछताछ की जाएगी। दरअसल इजराइल-हमास के बीच 2023 से जंग चल रही है। सबसे ज्यादा असर फिलिस्तीन के गाजा पर पड़ा है। जिस पर हमास का शासन है।

**घरेलू लीग खेल रहा था, पुलिस ने खिलाड़ी-आयोजक को पूछताछ के लिए बुलाया**

# नए साल पर 5 लाख से अधिक लोगों ने किए रामलला के दर्शन

## वैष्णो देवी मंदिर में भीड़ बढ़ने पर रजिस्ट्रेशन बंद



**नई दिल्ली, जेएनएन।** नए साल पर देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ पहुंची है। मथुरा और अयोध्या में बांके-बिहार मंदिर में दर्शन करने वालों की भीड़ लगी हुई है। अयोध्या में शाम 5 बजे तक 5 लाख से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन किए। मंदिर प्रशासन ने लोगों से 5 जनवरी तक दर्शन के लिए न आने की अपील की है। उज्जैन के महाकाल मंदिर में काफी भीड़ है। उपकप्तान स्मृति मंधाना समेत महिला क्रिकेट टीम की कुछ सदस्य भी यहां दर्शन करने पहुंची हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन करने वालों की बहुत भीड़ है। अव्यवस्था से बचने के लिए वैष्णो देवी मंदिर श्राइन बोर्ड ने रजिस्ट्रेशन रोक दिए हैं। देशभर से साल 2026 के पहले सूर्योदय की तस्वीरें भी सामने आई हैं।

# आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी को खरीदने पर शाहरुख का विरोध

## रामभद्राचार्य बोले- एक्टर देशद्रोही, गद्दारों जैसे काम कर रहे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बांग्लादेश में हिंदुओं की हो रही हत्या पर धर्मगुरुओं देवकीनंदन ठाकुर और जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने गुरुवार को आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में क्यों खरीदा गया। रामभद्राचार्य ने कहा, शाहरुख खान हीरो नहीं है। उनका कोई चरित्र नहीं है। वे गद्दारों जैसे काम रहे हैं। शाहरुख की फ्रैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने क्रिकेटर रहमान को 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा है। देवकीनंदन ने कहा कि एक टीम मालिक इतना पत्थर दिल कैसे हो सकता है कि वह उस देश के क्रिकेटर को अपनी टीम में शामिल करे, जहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। दरअसल, बांग्लादेश में 12 दिन में 3 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है। भारत में इसका विरोध हो रहा है। कई जगह प्रदर्शन हो रहे हैं।




### देवकीनंदन बोले-बांग्लादेशी क्रिकेटर को टीम से निकालें

आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर ने विरोध जताते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं का बेरहमी से कत्ल किया जा रहा है, उनके घर जलाए जा रहे हैं और उनकी बहनों और बेटियों का रेप किया जा रहा है। ऐसी बेरहम हत्याएं देखने के बाद कोई इतना पत्थर दिल कैसे हो सकता है, खासकर वह जो खुद को एक टीम का मालिक कहता है? वह इतना क्रूर कैसे हो सकता है कि उसी देश के क्रिकेटर को अपनी टीम में शामिल करे? तुम इस देश का कर्ज कैसे चुकाओगे? एक बांग्लादेशी क्रिकेटर को लाकर और उसे हमारी जमीन पर खिलाकर? हम केकेआर मैनेजमेंट और उनके बॉस से कहेंगे, इस बात को समझो और उस क्रिकेटर को टीम से निकालो।

### राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बीच एक घंटे मुलाकात

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई, जेएनएन। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के चीफ राज ठाकरे के शिवाजी पार्क स्थित घर पहुंचे। दोनों के बीच करीब 1 घंटे तक गठबंधन और सीट बंटवारे पर चर्चा हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों गठबंधन में अभी भी कुछ सीटों पर पेंच फंसा हुआ है। उधर, शिवसेना यूबीटी में आदित्य ठाकरे की करीबी मानी जाने वाली और पार्टी की उपनेता शीतल देवरुखकर-शेठ ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही उनके जल्द ही बीजेपी में शामिल होने की खबरे हैं। शीतल शिवसेना यूबीटी की युवा सेना की कोर कमेटी की मेंबर भी थीं। राज्य के मुंबई, पुणे समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को मतदान होगा। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा। उम्मीदवारी वापस लेने की शुक्रवार को आखिरी तारीख है। उद्धव और राज ठाकरे ने 20 साल बाद चुनाव साथ लड़ने का ऐलान किया है। इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया था।

# न्यू ईयर ईव पर भारतीयों को खूब भायी बिरयानी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बीती शाम यानी 31 दिसंबर, 2025 की रात आने वाले साल का जश्न जमकर मनाया गया। जैसे-जैसे शाम होती गई वैसे-वैसे फूड डिलीवरी ऑर्डर भी बढ़ने लगे। ऑनलाइन ऑर्डर ट्रेंड से पता चला है कि न्यू ईयर ईव पर असल में इंडिया ने क्या खा रहा था? पार्टी के लिए मजेदार खाने से लेकर कम्फर्ट फूड और देर रात की चाय तक नए साल के जश्न में शामिल रही। इसके साथ ही रोज मर्रा की खाने पीने की चीजों ने भी रात भी राज किया। तो आइए जानते हैं 31 दिसंबर, 2025 की रात को भारत ने सबसे ज्यादा क्या ऑर्डर किया? ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रियल टाइम अपडेट दिया है। उसके मुताबिक, बिरयानी के बिना नए साल की शाम अधूरी रहेगी। स्विगी ने बताया कि



शाम तक 2,18,993 से ज्यादा बिरयानी का ऑर्डर दिया जा चुका था। यह डिश एक बार फिर घर पर होने वाले सेलिब्रेशन, हाउस पार्टियों और आखिरी मिनट के प्लान के लिए सबसे पसंदीदा चॉइस साबित हुई। सेलिब्रेशन के दौरान फास्ट फूड ने भी अपनी जगह बनाए रखी। शाम तक 90,000 से ज्यादा बर्गर ऑर्डर किए जा चुके थे।

### इनकी रही ज्यादा डिमांड

- 2,18,993 से ज्यादा बिरयानी
- 90,000 से ज्यादा बर्गर
- 46,627 गुलाब जामुन
- 29,618 कप चाय
- 9,410 खिचड़ी ऑर्डर
- 7,573 गाजर का हलुआ
- 4,244 उपमा ऑर्डर
- 1,927 सलाद ऑर्डर



स्पेन में लोग आधी रात को घड़ी की हर घंटी (12 बार) के साथ 12 अंगूर खाते हैं। माना जाता है कि जो इसे समय पर पूरा कर लेता है, उसके लिए पूरा साल भाग्यशाली रहता है।



दक्षिण अफ्रीका में लोग नए साल की शुरुआत के लिए अपने घरों से पुरानी और अनचाही चीजें (यहां तक कि पुराना फर्नीचर और बिजली के उपकरण) खिड़की से बाहर फेंकते हैं। यह जीवन से 'पुरानी यादों और बोझ' को हटाने का प्रतीक है।

आयरलैंड में घर का मुखिया क्रिसमस की बची हुई रोटी (या ताजी रोटी) को घर की दीवारों और दरवाजों पर मारता है। माना जाता है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर भागती हैं और नए साल में भोजन की कमी नहीं होती।

रोमानिया में पारंपरिक नृत्य 'होरा' में एक बड़ा, अटूट घेरा बनाकर लोग नृत्य करते हैं, जो आने वाले वर्ष में एकता, निरंतरता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।



रूस में मध्यरात्रि में क्रेमलिन की घड़ी बजते ही लोग अपनी इच्छा एक कागज पर लिखते हैं, उसे जलाते हैं, उसकी राख को शैम्पेन के गिलास में मिलाते हैं और घड़ी की अंतिम घंटी बजने से पहले उसे पी जाते हैं।



- **इटली:** नए साल की पूर्व संध्या पर लाल रंग का अंडरवियर पहनना सौभाग्य और प्रेम लाने वाला माना जाता है।
- **नीदरलैंड्स:** यहां कड़ाके की ठंड के बावजूद लोग समुद्र में डुबकी लगाकर नए साल की शुरुआत करते हैं।
- **दक्षिण अमेरिका:** यात्रा की इच्छा रखने वाले लोग आधी रात को एक खाली सूटकेस लेकर घर के चक्कर लगाते हैं।
- **यूनान:** सौभाग्य और उर्वरता के लिए दरवाजों पर प्याज के गुच्छे लटकाने की परंपरा है।

# सात बड़े नालों का पानी नर्मदा में नहीं गिरने देंगे : कलेक्टर

**जागरण, डिंडौरी।** नर्मदा नदी में सात बड़े नालों के गिरने वाले पानी को रोकने की तैयारी प्रशासन ने कर ली है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने गुरुवार को बताया कि नर्मदा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए अब नगर के सात बड़े नालों का गंदा पानी नदी में नहीं गिरने दिया जाएगा। लंबे समय से श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों की मांग को देखते हुए राज्य शासन ने इस परियोजना के लिए 1 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। ठेकेदार ने गुरुवार से ही मौके पर काम शुरू कर दिया है। इस योजना के तहत श्मशान घाट, नर्मदा मंदिर पुल, गायत्री मंदिर और कॉलेज के पास वाले प्रमुख नालों का पानी रोका जाएगा। इसके लिए रिटेनिंग वॉल और लिफ्टिंग पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि नर्मदा में मिल रही गंदगी को लेकर लोगों में काफी गुस्सा था। समस्या सुलझाने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग के सीनियर अधिकारियों को कई बार पत्र लिखे थे।



"ट्वीट ऑफ द डे"



हरीश रावत, पूर्व सीएम उत्तराखंड

मैं तो कह चुका हूं कि चुनाव लड़ाऊंगा। 2027 का विधानसभा करो या मरो का चुनाव होगा, यानी जीतो या खत्म हो जाओ। हम लगातार तीसरी बार किसी कीमत पर चुनाव नहीं हारना चाहते, इसलिए मैं चुनाव जिताने के लिए काम करूंगा। मैं 2022 में भी चुनाव नहीं लड़ना चाहता था, उस समय मना किया था।

# पुलिस पेट्रोल पंप व कैंटीन में केवल स्टॉफ के परिजनों की होगी नियुक्ति

## कल्याण शाखा में तैनाती के लिए तीन साल की लिमिट, नव आरक्षकों को ब्रांच में नहीं मिलेगी पोस्टिंग

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस की कल्याण शाखा ने नए साल में स्टाफ की नियुक्ति से लेकर उनके सेवाकाल तक के लिए नए नियम लागू कर दिए गए हैं। पीएचक्यू समेत कई यूनिटों में वेलफेयर ब्रांच में पिछले साल उजागर हुए करोड़ों के फर्जी भुगतान और घोटाले और क्रेडिट सोसाइटियों में पिछले सालों में हुई अनियमितताओं के उजागर होने के बाद ये बड़ा फैसला लिया गया है। ब्रांच के मुखिया स्पेशल डीजी अनिल कुमार ने नए साल से सभी यूनिटों के लिए नए नियम जारी किए हैं।

पिछले साल पुलिस की परामर्शदात्री समिति की बैठक में भी कल्याण शाखा में पुलिस के कर्मचारियों की लंबी पदस्थापना को लेकर सवाल उठे थे और वहां तैनात स्टाफ को दो साल में बदले जाने का प्रस्ताव चर्चा के लिए आया था। इसके बाद पीएचक्यू, जिला बल, एसएएफ, जीआरपी, बटालियन और अन्य यूनिटों की कल्याण शाखाओं में काम कर रहे स्टाफ के सेवाकाल की अवधि को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। पुलिस की कल्याम शाखा ही स्टाफ के वेलफेयर से जुड़ी हर गतिविधिय के साथ उनके लोन, आर्थिक मदद, बीमारी के दौरान इलाज की रकम के भुगतान को मंजूरी देती है।





### आउटसोर्स पर होगी स्टाफ के परिजनों की भर्ती

नए साल में एक बड़ा बदलाव ये किया गया है कि पुलिस की प्रदेश में स्थित 112 यूनिटों में चल रहे पेट्रोल पंपों, कैंटीन और सहकारी संस्थाओं में अब बाहरी कर्मचारियों के काम करने पर रोक लग जाएगी। कल्याण शाखा ने तय किया है कि जितनी भी इकाइयों द्वारा पेट्रोल पंप, कैंटीन, सहकारी संस्थाएं (कॉ-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी), झूलाघर, पुलिस अस्पताल, डिस्पेंसरी आदि संचालित हो रहे हैं, उनमें अब पुलिस परिवार के आश्रित बेरोजगार परिजनों को ही नौकरी मिलेगी। इसके लिए संबंधित यूनिट के प्रमुख को आउटसोर्स के जरिए इन्हें नौकरी देने को कहा गया है। इसके साथ ही ये भी तय किया गया है कि कल्याण शाखा में किसी भी नव आरक्षक को किसी भी हालत में तैनात नहीं किया जाएगा।

### स्टाफ की लिमिट भी की गई तय

देखने में आया है कि पुलिस के कई कर्मचारी सालों तक अपना अटैचमेंट वेलफेयर ब्रांच द्वारा संचालित पेट्रोल पंप, कैंटीन, सोसाइटी आदि में करा लेते हैं। ऐसे में यहां जरूरत से अधिक कर्मचारी अटैच होते हैं और जिला बल और बटालियन में काम के लिए स्टाफ की कमी बनी रहती है। अब ये भी तयकिया गया है कि किसी भी कैंटीन में अधिकतम तीन और क्रेडिट सोसाइटी एवं पेट्रोल पंप पर दो से ज्यादा पुलिसकर्मी नियुक्त नहीं होगे। इसके अलावा यहां काम करने वाले शेष सभी कर्मचारी और अधिकारी आउटसोर्स पर यूनिट हेड द्वारा रखे जाएंगे जो पुलिस स्टाफ के परिजन होंगे। इसके साथ ही किसी भी यूनिट में स्थित कल्याण शाखा में भी अधिकतम दो ही पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

### एक बार में 3 साल और सेवाकाल में पांच साल से ज्यादा की पोस्टिंग नहीं

स्पेशल डीजी अनिल कुमार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सभी यूनिटों को कहा गया है कि उनके यहां स्थित कल्याण शाखा और उसकी गतिविधियों में पुलिस कर्मचारियों की एक बार में अधिकतम तीन साल तक ही तैनाती होगी। आदेश के मुताबिक पुलिस की जिन भी कल्याण शाखाओं में तीन साल से अधिक समय से पुलिसकर्मी जमे हुए हैं अब उन्हें बदला जाएगा। इसके साथ ही ये भी निर्णय लिया गया है कि किसी भी पुलिसकर्मी को पूरे सेवा काल के दौरान पांच साल से अधिक कल्याण शाखा में नियुक्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी कर्मचारी की तीन साल की सेवा कल्याण शाखा में पूरी हो गई है तो उसे दोबारा कल्याण शाखा में आने के लिए कम से कम पांच साल तक अन्य ब्रांचों में काम करना होगा। नए नियम में एक अहम बदलाव ये भी किया गया है कि जिन कर्मचारियों का ट्रेक रिकॉर्ड उत्कृष्ट श्रेणी का होगा उन्हें ही इस ब्रांच में अब पोस्टिंग मिलेगी।

# ऑपरेशन पैंथरः बच्चे का शिकार करने वाला तेंदुआ पहुंचा पिंजरे में

**जागरण, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ स्थित ग्राम घुनौर और आसपास के इलाकों में घूम रहे तेंदुए को गुरुवार को वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पिंजरे में कैद कर लिया। तेंदुए ने हाल ही में एक 10 साल के बच्चे का शिकार किया था। दरअसल 30 दिसंबर की दोपहर ग्राम घुनौर निवासी राज कोल अपनी बहन और साथियों के साथ लकड़ी बीनने गया था, तभी घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे उठाकर झाड़ियों में ले गया। सघन तलाशी अभियान के बाद झाड़ियों में बच्चे का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने तेंदुए को तुरंत पकड़ने की मांग की। तेंदुए को पकड़ने गुरुवार सुबह से ऑपरेशन पैंथर शुरू किया गया। वन विभाग की टीम ने घुनौर के जंगलों में तेंदुए की गतिविधियों वाले रास्तों को



चिह्नित किया और वहां मजबूत पिंजरे लगाए, जिनमें शिकार का लालच दिया गया। कई घंटों के इंतजार और कड़ी निगरानी के बाद, आखिरकार तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। वन विभाग की टीम ने इस ऑपरेशन को कुशलता से अंजाम दिया ताकि किसी को कोई नुकसान न हो। एसडीओ सुरेश भरौले ने बताया कि तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कर लिया है। तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अब सतना जिले के मुकुंदपुर चिड़ियाघर में छोड़ा जाएगा।

## मगदर्रा सर्किल में मादा तेंदुए का शव मिला

**जागरण, बालाघाट।** जिले में संरक्षित वन्यजीवों की मौत का सिलसिला जारी है। उत्तर सामान्य वनमंडल के दक्षिण लामता अंतर्गत मगदर्रा सर्किल से एक किलोमीटर दूर एक खेत में गुरुवार को एक मादा तेंदुए का शव मिला है। एक सप्ताह के भीतर जिले में दूसरे तेंदुए की मौत का मामला है। सूचना मिलने पर वनमंडलाधिकारी रेशमसिंह धुर्वे और



परिक्षेत्र अमला तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा। शव का पीएम पशु चिकित्सकों की एक टीम ने किया, जिसमें सिविल सर्जन डॉ. घनश्याम परते, पशु प्रजनन अधिकारी डॉ. राजेश्वर सिंह नगपुरे और पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. पूजा धुर्वे शामिल थे। वन मंडल अधिकारी रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि मादा तेंदुए के सिर और पेट में चोट के निशान मिले हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### घूस लेते आयुष अफसर और क्लर्क गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** छतरपुर के जिला आयुष कार्यालय में चल रही न्यू ईयर पार्टी का मजा उस वक्त किरकिरा हो गया जब लोकायुक्त पुलिस की सागर टीम ने वहां दबिश दी। इस टीम ने जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा और क्लर्क अनिल साहू को 5000 रुपए की रिश्वत लेते हुए पार्टी में ही रंगे हाथों धर दबोचा। मामला इसी दफ्तर में पदस्थ चपरासी अविनाश चंद्र मिश्रा से जुड़ा है। मिश्रा की 20 दिन की छुट्टी मंजूर करने और उसका वेतन जारी करने के एवज में महिला अफसर ने घूस की डिमांड की थी। चपरासी ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से की, जिसके बाद अफसर को रंगे हाथ दबोचने के लिए जाल बिछाया गया। लोकायुक्त पुलिस ने ट्रेप के लिए साल के पहले दिन को चुना। गुरुवार को जिस समय टीम यहां पहुंची ऑफिस में नए साल का जश्न मनाया जा रहा था। यहां चपरासी ने जैसे ही चपरासी ने जैसे ही महिला डॉक्टर को रिश्वत के पैसे थमाए, पहले से तैयार लोकायुक्त की टीम ने छापा मार दिया, जिससे हड़कंप मच गया। तलाशई के दौरान घूस में दिए गए नोट बरामद होते टीम ने महिला अधिकारी के साथ उसके सहयोगी क्लर्क को भी हिरासत में ले लिया। पकड़े जाने के बाद जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि चपरासी उसे डेढ़ माह से परेशान कर रहा था और पार्टी के दौरान वह जबरदस्ती मेरे पर्स में पैसे डालकर भाग गया। वहीं, इस मामले में फंसे क्लर्क अनिल साहू ने कहा कि पैसे मैडम ने मांगे थे और वह केवल मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे थे।



### डिवाइडर से टकराकर चार बार पलटी कार, एक्टिवा सवार बचे

**भोपाल।** नए साल पर देर रात पार्टी कर लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार कर डिवाइडर से टकराकर चार पलटी खाकर उलट गई। हादसे में सामने से आ रहे एक्टिवा सवार युवक बाल-बाल बच गए। कार सवार युवकों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद वे कार छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चूनाभट्टी पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय रितिक पटेल चाणक्यपुरी चूनाभट्टी में रहता है। वह इवेंट प्लेयर है। बुधवार-गुरुवार रात रितिक अपने दोस्त आदित्य के साथ घर लौट रहा था। साढ़े तीन बजे वह अभी बाबा नगर के पास मोड़ पर पहुंचा था, तभी बंसल अस्पताल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 04 जेडजी 5377 डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद कार एक के बाद एक चार पलटी खाकर सड़क पर उलट गई।

महिला अभ्यर्थी को उम्र में छूट का मामला, हाई कोर्ट का निर्देश

# आरक्षण के तहत आवेदन पर भी ओपन मुकाबले का अधिकार

**जबलपुर, जेएनएन।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई महिला उम्मीदवार मेधावी है और उसे नियमों के तहत उम्र में छूट मिली है, तो केवल इसी आधार पर उसे ओपन (अनारक्षित) कैटेगरी में चयन से वंचित नहीं किया जा सकता।

जस्टिस दीपक खोट की पीठ ने आई असिस्टेंट (मिनिस्ट्रियल) पद से जुड़े एक मामले में यह टिप्पणी करते हुए संबंधित अधिकारियों को याचिकाकर्ता की नियुक्ति पर विचार करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि वर्टिकल या हॉरिजॉन्टल आरक्षण के तहत आवेदन करने वाला उम्मीदवार भी ओपन कैटेगरी में मुकाबला कर सकता है, बशर्ते उसके अंक उस कैटेगरी के कट-ऑफ से अधिक हों।

कोर्ट ने माना कि नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि उम्र में छूट पाने वाली महिला उम्मीदवार ओपन कैटेगरी में मुकाबला नहीं कर सकती। अदालत ने कहा कि ओपन कैटेगरी सभी के लिए खुली है और अधिक अंक पाने वाली महिला उम्मीदवार को केवल उम्र के आधार पर बाहर करना कानूनन सही नहीं है।

### यह है मामला

मामले में महिला याचिकाकर्ता ने संयुक्त परीक्षा भर्ती टेस्ट 2023 में 65.97 अंक हासिल किए थे, जबकि चयनित उम्मीदवार को 62.88 अंक मिले थे। इसके बावजूद याचिकाकर्ता को इसलिए नहीं चुना गया क्योंकि उसकी उम्र 45 वर्ष थी और ओपन कैटेगरी की उम्र सीमा 18-40 वर्ष बताई गई थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि विज्ञापन के क्लॉज 9.3 के तहत महिला उम्मीदवारों को 45 वर्ष तक उम्र में छूट दी गई है।

1755 के युद्ध नायकों के लिए स्मारक स्तूप की अनुमति

# मद्रास हाईकोर्ट ने कहा- 'जब स्टैन स्वामी का स्मारक बन सकता है, तो इनका क्यों नहीं?'

**चेन्नई/नई दिल्ली, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट ने 18वीं सदी के औपनिवेशिक विरोध से जुड़े एक महत्वपूर्ण फैसले में 1755 के नाथम कनावई युद्ध के नायकों की स्मृति में स्तूप स्थापित करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने कहा कि यदि स्टैन स्वामी की स्मृति में स्मारक के लिए अनुमति की जरूरत नहीं पड़ती, तो नाथम कनावई युद्ध के नायकों के लिए स्तूप लगाने से कैसे रोका जा सकता है। यह आदेश जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने उस याचिका पर दिया, जिसे अधिवक्ता शिवा कलैमणि अम्बालम ने दाखिल किया था। उन्होंने नाथम के तहसीलदार



द्वारा स्तूप लगाने की अनुमति से इनकार किए जाने को चुनौती दी थी। अदालत ने याचिका स्वीकार करते हुए प्रशासन के फैसले को अनुचित ठहराया।

कोर्ट के समक्ष यह तथ्य रखा गया कि वर्ष 1755 में नाथम कनावई में मेलूर कल्लर समुदाय और ब्रिटिश सेना के बीच भीषण संघर्ष हुआ था, जिसमें कल्लर समुदाय ने जीत हासिल की थी।

# फार्मेसी कॉलेजों में 8,969 सीटें रह गईं खाली

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तीन सीएलसी से दिए गए फार्मेसी की सीटों पर प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तकनीकी शिक्षा विभाग ने फार्मेसी कोर्स में प्रवेश कराने के लिए तीन चरण की कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) से प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली है। विभाग द्वारा 24 दिसंबर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बी/डी फार्मा, एलटी फार्मा, एमफार्मा और फार्माडी में प्रवेश देने सीएलसी कराई गई।

प्रदेश में फार्मेसी कालेजों 37 हजार 467 सीटें हैं। इनमें से 28,498 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया, जबकि 8,969 सीटें खाली रह गईं। सबसे अधिक सीटें बी/डी फार्मा में थीं। 282 कालेजों में 33 हजार 100 सीटों में से 25 हजार 991 प्रवेश हुए। इस प्रमुख पाठ्यक्रम में भी 7 हजार 109 सीटें भर नहीं पाईं। लेटरल एंटी फार्मा में स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर रही। 185 कालेजों में दो हजार 48 सीटों के मुकाबले महज 413 प्रवेश हो सके हैं। अभी भी एक हजार 635 सीटें खाली रहीं। एमफार्मा के 74 कालेजों की दो हजार 209 सीटों में से दो हजार 10 पर दाखिले हुए और 199 सीटें रिक्त रह गई हैं। फार्माडी (पीबी) में 20 सीटों पर सभी 20 प्रवेश हो गए, जबकि फार्माडी में 90 सीटों के मुकाबले 64 दाखिले हुए और 26 सीटें खाली रह गईं।



### फार्मेसी कालेजों की मौजूदा स्थिति

| कोर्स | कालेज | सीट | प्रवेश |
|---|---|---|---|
| बी/डीफार्मा | 282 | 33,100 | 25,991 |
| एलटी फार्मा | 165 | 2,048 | 413 |
| एमफार्मा | 74 | 2,209 | 2,010 |
| फार्माडी पीबी | 02 | 20 | 20 |
| फार्माडी | 03 | 90 | 64 |

### शैक्षणिक गतिविधियां होंगी तेज

सीटें रिक्त होने का कारण कैरियर विकल्पों में बदलाव, निजी संस्थानों की फीस, रोजगार की अनिश्चितता और कुछ क्षेत्रों में संस्थानों की अधिकता। इसके बावजूद एमफार्मा और फार्मा डी जैसे उन्नत पाठ्यक्रमों में अपेक्षाकृत बेहतर रुझान देखने को मिला है। अब प्रवेश प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियां तेज होंगी। खाली सीटों को लेकर प्रवेश नीति, सीट निर्धारण और पाठ्यक्रमों की मांग के अनुरूप नियोजन पर मंथन जरूरी माना जा रहा है, ताकि आने वाले सत्रों में संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके।

### परीक्षाओं पर पड़ेगा असर

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने फार्मेसी की परीक्षाएं कराने के लिए काफी इंतजाम कर लिए थे। वर्तमान में समाप्त हुई काउंसलिंग के कारण पूरे सेमेस्टर की परीक्षाएं लेटलतीफी का शिकार जरुर होगी। इससे पूर्व की काउंसलिंग में प्रवेश लेने वाले करीब बीस हजार विद्यार्थियों को वर्तमान की सीएलसी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का सिलेबस पूरा होने तक परीक्षाओं का इंतजार करना होगा। इसके बाद ही आरजीपीवी सभी विद्यार्थियों की परीक्षाएं एक साथ कराएगा।

## आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती का रास्ता साफ, मार्च से होगी शुरू

**भोपाल।** आयुष विभाग के अधीन आयुर्वेद चिकित्सकों के पद जल्द भरे जाएंगे। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) के पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2025 का विज्ञापन जारी किया गया है। 13 मार्च से आवेदन होंगे। 12 अप्रैल इसकी अंतिम तिथि रहेगी। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जाएंगे। भर्ती प्रक्रिया में आयुर्वेद स्नातक (बीएएमएस) अभ्यर्थियों को अवसर दिया गया है, साथ ही परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के लिए आयोग द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा का आयोजन निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह भदौरिया ने आयोग के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती का निर्णय अत्यंत सराहनीय है।

# एपीके फाइल की लिंक भेज किसान के खाते से उड़ाए 2.48 लाख

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** वाट्सएप पर एपीके फाइल की लिंक भेजकर जालसाज ने किसान के खाते से 2.48 लाख रुपए उड़ा लिए। किसान ने बैंक से लोन ले रखा था, उस लगा कि बैंक की ओर से कोई मेसेज आया है। उनके खाते से पैसे कटे, वह थाने पहुंचे। बैरसिया पुलिस ने 1930 पर कॉल पर शिकायत की और ठगी की रकम होल्ड करवा दी। बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन ने बताया कि 45 वर्षीय राधेश्याम शर्मा पिता नारायण प्रसाद ग्राम कढैया शाह में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। उन्होंने बैंक आफ बड़ौदा से लोन ले रखा है। बीती 28 दिसंबर की सुबह पौने दस बजे उनके वाट्सएप पर एपीके फाइल की लिंक आई। वह कुछ समझ नहीं पाए और उन्होंने लिंक पर क्लिक कर दिया। कुछ ही देर में चार बार में उनके खाते से 2.48 लाख रुपए कट गए। रुपए कटने के मेसेज आने पर वह तुरंत थाने पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर घटना की जानकारी दी। यहां से ठगी की रकम होल्ड करवा दी गई। इधर, किसान के खाते में 8 लाख रुपए और थे। इसके बाद उनका बैंक अकाउंट होल्ड करवा दिया।

# ऑस्ट्रेलिया आज से भारतीय निर्यात पर 100 फीसदी टैरिफ हटाएगा

## आम आदमी को रोजगार और काम मिलेगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम मोदी के नेतृत्व में दूसरे देशों के साथ भारत के संबंध बेहतर हो रहे हैं। इसी का नतीजा है कि कई देश भारत के साथ फ्री ट्रेड डील कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत को झटका देने की कोशिश की हो, लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसे देश भारत से आस लगाए बैठे हैं। यही वजह है कि अब ऑस्ट्रेलिया भारतीय निर्यात पर 100 फीसदी टैरिफ हटाने जा रहा है। कुछ दिन पहले ही न्यूजीलैंड और ओमान से भी ट्रेड डील हुई और अब ऑस्ट्रेलिया भी इसमें शामिल हो गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बनी सहमति के बाद ऑस्ट्रेलिया सभी भारतीय निर्यात को टैरिफ फ्री करने जा रहा है। जिसका फायदा व्यापारियों से लेकर आम जनता तक होगा।

### सौ फीसदी सामानों पर जीरो टैरिफ

ऑस्ट्रेलिया द्वारा भारतीय निर्यात पर सौ फीसदी टैरिफ फ्री करने की जानकारी बीते सोमवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के 3 साल पूरे होने के अवसर पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर बताया कि 1 जनवरी 2026 से ऑस्ट्रेलिया, भारतीय निर्यात के लिए अपनी सभी टैरिफ लाइनों को जीरो कर देगा। नए साल से भारत से ऑस्ट्रेलिया जाने वालीं 100 फीसदी वस्तुओं पर कोई भी टैरिफ नहीं लगाया जाएगा।



### भारत के इन सेक्टर को होगा फायदा

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का ऑस्ट्रेलिया के निर्यात में 8 प्रतिशत के अधिक का उछाल आया है। इससे इस बात का पता चलता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापारिक रिश्तों में और मजबूती आई है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के साथ ट्रेड में बीते वित्तीय वर्ष के दौरान मैन्युफैक्चरिंग, केमिकल्स, टेक्सटाइल, फार्मा, पेट्रोलियम और जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर्स के निर्याम में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया है। ऐसे में सौ फीसदी भारतीय उत्पादों को ड्यूटी फ्री करने से खासतौर पर लेबर आधारिक टेक्सटाइल, लेदर, हीरा-आभूषण और प्रोसेस्ड फूड सेक्टर को जबरदस्त फायदा होने वाला है। इसी साल अप्रैल से नवंबर के दौरान जेम्स एंड ज्वेलरी के निर्यात में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारतीय उत्पादों के ऑस्ट्रेलिया में टैक्स फ्री उत्पाद पहुंचने से देश के श्रम आधारित क्षेत्रों में नौकरी के अवसर पैदा होंगे। आम आदमी को रोजगार और काम मिलेगा। जबकि व्यापारियों को भी भारी फायदा होगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि समझौते के लागू होने के बाद निर्यात में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है। इससे छोटे उद्योग, किसान, मजदूर और एमएसएमई सेक्टर को फायदा हुआ है। इसके साथ ही बाजार तक पहुंच आसान हुई है और सप्लाई चेन भी पहले से अधिक मजबूती आई है।

## शिक्षक संवर्ग की मांगों को लेकर सम्मेलन आज

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अपनी मांगों को लेकर हजारों अध्यापक शुक्रवार सुबह 11 बजे टीटी नगर अंबेडकर पार्क में एकत्रित होकर एक दिवसीय शिक्षक सम्मेलन के माध्यम से सरकार को मांगों से अवगत कराएंगे। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में एवं ऑल इंडिया फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल के आथित्य में अंबेडकर पार्क में शिक्षक सम्मेलन संपन्न होगा। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता राकेश तिवारी ने बताया कि नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके पुरानी पेंशन, ग्रेज्युटी, अवकाश एवं अन्य सेवा सुविधाओं का लाभ अध्यापक संवर्ग को दिया जाए। विदित हो की लंबे समय से शासन से और प्रशासन से अध्यापक संवर्ग अपनी लंबित मांगों को लेकर मांग करता आ रहा है लेकिन सरकार ने आज तक कोई निर्णय नहीं लिया है जिसको लेकर प्रदेश के तीन लाख अध्यापकों में नाराजगी देखी जा रही है।

संकट

प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति की माली हालत खराब

# फीस कमेटी के अध्यक्ष जेब से भर रहे टेलीफोन बिल, दो माह से नहीं मिला कर्मचारियों को वेतन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति की आर्थिक स्थिति डगमगाने लगी है। जहां दो माह से कर्मचारी और अधिकारियों को वेतन नहीं दिया गया है, वहीं ओएसडी के अभाव में सुविधाओं पर प्रहार होने लगा है। बिल का भुगतान नहीं होने की दशा में टेलीफोन की लाइन को काट दिया गया है। इसके चलते अध्यक्ष रविंद्र रामचंद्र कान्हेरे ने अपनी जेब से टेलीफोन का भुगतान किया है, जबकि अन्य फोन काट दिये गए हैं। इसके अलावा बिजली बिल के भुगतान के लाले पड़े हुए हैं। भुगतान के अभाव में कभी भी बिलजी भी कट सकती है, जिसके कारण हाईकोर्ट के पूर्व जज प्रकाश चंद्र गुप्ता और अध्यक्ष कान्हेरे का अंधेरे में बैठक फीस के मुद्दों को हल करना पड़ सकता है। वहीं तकनीकी शिक्षा विभाग में ओएसडी की नियुक्ति को लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं दिखाई दे रही है।

### प्रोफेसर काट रहे मंत्रालय के चक्कर



ओएसडी की कुर्सी पर बैठने के लिए प्रोफेसरों ने दांव लगाना शुरू कर दिया है। इसके चलते करीब आधा दर्जन प्रोफेसर और प्राचार्य ने फीस कमेटी में आवेदन तक कर दिए हैं। इसमें तीन प्रोफेसर तकनीकी शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के दो प्रोफेसर के साथ भोपाल के एक प्राचार्य ने आवेदन तक भेज दिए हैं। यहां तक डेढ़ दर्जन से ज्यादा प्रोफेसर मंत्रालय से लेकर मंत्री इंदर सिंह परमार के बंगले के चक्कर तक काट चुके हैं, लेकिन ओएसडी है। यह कुर्सी 28 नंबवर को रिक्त होगी, तत्कालीन ओएसडी आलोक चौबे कार्यमुक्त होकर महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट में कुलगुरु का पदभार ग्रहण करेंगे। उनका कार्यकाल चार वर्ष का रहेगा। ओएसडी बनने के लिए प्रोफेसर तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और मंत्रालय स्तर पर जोर लगा रहे हैं। इसमें एक दर्जन प्रोफेसर भोपाल और आधा दर्जन प्रोफेसर प्रदेश के अन्य जिलों के इंजीनियरिंग कालेजों में पदस्थ हैं।

### मेडिकल और नर्सिंग की फीस होना है तय

फीस कमेटी को अभी मेडिकल के साथ नर्सिंग कालेजों की तीन सत्रों की फीस तय करना है। कई नर्सिंग कालेजों की फीस पूर्व में निर्धारित हो चुकी है। हालांकि अभी तक उक्त कालेजों को संबद्धता और निरंतरता देने का सिलसिला शुरू नहीं हआ है। इसके पहले फीस कमेटी ने फीस निर्धारित करने के लिए व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। जैसे कालेजों को संबद्धता मिलेगी। फीस कमेटी उनसे फीस निर्धारित करने के लिए प्रस्ताव जमा कराना शुरू कर देगा। इससे कालेजों को फीस निर्धारित कराने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा।

### कमला नगर में दो पक्षों में विवाद चले लाठी-डंडा, पांच लोग घायल

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** नए साल के जश्न में कमलानगर इलाके में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद पटाखा जलाने को लेकर था। विरोध पर पटाखा जलाने वाले लड़कों ने लाठी-डंडा और पत्थर से हमला कर दिया। हमले में दूसरे पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। इसमें एक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 20 वर्षीय सुमित राउत पिता रवि राउत अंबेडकर नगर मल्टी में रहता है। वह न्यू मार्केट स्थित एक दुकान पर काम करता है। बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने दोस्त वरूण, शुभम, नितिन और जतिन के साथ मल्टी के नीचे बैठ कर अलाव ताप रहा था।

# खटखरी ग्राम पंचायत में मध्यान्ह भोजन सहित गौशाला के गौवंशों का आहार गटक रहे जिम्मेदार

## व्यापक भ्रष्टाचार एवं अनियमितता को लेकर सौंपा अनुविभागीय अधिकारी हनुमना को ज्ञापन

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत बहुचर्चित ग्राम पंचायत खटखरी में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप वहां की जनता द्वारा लगाए गए हैं। खटखरी के निवासी एवं समाजसेवी अशोक गुप्ता ने उक्त पंचायत की स्थिति पर गंभीर चितां जताई है। उन्होंने संवाददाता से बात करते हुए आरोप लगाया है कि पंचायत में जब से श्वेता शर्मा पदस्थ हुई हैं तब से भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। इनके द्वारा ग्राम पंचायत में भारी भरकम भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसकी शिकायत पूर्व में भी हनुमना जनपद से लेकर जिला जनपद पंचायत रीवा एवं हाई कोर्ट जबलपुर तक किया जा चुका है परंतु अभी तक श्वेता शर्मा एवं उनके सचिव रामलोचन शर्मा पर अभी तक प्रशासनिक कार्यवाही नहीं की गई है। समाजसेवी अशोक गुप्ता ने आगे कहा कि खटखरी ग्राम पंचायत में श्वेता शर्मा एवं सचिव रामलोचन शर्मा व सहायक सचिव धर्मेंद्र गुप्ता के द्वारा भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता निर्माण संबंधी कार्यों में किया जा रहा है।



### एक ही पंच को दी जा रही सभी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

पंचायत में वार्ड क्रमांक 20 के पंच एवं सरपंच के ही कृपा पात्र एक वार्ड क्रमांक 12 से के पंच को ही पंचायत में जितने भी निर्माण कार्य हो रहे हैं, चाहे वह उपकरण खरीदी हो मजदूर की सेटिंग करना यहां तक की गौशाला के संचालन का जिम्मा सिर्फ एक ही पंच को दिया जाता है और बाकी पंचों को पंचायत से निर्माण संबंधी किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जाती है। उन्होंने आगे कहा कि आपसी बंदरबांट एवं कहे तो मिली भगत करके शासन के राशि का दोहन कर रहे हैं।

### यहां किया जा रहा है भ्रष्टाचार

अशोक गुप्ता ने संवाददाता से बताया कि निर्माण संबंधी कार्य माह जनवरी 2025 से लेकर दिसंबर 2025 तक भ्रष्टाचार प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 11 के शिव मंदिर के प्रांगण में बाउंड्री वॉल दीवाल निर्माण, गौशाला संचालक के संबंध में मवेशियों की गिनती में गड़बड़ी, रखरखाव भोजन पानी, भूसा चारा खरी, दलिया इसके साथ मध्यान भोजन में गड़बड़ी व मीनू के अनुसार वितरण व्यवस्था में न होना राजेश साकेत पंच वार्ड क्रमांक 12 खटखरी की धर्मपत्नी गुलाब कली साकेत द्वारा रावणी स्व सहायता समूह के नाम से संचालित है एवं इसी नाम से गौशाला का संचालन किया जाता है एवं रावड़ी स्व सहायता समूह के संचालक के द्वारा गौशाला में बिना भोजन पानी चारा भूसा दरिया तथा खरी चुनी की व्यवस्था के बगैर ही 253000 एवं 390000 का आहरण दो बार किया गया है। सरपंच एवं सचिव एवं रोजगार सहायक की मिली भगत से मध्यान भोजन का अनाज समिति से ले जाकर अपने घर में रखकर व्यापारियों को विक्रय कर दिया जाता है और थोड़ा बहुत बचाकर बच्चों के मध्यान भोजन में मिलावटी भोजन बनाकर दिया जाता है।

### मध्यान्ह भोजन में दाल एवं सब्जी का पानी परोसा जा रहा

वार्ड क्रमांक 16 के पंच प्रतिनिधि अशोक गुप्ता एवं वार्ड क्रमांक 20 के पंच योगेंद्र गुप्ता मध्यान भोजन वितरण के संबंध में बताया कि बच्चों का मध्यान भोजन मेन्यू के अनुसार शासन की ओर से निर्धारित मापदंड चावल के साथ चने की दाल एवं मिक्स सब्जी वितरण का प्रावधान होने के बावजूद भी बच्चों को गली खिचड़ी दी गई थी, खिचड़ी में चने के एक-एक दाने और आलू के टुकड़े तथा पानी ही पानी दिया गया था, मौके में वीडियो भी बनाया गया तथा बच्चों से बयान भी लिया गया था बच्चों द्वारा अपने बयान में मौके से बताया गया कि खाना सही नहीं मिलता। खाना गुणवत्ताविहीन मिल रहा है।

### प्रशासन से व्यवस्था सुधारने लगाई गुहार

खटखरी में व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर खटखरी सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंच प्रतिनिधि अशोक गुप्ता के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी हनुमना मुख्य कार्यपालन अधिकारी हनुमना एवं पशु चिकित्सा अधिकारी हनुमना को 24 दिसंबर 2025 को लिखित शिकायत दिया गया था जिस पर अभी तक कोई भी कार्यवाही स्थानीय अधिकारी द्वारा नहीं किया गया। समाचार के माध्यम से जिला पंचायत अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर रीवा, जिला कलेक्टर मऊगंज, अनुविभागीय अधिकारी हनुमना मुख्य कार्यपालिका अधिकारी हनुमना पशु चिकित्सा अधिकारी हनुमना से यह मांग है कि खटखरी ग्राम पंचायत एवं गौशाला में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कर कार्यवाही किया जाए।

# बसामन मामा में मिलेगा प्राकृतिक खेती उत्पादों से बना भोजन

**आंचलिक डेस्क।** बसामन मामा गौअभ्यारण्य में अब प्राकृतिक खेती के उत्पादों से निर्मित भोजन कराया जायेगा। नव वर्ष के पहले दिन उप मुख्यमंत्री ने गोलोक दर्शन के साथ ही प्राकृतिक खेती उत्पाद से बने भोजन का न केवल शुभारंभ किया अपितु सभी के साथ मिलकर भोजन भी किया।



उल्लेखनीय है कि बसामन मामा गौवंश विहार में हजारों बेसहारा गौवंश को आश्रय दिया जा रहा है इसके साथ-साथ वहां प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के कई माडल विकसित किये जा रहे हैं। बसामन मामा गौअभ्यारण्य में एक जनवरी को गोलोक दर्शन महोत्सव आयोजित किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गोलोक दर्शन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस संबंध में गौअभ्यारण्य प्रबंधन समिति के सचिव सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा है कि बसामन मामा तीर्थ के समीप ही गौअभ्यारण्य स्थित है। इसमें आयोजित गोलोक दर्शन में आमजन गौशाला का भ्रमण करते हुए गायों का पूजन कर सकते हैं। इसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती के लिए किये जा रहे विभिन्न प्रयोगों का देखने का भी अवसर आमजनता को मिलेगा। गौअभ्यारण्य में परंपरागत रसोई की तरह भोजन गृह का निर्माण किया गया है। इसमें देशी प्रद्धति से निर्मित परंपरागत भोजन का आनंद भी आमजनता ले सकती है। भोजन शाला का संचालन गौफार्मा किसान संगठन द्वारा किया जा रहा है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि बसामन मामा में तैयार किये जा रहे प्राकृतिक के माडल में परंपरागत बीजों से अनाज की खेती की जा रही है। इनमें किसी भी तरह के रासायनिक, कीटनाशक और रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया जाता है। गोबर और गोमूत्र से तैयार खाद और जैविक कीटनाशकों का ही फसलों में उपयोग किया जाता है। गाय में 33 कोटि देवताओं का वास माना गया है। नये वर्ष के अवसर पर गौसेवा की प्राचीन परंपरा का अनुशरण करते हुए आमजनता को गौसेवा और प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए गोलोक दर्शन महोत्सव आयोजित किया गया है।

# नववर्ष पर कलेक्ट्रेट में हुआ वंदेमातरम गान

**मऊगंज, ब्यूरो।** नववर्ष के प्रथम दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज में वंदेमातरम गान हुआ। कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी सहित अधिकारियों, कर्मचारियों ने समवेत होकर राष्ट्रगीत का गायन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने अधिकारियों कर्मचारियों को शासकीय कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इस दौरान एडीएम पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ए.पी. द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।



# कॉलेज चलो अभियान : शासकीय महाविद्यालय मनगवां की टीम ने विद्यालयों में किया जनसंपर्क




**मनगवाँ ( नि.प्र. )।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मनगवां द्वारा कॉलेज चलो अभियान एवं ई-प्रवेश सत्र 2025-26 के तहत व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महाविद्यालय की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों शा.कन्या उ.मा.विद्यालय, सीएम राइज मनगवाँ और सरस्वती उ.मा.विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों का भ्रमण किया।

**छात्रों को दी प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी :** अभियान के दौरान महाविद्यालयीन स्टाफ (डॉ. राम जी वर्मा, आशीष सिंह, विनय सिंह) ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। अभियान प्रभारी ने छात्रों को ई-प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन और महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, कॉलेज में उपलब्ध छात्रवृत्ति योजनाओं, लाइब्रेरी और खेल सुविधाओं के बारे में भी बताया गया।

**भविष्य निर्माण के लिए किया प्रेरित :** महाविद्यालय के अभियान प्रभारी प्रो.अजीत मिश्रा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों के छात्रों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि वे 12वीं के बाद पढ़ाई न छोड़ें। टीम द्वारा विद्यालय परिसर में करियर काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें छात्रों के सवालों के जवाब दिए गए। ग्राम पंचायतों में सरपंच ,सचिव के साथ बैठक कर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहें हैं। प्राचार्य, शा.महाविद्यालय मनगवां, डॉ.बी.एन.सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# कबड्डी प्रतियोगिता एवं श्रीनिवास तिवारी स्मृति प्रसंग के आयोजन की तैयारी बैठक संपन्न

**जवा ब्यूरो।** श्रीनिवास तिवारी विद्या सदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगवां के प्रांगण में शहीद रघुनाथ द्विवेदी कबड्डी प्रतियोगिता एवं श्रीनिवास तिवारी स्मृति प्रसंग 30 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित होगी, जिसकी तैयारी बैठक 31 दिसंबर को विद्यालय के सभागार में शहीद के पिता राम सुमिरन द्विवेदी की अध्यक्षता में की गई। सर्वप्रथम आयोजक सचिव शिव बालक पांडेय द्वारा स्मृति शेष दोनों विभूतियों का पुण्य स्मरण करते हुए आयोजन की प्रस्तावना में प्रदेश के कद्दावर नेताओं पूर्व खिलाड़ियों एवं प्रतिष्ठित समाजसेवियों को अतिथि- आसंदी हेतु आमंत्रित करने साथ ही आयोजन की नवीनता, भव्यता एवं विस्तारित स्वरूप की जानकारी उपस्थित जनों को प्रदान की गई । बैठक में शिवकुमार मिश्र, मोहम्मद कादिर, पूरणमल साहू, हर गोपाल सिंह ने आयोजन की सफलता हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिया। आयोजक सचिव शिव बालक पाण्डेय ने संवाददाता को बताया कि आयोजन में मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली राज्य कि कुल 10 ख्याति प्राप्त पुरुष एवं चार महिला कबड्डी टीमों को आमंत्रित करने की जानकारी भी प्रदान की गई । साथ ही बताया कि रोगी सेवा, मानव सेवा के परमार्थ ध्येय, जानकी कुंड के नेत्र विशेषज्ञों को आमंत्रित कर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 1 फरवरी को 9:00 बजे से प्रारंभ होगा जिसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार के रूपरेखा भी तय की गई। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव बालेंद्र प्रसाद मिश्र ने तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य ओंकार प्रसाद द्विवेदी ने किया।



### ये रहे मौजूद

बैठक में राघवेंद्र उपाध्याय, विश्वनाथ द्विवेदी, जयदीप सिंह, , सांगिता पांडेय, राम नरेश तिवारी, केशवेंद्र द्विवेदी, जगदीश सिंह, धनेंद्र पांडेय, सुरेश मिश्रा, राजेश तिवारी, संतोष शुक्ला, बृजवासी शुक्ला, रमेश तिवारी, सनत द्विवेदी, संतोष तिवारी, नीरज द्विवेदी, कृष्णकांत द्विवेदी विद्यालय के शिक्षक, खेल प्रेमी एवं युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# हनुमना अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए रामरक्षा शुक्ल

**आंचलिक डेस्क।** हनुमना अधिवक्ता संघ का चुनाव पर्यवेक्षक उमेश मिश्रा एडवोकेट मऊगंज एवं शंकरेश्वर तिवारी एडवोकेट रीवा के निर्देशन में तथा चुनाव अधिकारी एडवोकेट रामपदारथ तिवारी द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से 30 दिसंबर को संपन्न कराया गया। उक्त चुनाव में अधिवक्ता रामरक्षा शुक्ल अध्यक्ष निर्वाचित हुए एवं उपाध्यक्ष शिवदयाल मिश्र, सचिव सी के पटेल, सह सचिव उमाकांत, कोषाध्यक्ष रामभिलाष पटेल निर्वाचित हुए। शांति पूर्ण द्विवार्षिक चुनाव में लोकतांत्रिक तरीके से कराये गए चुनाव प्रक्रिया में सभी पदों के लिए भाग लेने वाले प्रत्याशी अधिवक्ताओं को राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य अखंड प्रताप सिंह ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियुक्त पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी को साधुवाद दिया तथा अधिवक्ता संघ हनुमना जिला मऊगंज के सभी सम्मानित अधिवक्ताओं एवं निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित की।

# बोरी बंधान कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## निहाई नदी पर जल संचय व पौधरोपण अभियान

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के मार्गदर्शन में जल संरक्षण की दिशा में नए वर्ष के अवसर पर 1 जनवरी को सराहनीय पहल की गई। परिषद् के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक एवं जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार के निर्देशानुसार तथा ब्लॉक समन्वयक डॉ. रामानंद पटेल की उपस्थिति में दोपहर 12 बजे से जनपद हनुमना अंतर्गत सेक्टर बरांव के ग्राम पैपखार में निहाई नदी पर जल संचय (बोरी बंधान) एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पैपखार के संयुक्त तत्वावधान में, संस्कार मंदिर पैपखार के सामने किया गया। इस दौरान नदी में बोरी बंधान कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया तथा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा के अध्यक्ष श्रीनिवास पटेल एवं सचिव मदनलाल कुशवाहा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पैपखार के अध्यक्ष गुलाब प्रसाद कुशवाहा एवं सचिव कुलदीप कुशवाहा, नवांकुर संस्था स्वर्गीय रामसुमेर द्विवेदी स्मृति जन सेवा संस्थान गौरी से आचार्य कपिल देव द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**इनका रहा सहयोग :** इस अवसर पर कौशिक पाण्डेय, रामनरेश कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, रामानुज कुशवाहा, रामयश विश्वकर्मा, बृजेश कुशवाहा, सुखलाल विश्वकर्मा, द्वारिका प्रसाद कोल, लालमणि कोल, संतोष कुमार द्विवेदी, राजेन्द्र कुशवाहा, रवीन्द्रनाथ पाण्डेय, रोहित कुशवाहा, बृजेश विश्वकर्मा, सीताराम कोल, विनोद विश्वकर्मा, रामदरश कुशवाहा, रामाश्रय कुशवाहा, अजय कुशवाहा, श्यामलाल कोल सहित अनेक ग्रामीणों ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया। नवांकुर संस्था स्व. श्री रामसुमेर द्विवेदी स्मृति जन सेवा संस्थान गौरी द्वारा जल संचय अभियान के तहत किए गए बोरी बंधान की ग्रामीणों ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# हनुमना जनपद पंचायत में जनसभा का आयोजन आज

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना निवासी इंद्रमणि द्विवेदी मुन्ना (झरी) ने संवाददाता से बताया कि मऊगंज जिले के विभिन्न ग्रामों में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं जिसे समूचा जनमानस दहशत में जी रहा है, नशे का बढ़ता कारोबार और लूट एवं हत्या जैसे गंभीर मामले जहां एक और आम जनों को संकट में डाल रहा है। वही शासन और प्रशासन को भी इन गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ता है, अपराध को रोकना समाज के हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी होती है फिर वह चाहे व्यक्ति किसी भी धर्म या समाज का हो हमें अपराधियों को साथ में न रहना है और न उनका साथ देना है, चाहे जो किसी धर्म का हो इसी तारतम्य में 2 जनवरी 2026 नूतन वर्ष में जनपद पंचायत हनुमना के प्रांगण दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक जनसभा का आयोजन किया गया है। इस जनसभा के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी मऊगंज उपस्थित होंगे, उनके साथ पूर्व जनपद सदस्य पूर्व सरपंच इंद्रमणि द्विवेदी (मुन्ना झरी) ने बताया कि छतरिया जनों द्वारा निकट दिनों से लगातार अपराध के विरोध में जनसभा की मांग की जा रही थी जिसके चलते उपरोक्त जनसभा का आयोजन किया जा रहा है, इसमें क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से सभी जात धर्म व समाज के न्याय प्रिय लोग उपस्थित होंगे। अतः विभिन्न समाचार के माध्यम से समाजसेवी इंद्रमणि द्विवेदी (मुन्ना झरी) ने सभी वर्ग के लोगों से जनपद पंचायत हनुमना में 2 जनवरी दोपहर 12:00 बजे तक पहुंचने का आग्रह एवं निवेदन किया गया है।

# श्री परशुराम सेवा संघ के जिला महामंत्री बने शिवानंद मिश्रा

**मनगवां, नि.प्र.।** श्री परशुराम सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी के अनुशंसा पर वरिष्ठ समाजसेवी निर्धन एवं गरीबों के कल्याण के उत्थान के लिए प्रयासरत रहने वाले शिवानंद मिश्रा (शिब्बे) को रीवा जिले का जिला संगठन महामंत्री बनाए जाने पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्ति की, इनकी नियुक्ति पर संगठन को एक नई ऊर्जा प्रदान होगी। जिला संगठन महामंत्री बनने पर शिवानंद मिश्रा (शिब्बे) ने कहा कि ब्राह्मण समाज के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार के खिलाफ उनकी आवाजों को बुलंद किया जाएगा। समाज में फैली हुई कुरीतियों को सबसे पहले नष्ट करने के लिए गांव-गांव तक अभियान चलाया जाएगा। संगठन में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए पूरे जिले में व्यापक स्तर पर सभाएं आयोजित की जाएगी। संगठन को एक नई गति मिलेगी। अब वक्त के साथ ब्राह्मण समाज को एक होने की जरूरत है तभी समाज का उत्थान हो पाएगा। प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में से आदित्य शुक्ला, रविंद्र तिवारी, रामायण पांडे, राम शिरोमणि पांडे, सुनील पांडे, अशोक पांडे, मनोज शुक्ल, दिनकर तिवारी, आदि संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों ने प्रसन्नता व्यक्त किया।



# नववर्ष पर जीत का जश्न : दिव्यांगजनों को दिया ट्राइसाइकिल

## विधायक अभय मिश्रा ने निजी वेतन से की पहल

**सेमरिया।** सेमरिया नगर परिषद् के चुनाव का परिणाम 31 दिसंबर 2025 को घोषित हुआ जिसमें कांग्रेस ने शानदार विजय हासिल की, अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस प्रत्याशी पदमा रोहणी कुशवाहा को 746 मतों से विजय प्राप्त हुई। जिसमें नगर परिषद् अध्यक्ष के चुनाव पर विजयश्री मिलने पर कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास एवं प्रसन्नता का माहौल था। कांग्रेस की जीत के सूत्राधार रहे कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने क्षेत्र की जनता तथा कार्यकर्ताओं की खुशी को आयोजन में तब्दील कर दिया तथा नए वर्ष के पावन अवसर पर सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में संवेदनशील जनसेवा का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। नीलम स्क्वायर, सेमरिया स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित इस गरिमामय आयोजन में सेमरिया के लोकप्रिय विधायक अभय मिश्रा ने अपने निजी वेतन से जरूरतमंद दिव्यांग भाई-बहनों को ट्राइसाइकिल वितरित कीं। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्र बाबा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

इस अवसर पर विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ट्राइसाइकिल मिलने से दिव्यांग भाई-बहनों के दैनिक जीवन में सुगमता आएगी और वे आत्मसम्मान के साथ अपने कार्य कर सकेंगे। उन्होंने इसे केवल सहायता नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ठोस कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान ने पूरे वातावरण को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। विधायक मिश्रा ने कहा कि इन मुस्कुराते चेहरों को देखकर उन्हें गहन संतोष और आगे और अधिक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनप्रतिनिधि होने का अर्थ केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि ज़रूरतमंदों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है।





विधायक अभय मिश्रा ने दोहराया कि वे सेमरिया विधानसभा के सर्वांगीण विकास, समावेशी प्रगति और हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े ऐसे ही जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# चुनौतियों और रोमांच भरा होगा टीम इंडिया के लिए साल 2026

**शुरुआत होगी 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के साथ** **कमियां सुधारकर विश्व स्तर पर ताकत बरकरार रखना होगा लक्ष्य**

**टी20 वर्ल्ड कप**

**फरवरी-मार्च में खिताब बचाने की चुनौती**

**विदेशी दौरे**

**इंग्लैंड (जुलाई), न्यूजीलैंड (अक्टूबर-नवंबर)**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए साल 2026 चुनौतियों और रोमांच से भरा रहने वाला है। टीम इंडिया का लक्ष्य पिछले साल की कमियों को सुधारते हुए वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत को बरकरार रखना है। टीम के लिए साल 2025 मिला जुला रहा, जहां साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में हार मिली, वहीं चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 प्रदर्शन ने टीम की ताकत दिखाई। टीम इंडिया साल 2026 में अपना अभियान न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज से शुरू करेगी। सीरीज के तीन मैच वडोदरा, राजकोट और इंदौर में खेले जाएंगे। इसके तुरंत बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में आयोजित होगी। यह साल की पहली परीक्षा टीम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।



**भारत और न्यूजीलैंड वनडे शेड्यूल**

11 जनवरी-पहला वनडे, वडोदरा
14 जनवरी-दूसरा वनडे, राजकोट
18 जनवरी-तीसरा वनडे, इंदौर

**भारत और न्यूजीलैंड टी-20 शेड्यूल**

21 जनवरी-पहला टी-20, नागपुर
23 जनवरी-दूसरा टी-20, रायपुर
25 जनवरी-तीसरा टी-20, गुवाहाटी
28 जनवरी-चौथा टी-20, विशाखापत्तनम
31 जनवरी-पांचवां टी-20, तिरुवनंतपुरमटी

**टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप स्टेज मुकाबले**

7 फरवरी-भारत विरुद्ध अमेरिका, मुंबई
12फरवरी-भारत विरुद्ध नामीबिया, दिल्ली
15 फरवरी-भारत विरुद्ध पाकिस्तान, कोलंबो
18 फरवरी-भारत विरुद्ध नीदरलैंड, अहमदाबाद

**20 वर्ल्ड कप का फाइनल 8 मार्च को**

फरवरी-मार्च 2026 में होने वाले टी 20 वर्ल्ड कप में भारत का लक्ष्य खिताब बचाना होगा। टूर्नामेंट का आगाज 7 फरवरी से मुंबई में भारत-अमेरिका मुकाबले से होगा, वहीं फाइनल 8 मार्च को खेला जाएगा।

**सुपर-8 और नॉकआउट मुकाबले 21 फरवरी से 8 मार्च तक होंगे**

**गर्मियों में विदेशी दौरे**

जून में अफगानिस्तान भारत दौरे पर आएगा, जहां 3 वनडे और 1 टेस्ट खेले जाएंगे। जुलाई में भारत इंग्लैंड दौरे पर जाएगा, जहां 5 टी-20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। इस दौरे को वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**भारत-इंग्लैंड टी20 शेड्यूल**

1 जुलाई-डरहम
4 जुलाई-मैनचेस्टर
7 जुलाई-नॉटिंघम
8 जुलाई-ब्रिस्टल
11 जुलाई-साउथैम्प्टन

**भारत-इंग्लैंड वनडे शेड्यूल**

14 जुलाई-बर्मिंघम
16 जुलाई-कार्डिफ
19 जुलाई-लंदन (लॉर्ड्स)

**14 अगस्त में भारत का श्रीलंका दौरा, जहां 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे**

**सितंबर से दिसंबर तक व्यस्त कैलेंडर**

सितंबर में टीम न्यूट्रल वेन्यू पर अफगानिस्तान के खिलाफ 3 टी20 मैच खेलेगी। वहीं वेस्टइंडीज टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए भारत दौरे पर आएगी। अक्टूबर-नवंबर में भारत न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगा। जहां 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेले जाएंगे। दिसंबर में श्रीलंका का भारत दौरा होगा, जिसमें 3 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जाएंगे।

## मैदान से हटकर

### कोहली न्यू ईयर सेलिब्रेशन चेहरे पर स्पाइडरमैन-स्टाइल

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने नए साल 2026 की शुरुआत पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर दोनों की एक फोटो शेयर करते हुए लिखा कि वह मेरी जिंदगी की रोशनी के साथ नए साल में कदम रख रहे हैं। सोशल मीडिया पर शेयर की गई फोटो में विराट और अनुष्का दोनों मास्क पहने नजर आ रहे हैं। विराट ने स्पाइडर-मैन स्टाइल मास्क लगाया हुआ है। यह फोटो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रही है। क्रिकेट मैदान पर वापसी से पहले विराट इन दिनों परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी और इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में एक्शन में लौटना है। केवल वनडे फॉर्मेट में खेल रहे हैं विराट टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेल रहे हैं। 37 साल के कोहली ने 15 साल बाद भारत की प्रमुख घरेलू वनडे प्रतियोगिता विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करते हुए लगातार दो पारियों में 131 और 77 रन बनाए। इस दौरान विराट ने लिस्ट-ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया और यह उपलब्धि सबसे तेजी से हासिल करने वाले बल्लेबाज बने। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज में भी विराट का प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने दो शतक और एक अर्धशतक की मदद से भारत को 2-1 से सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। (जेएनएन)



## भारत-न्यूजीलैंड पहले वनडे के टिकट बिके, इंदौर मैच के 3 जनवरी को मिलेंगे

**3 मैचों की वनडे सीरीज**

**इंदौर, जेएनएन।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले वनडे मैच के टिकट बिक गए हैं। गुरुवार को सुबह 11 बजे टिकटों की बिक्री शुरू हुई। हालांकि, इस दौरान फैंस को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई फैंस को बुक माय शो पर टिकट नहीं मिल पाए। अब 3 जनवरी को सुबह 5 बजे से इंदौर के होलकर स्टेडियम में होने वाले तीसरे मैच के टिकट बिकेंगे। एमपीसीए ने बताया कि फैंस 18 जनवरी को होने वाले इस मैच के टिकट www.district.in से टिकट खरीद सकेंगे। एक व्यक्ति अधिकतम चार टिकट खरीद सकेगा। 3 साल से बढ़े बच्चों के टिकट लेना होंगे। न्यूजीलैंड का भारत दौरा 11 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। वनडे सीरीज का पहला मैच बड़ौदा में खेला जाएगा। उसके बाद राजकोट और इंदौर में मैच होंगे। वनडे सीरीज के बाद 21 जनवरी से 5 मैचों की टी-20 सीरीज होगी।

**सबसे सस्ता टिकट 800 का**

सभी टिकट ऑनलाइन बुक होंगे, जो दर्शकों को ऑनलाइन टिकट एजेंसी द्वारा कुरियर के माध्यम से घर तक डिलीवर होंगे। मैच का सबसे सस्ता टिकट 800 रुपए व सबसे महंगा टिकट 7 हजार रुपए का होगा।



**कैसे बुक करें टिकट**

- सबसे पहले www.district.in के होम पेज पर जाएं।
- आपको टॉप इवेंट्स में न्यूजीलैंड टूर ऑफ इंडिया का बैनर दिखेगा। बैनर पर क्लिक करें।
- बुक टिकट पर जाइए और अपनी पसंद की टिकट का चयन करिए।
- आखिरी में संबंधित टिकट के पमेंट का ऑप्शन आएगा। सुरक्षित माध्यम से पेमेंट करिए।
- स्टुडेंट-विकलांग कोटे के टिकट बिके विद्यार्थी छूट व विकलांग कोटे के टिकट बुधवार सुबह 11 बजे से बिकना शुरू हुए थे, जो वेबसाइट खुलने के कुछ ही सेकंड में सारे टिकट बिक गए। टिकट एजेंसी पर धांधली के आरोप दर्शकों ने टिकट एजेंसी पर धांधली के आरोप लगाए हैं। कुछ दर्शकों का कहना है कि समय पर वेबसाइट ओपन ही नहीं हुई, जबकि अन्य लोगों ने जानकारी सबमिट करने के दौरान वेबसाइट क्रैश होने की बात कही।

## आस्ट्रेलिया में यूनाइटेड कप शुरूआत आज से

**ब्रिस्बेन, जेएनएन।** नया साल में टेनिस ऑस्ट्रेलिया में धमाल मचाने के लिए तैयार है जिसका मुख्य आकर्षण 18 जनवरी से शुरू होने वाला ऑस्ट्रेलियाई ओपन होगा। एटीपी और डब्ल्यूटीए के 2025 फाइनल्स के छह सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद पुरुष और महिला टूर के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहुंच रहे हैं, जहां वे मेलबर्न में वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से पहले दो सप्ताह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। सबसे महत्वपूर्ण यूनाइटेड कप है जो मिश्रित टीम टूर्नामेंट है और शुक्रवार से शुरू होकर 11 जनवरी को समाप्त होगा। यह टूर्नामेंट पर्थ और सिडनी में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से चार-चार खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें कोको गॉफ, टेलर फ्रिट्ज, एलेक्स डी मिनौर, इगा स्वियातेक, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, जैस्मीन पाओलिनी और फेलिक्स ऑगर एलियासिमे शामिल हैं। इसके अलावा 2026 के पहले सप्ताह के दौरान ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में मौजूदा चैंपियन एरिना सबलेंका मुख्य आकर्षण होंगी, जो दुबई में निक किर्गियोस के खिलाफ 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' प्रदर्शनी मैच खेलकर आ रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले होने वाले टूर्नामेंटों में पुरुष टेनिस के दो सबसे बड़े नाम विश्व रैंकिंग में पहले नंबर पर काबिज कार्लोस अल्काराज़ और दूसरे नंबर के यानिक सिनर नहीं खेलेंगे।

## टी-20 वर्ल्ड कपः कंगारू टीम का एलान,कमान मिचेल के हाथ में

**सिडनी, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 (के लिए अपनी प्रोविजनल 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान मिचेल मार्श को सौंपी गई है। इस बार चयनकर्ताओं ने स्पिन गेंदबाजी पर ज्यादा भरोसा जताया है। हॉबर्ट हरिकेन्स के विस्फोटक बल्लेबाज मिचेल ओवेन को टीम में जगह नहीं मिली, जो चयन का सबसे बड़ा सरप्राइज माना जा रहा है। इसके अलावा 2021 की चैंपियन टीम के विपरीत इस बार किसी भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है।



**तीन खिलाड़ियों को मिल सकता है वर्ल्ड कप डेब्यू**

स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। कूपर कोनोली का चयन चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने पिछले 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा नहीं लिया था।

**पैट कमिंस की वापसी**

टीम में ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन जैसे अनुभवी ऑलराउंडर शामिल हैं। गेंदबाजी विभाग में पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ एडम जम्पा और मार्कस स्टोइनिस अहम भूमिका निभा सकते हैं, खासकर भारतीय पिचों पर।

**ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलियाः** ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में शामिल है, जहां उसके साथ श्रीलंका, जिम्बाब्वे, ओमान और आयरलैंड की टीमें हैं। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में है। अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया सबसे मजबूत टीम है, लेकिन उसे श्रीलंका और आयरलैंड से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका के साथ 16 फरवरी को मुकाबला होगा। टीम अपना आखिरी लीग मैच 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेलेगी। उससे पहले उसे 13 फरवरी को जिम्बाब्वे से भी भिड़ना है।

**टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वाडः** मिचेल मार्श, जेवियर बार्टलेट, कूप कोनली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नेमन , ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

## 2026 में संन्यास ले सकते हैं रोनाल्डो, महेंद्र सिंह धोनी और मेसी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2026 वैश्विक खेलों के इतिहास में एक बड़े बदलाव का केंद्र बनने जा रहा है, जहां दशकों तक मैदान पर राज करने वाले कई महान खिलाड़ी खेल को अलविदा कह सकते हैं। टेनिस की दुनिया से नोवाक जोकोविच, फुटबॉल की दुनिया से रोनाल्डो और मेसी, क्रिकेट जगत से महेंद्र सिंह धोनी, हरमनप्रीत कौर और शाकिब अल हसन अगर अलविदा कहते हैं तो यह साल खेल जगत के लिए चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि ऐसे खिलाड़ियों की भरपाई करना मुश्किल होगा। महेंद्र सिंह धोनी के क्रिकेट की दुनिया से पूरी तरह अलग होने की प्रबल संभावना है क्योंकि वे 6 साल पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं और सिर्फ आईपीएल खेल रहे हैं। वहीं, हरमनप्रीत कौर वूमेन्स प्रीमियर लीग में खेलती हुई नजर आ सकती हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए यह उनका आखिरी साल साबित हो सकता है। शाकिब अल हसन अपने देश में बनी राजनीतिक अस्थिरता और उन पर लगे आरोपों के कारण चाहते हुए भी अपने देश के लिए क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो ने 2026 के वर्ल्ड कप को अपना आखिरी टूर्नामेंट बताया है। अर्जेंटीना की टीम अब मेसी के आगे देखना शुरू कर चुकी है। जब ये सभी खिलाड़ी एक साथ खेल के मंच से हटेंगे, तो खेल की दुनिया थोड़े समय के लिए खाली महसूस करेगी।





**धोनी के आईपीएल कैरियर विराम के संकेत**

भारतीय क्रिकेट के लिए भी 2026 एक भावुक वर्ष साबित हो सकता है। धोनी के आईपीएल करियर पर विराम लगने के संकेत मिल रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा संजू को टीम में शामिल करना इस ओर इशारा करता है कि यह धोनी का आखिरी वर्ष होगा। साथ ही अब चेन्नई सुपर किंग्स धोनी के बजाय संजू सैमसन और ऋतुराज की ओर देख रही है।

## कोहली-रोहित के बाद वनडे कमजोर हो जाएगा : अश्विन

**चेन्नई, जेएनएन।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि 2027 विश्व कप के बाद वनडे प्रारूप के अस्तित्व और प्रासंगिकता पर तब संकट आ सकता है जब इसके बड़े स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। विराट और रोहित की विजय हजारे ट्रॉफी में भागीदारी को लेकर काफी चर्चा रही लेकिन अश्विन का मानना है कि बढ़ती हुई टी20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की अपनी अलग अहमियत के चलते 50 ओवर के प्रारूप के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा, 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य क्या होगा, इसको लेकर मैं निश्चित नहीं हूं। मैं इसे लेकर थोड़ा चिंतित हूं। मैं विजय हजारे ट्रॉफी देख रहा हूं, लेकिन जिस तरह मैंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी देखी, उसी तरह इसे देख पाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा, हमें यह भी समझना होगा कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है।



## नए साल पर महाकाल की शरण पहुंची टीम इंडिया विश्व विजेता खिलाड़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ियों ने साल 2026 का आगाज बेहद आध्यात्मिक अंदाज में किया है। हाल ही में वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली टीम ने नए साल के पहले दिन उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में मत्था टेका। स्मृति मंधाना, शेफाली, रेणुका सिंह, स्नेह राणा, राधा यादव और अरुंधति ने सुबह होने वाली विशेष भस्म आरती में भाग लिया। खिलाड़ियों ने न केवल भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना की, बल्कि पुजारियों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। यह दौरा टीम के लिए मानसिक मजबूती और आने वाले चुनौतीपूर्ण साल के लिए ईश्वरीय शक्ति प्राप्त करने का एक जरिया बना।



**विजयी रथ पर सवार भारतीय महिलाएं**

भारतीय टीम ने साल 2025 का अंत एक धमाकेदार अंदाज में किया है। साउथ अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराकर वनडे विश्व चैंपियन बनने के बाद, हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली इस टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखा। टीम ने वेस्टइंडीज को 2-1 और इंग्लैंड को 3-2 से मात देने के बाद श्रीलंका के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में भारत ने 15 रनों से जीत दर्ज कर तीसरी बार टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में क्लीन स्वीप करने का गौरव हासिल किया।

**टी20 विश्व कप पर टिकी नजरें**

साल 2026 की सबसे बड़ी चुनौती टी20 विश्व कप है। साल 2024 के टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हारकर पहले दौर से बाहर होने की कड़वी यादों को पीछे छोड़ते हुए, अब टीम इंडिया का लक्ष्य इस फॉर्मेट में भी विश्व विजेता बनना है। घरेलू धरती पर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के बाद फैंस की उम्मीदें सातवें आसमान पर हैं। खिलाड़ियों का मंदिर जाना यह दर्शाता है कि वे अपनी सफलता के प्रति कृतज्ञ हैं।

## खेल एक नजर

### बांग्लादेश दुश्मन नहीं, रहमान आईपीएल खेलेंगे : बीसीसीआई

**मुंबई, जेएनएन।** भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बावजूद तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेलने की संभावना बनी हुई है। मुस्ताफिजुर इस मिनी ऑक्शन में बिकने वाले इकलौते बांग्लादेशी खिलाड़ी रहे, जिन्हें केकेआर ने 9.20 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा है। हालांकि, बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक अस्थिरता और हिंसक घटनाओं के कारण सोशल मीडिया पर केकेआर और बीसीसीआई की काफी आलोचना हो रही है और कुछ राजनीतिक नेताओं ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों को लीग से बाहर करने की मांग भी की है। इस विवाद पर भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए फिलहाल वेट एंड वॉच की नीति अपनाई है। बीसीसीआई का कहना है कि वह सरकार के निर्देशों के बिना किसी भी खिलाड़ी पर प्रतिबंध नहीं लगाएगा।

### एसए-20 क्रिकेटः प्रिटोरिया और पार्ल रॉयल्स की आसान जीत

**केपटाउन, जेएनएन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ बोनस अंक भी हासिल किया जबकि एक अन्य मैच में डेविड मिलर के नेतृत्व वाली पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पांच विकेट से हराया। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।लेकिन वह डेवाल्ड ब्रेविस (13 गेंदों पर नाबाद 36 रन, एक चौका, चार छक्के) और शेरफेन रदरफोर्ड (15 गेंदों पर नाबाद 47, छह छक्के) के बीच केवल 27 गेंद पर 86 रन की अटूट साझेदारी थी जिससे प्रिटोरिया की टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। कैपिटल्स ने आखिरी तीन ओवरों में 72 रन बनाए।

**सिटी स्पोर्ट्स**

## पैराडाइज क्रिकेटः मयंक चतुर्वेदी अकादमी बनी चैंपियन

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ और पब्लिक वाणी द्वारा आयोजित स्वर्गीय श्री ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज प्रतियोगिता का दो दिवसीय फाइनल मैच मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और एनसीसीसी अकादमी की टीमों के बीच खेला गया जिसमें मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के कप्तान अरबाज़ उद्दीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया और मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 318/9 रन बनाए जिसमें पीयूष सिंह ने नाबाद 67 अदम्य पचौरी ने 61 रन देवांश यदुवंशी ने 51 रन, शिवांश चतुर्वेदी 38 रन प्रियांशु प्राण ने 32 रन और ओजस्व यादव ने 30 रन बनाए। एनसीसीसी अकादमी की ओर से आकाश, गौतम रघुवंशी, रिचित चौहान और अभिराज खरे ने क्रमशः 2-2 विकेट लिए ।



जवाबी पारी खेलते हुए एनसीसीसी अकादमी की टीम 75.3 ओवरों में 253/10 रन ही बना सकी। गौतम रघुवंशी ने 80 रन जबकि सिद्धार्थ उपाध्याय और नवीन सिंह ने क्रमशः 50-50 रन बनाए। मयंक चतुर्वेदी अकादमी की ओर से प्रभांशु शुक्ला ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट जबकि पीयूष सिंह ने दो विकेट जबकि हर्ष सेन ने एक विकेट लिया। इस प्रकार मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने 65 रनों से जीत दर्ज कर ख़िताब अपने नाम किया । मैच में दोहरे प्रदर्शन के लिए पीयूष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया । मैच समाप्ति के पश्चात प्रतियोगिता का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि श्रीमान ध्रुव नारायण सिंह अध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ने श्री मान सैयद साजिद अली चेयरमैन भोपाल संभाग क्रिकेट संघ की अध्यक्षता में किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे मृगेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार, शांति कुमार जैन सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ, ब्रजेश तोमर ओमी , राजीव सक्सेना, जितेंद्र प्रताप सिंह, साद उद्दीन, मान शाहिद मोहम्मद ख़ान, राकेश सिंह बिष्ट, हेमंत कुमार सूदन, प्रद्युम्न मोनू गोहल, एम के भटनागर आदि उपस्थित थे।

## डोप टेस्ट में नाकाम पहलवान रीतिका हुड्डा टॉप्स से हुई बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डोप कलंकित पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किये गए हैं। एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी।



**फर्राटा धाविका सिमरन कोर ग्रुप में**

विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन को कोर समूह में रखा गया है जिनके गाइड उमर सैफी पिछले साल अक्टूबर में डोप टेस्ट में नाकाम रहे थे। सूत्र ने कहा हम आनन फानन में फैसला नहीं लेंगे। वह समूह में है और मिशन ओलंपिक सेल की अगली बैठक में उस पर चर्चा होगी। सिमरन पेरिस पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता है।

**रीवा।** जिला अस्पताल में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सिविल सर्जन द्वारा सीएमएचओ को पत्र लिखा गया था, जिसके बाद सीएमएचओ ऑफिस में अटैच कई कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया गया व उनकी मूल पदस्थापना में भेजा गया। फार्मासिस्ट ग्रेड 2 रवि प्रकाश दुबे को जिला अस्पताल के लिए कार्यमुक्त किया गया व फार्मासिस्ट ग्रेड 2 शिवानी शुक्ला को दिया गया है।


# दैनिक जागरण

रीवा, 02 जनवरी , 2026

रीवा शहर

www.dainikjagranmpcg.com


## अब रात 8 बजे तक खुला रहेगा मुख्य डाकघर

रीवा। भारतीय डाक विभाग ने आमजनों को सुलभ एवं आसानी से स्पीड पोस्ट एवं पार्सल बुकिंग के लिए जिले के मुख्य डाकघर के काउंटर बुकिंग का समय विस्तारित कर दिया गया है। अवकाश के दिनों को छोड़कर अब प्रतिदिन रात 8 बजे तक स्पीड पोस्ट, पार्सल और डाक बुकिंग का कार्य किया जायेगा।



## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार हुए घायल

**रीवा।** पुराने साल की विदाई के साथ नए साल के आगमन के जश्न को लेकर युवाओं में खासा उत्साह था। पुलिस ने ड्रिंक एण्ड ड्राइव के मामले में जहां कई बाइक और कार सवारों को पकड़कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की तो इसके साथ ही कई बाइक सवार सड़क दुर्घटना का भी शिकार होकर घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। नशे में वाहन चलाने व ट्रैफिक नियमों की अनदेखी वाहन चालकों पर भारी पड़ी। नए साल के पहले दिन भी पुलिस ने शांति व्यवस्था के लिए गश्त की साथ ही तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले व नशे की हालत में ड्राइविंग करने वालो को समझाइश देते हुए कार्रवाई की है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311


## आबकारी एक्ट के तहत नए साल में पहली कार्रवाई



**जागरण, रीवा।** नए साल के आगमन के साथ ही पुलिस का रोजनामचा भी बदल गया है। वर्ष 2025 की विदाई के बाद वर्ष 2026 की शुरुआत हो गई है। जिले में अतरैला पुलिस ने पहला मामला रात करीब 12.7 बजे दर्ज किया। पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी शीतल कुमार वर्मा को पकड़ा, जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। अतरैला थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नए साल की जश्न को देखते हुए पुलिस अलर्ट थी, शांति और कानून व्यवस्था के लिए पुलिस गस्त कर रही थी, इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पतरेही गांव में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई की जहां कच्ची शराब के साथ आरोपी पकड़ा गया है।

**नए साल का स्वागत करने ऐसी उमड़ी भीड़ की टूटे सारे आंकड़े**

# चिड़ियाघर में पहुंचे 17 हजार से अधिक पर्यटक, नव वर्ष ने बनाया नया कीर्तिमान





### साल के अंतिम दिन सिर्फ 1390 पर्यटक ही पहुंचे थे

### प्रबंधन के माथे पर बल आ गया था, गुरुवार को उमड़ी भीड़ ने दी राहत

**जागरण, रीवा**

नए साल के पहले दिन चिड़ियाघर में ऐसी भीड़ उमड़ी की रिकॉर्ड बन गया। पुराने सारे रिकॉर्ड धराशाई हो गए। 17 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे। इस भीड़ से चिड़ियाघर को 8 लाख से ज्यादा की इंकम नए वर्ष के पहले ही दिन हो गई। भीड़ से भले ही लोगों को थोड़ी बहुत परेशानी हुई हो लेकिन प्रबंधन खुश था। महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में गुरुवार को साल के पहले दिन पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी, मौसम भी साफ था। साल का पहला दिन था। ऐसे में लोग परिवार के साथ चिड़ियाघर घूमने पहुंचे थे। चिड़ियाघर प्रबंधन पहले से ही तैयारियां किए हुए था। भीड़ को सम्हालने के लिए पुलिस और वनकर्मियों की टीम को तैनात किया था। भीड़ को सम्हालने के लिए जगह जगह वनकर्मी तैनात किए गए थे। रीवा और सतना वनमंडल के 79 वनकर्मियों को तैनात किया गया था। इसके अलावा पुलिस बल की भी ड्यूटी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगाई गई थी। सुबह से शुरू हुई भीड़ शाम तक बनी रही। गाड़ियों का तांता लगा था। हालात ऐसे थे कि गाड़ियां पार्क करने के लिए पार्किंग भी कम पड़ गई। चिड़ियाघर प्रबंधन ने चार पार्किंग स्थल पाए थे जो वाहनों से खचाखच भर गए थे। भीड़ देखकर चिड़ियाघर प्रबंधन के चेहरे पर चमक बिखरी दिखी।

### बुधवार की भीड़ से थे चिंतित

साल के अंतिम दिन चिड़ियाघर में ज्यादा भीड़ नहीं आई। सिर्फ 1390 लोग ही पहुंचे थे। कम भीड़ के आने से प्रबंधन चिंतित थे। माथे पर बल खिंच गया था। हालांकि इस कमी को 1 जनवरी की भीड़ ने पूरी कर दी। भीड़ को सम्हालने के लिए जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया था। सीसीटीवी से भी नजर रखी गई। डॉक्टरों की टीम और फायर ब्रिगेड भी तैनात किया गया था।

> नए वर्ष के पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ भीड़ पहुंची। सुरक्षा के सारे इंतजाम किए गए थे। 17 हजार से पर्यटक पहुंचे, जो पिछले साल से कहीं ज्यादा थे।
>
> **बीनू सिंह**
> **संचालक मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर**

### पुराने सारे रिकॉर्ड टूट गए

मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में साल के पहले दिन का रिकॉर्ड इस बार टूट गया। पिछले साल वर्ष 2025 के पहले दिन 14 हजार 541 पर्यटक घूमने पहुंचे थे। वहीं वर्ष 2024 में 10225 पर्यटक आए थे, इस साल के पहले दिन यह आंकड़ा 17 हजार पार हो गया। यह अब तक का रिकॉर्ड माना जा रहा है। चिड़ियाघर में भीड़ देखते ही बन रही है। यहां पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

### विदेशी पक्षी खूब पसंद आए

इस मर्तबा मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में सफेद बाघ के साथ ही पर्यटकों को वाक इन एवियरी का भी आनंद उठाने का मौका मिला। उन्हें विदेशी रंग बिरंगे पक्षी खूब पसंद आए। वाक इन एवियरी घूमने वालों की भी भीड़ कम नहीं थी। महिलाओं, बच्चों को रंग बिरंगे पक्षी काफी पसंद आए और पास से देखने का मौका मिला।

# तेंदुए का खौफ बरकार, अब बच्चों ने देखने का किया दावा

### बिछिया थाना क्षेत्र में करीब एक सप्ताह से वन विभाग की टीम कर रही सर्चिंग



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में जंगली जानवर तेंदुए की मूवमेंट से शहरवासी डरे हुए हैं। शहर के अलग-अलग मोहल्ले में एक ओर जहां लोग तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि कर रहे हैं तो वहीं वन विभाग को अब तक तेंदुए के पदचिन्ह तक नहीं मिले है, बिछिया पुलिस भी इसकी पुष्टि नहीं कर रही। चर्चा है कि बीती रात एक बार फिर शहर के ही बिछिया नदी से सटे इलाकों में दो गायों को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया है। इसके साथ ही बिछिया मोहल्ले में स्थित हरि ओम मैरिज गार्डन के सामने खेल रहे छोटे-छोटे बच्चों ने भी तेंदुए को पेड़ पर चढ़ते हुए देखने का दावा किया है। हालांकि जागरण इस बात की पुष्टि नहीं करता। गौरतलब है कि पूर्व में वार्ड 43 में तेंदुआ होने की घटना सोशल मीडिया में वायरल हुई थी, इसके बाद अलग-अलग मोहल्ले में तेंदुआ देखे जाने की बात कही जा रही है। हालांकि वन विभाग द्वारा अब तक तेंदुए के होने की पुष्टि नहीं की गई है और ना ही वन विभाग को तेंदुए के होने के साक्ष्य मिले हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो बुधवार की शाम दिन ढलते ही चोपड़ा स्कूल के समीप एक घर की बाउंड्री के भीतर बंधी गाय को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया, वहीं बिछिया नदी के किनारे एक और गाय भी जंगली जानवर का शिकार हुई है। गुरुवार दोपहर बिछिया स्थित हरि ओम मैरिज गार्डन के समीप खेल रहे छोटे-छोटे बच्चों ने पेड़ के ऊपर तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि की है। बहरहाल वन विभाग का अमला लगातार सूचना के बाद अपनी नजर बनाए हुए है लेकिन अब तक तेंदुआ मिलने की पुष्टि नहीं हो सकी है।

## रेलवे ब्रिज पर अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर



**रीवा।** शहर के रेलवे ओवर ब्रिज पर गुरुवार रात करीब 12 बजे अज्ञात वाहन चालक ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लोगों की मदद से संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की अभी पहचान नहीं हुई है, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कोई अज्ञात वाहन इन्हें टक्कर मारकर फरार हो गया। दोनों बाइक के 4 बाइक सवार टक्कर लगने के बाद सड़क पर बेसुध पड़े थे, बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है, यहां से गुजर रहे लोगों ने सड़क पर बेसुध पड़े घायलों को अन्य वाहन चालकों की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

# रीवा मऊगंज में चार दिन से खरीदी बंद, नहीं है बारदाना

### जवा के किसानों ने किया हंगामा, सड़क पर लगाया जाम

### रामबाग-बरगड़ मार्ग में थमे रहे वाहनों के पहिए



**जागरण, रीवा।** पिछले चार दिन से रीवा मऊगंज में बारदाने न होने से खरीदी बंद हैं। किसान धान लेकर खरीदी केंद्रों में पड़े हुए हैं। साल के पहले दिन जवा के किसानों को सब्र टूट गया और जमकर हंगामा किया। सड़क पर जाम लगा दिया।

खरीदी केंद्रों में अन्नदाताओं की परेशानी थमने का नाम नहीं ले रही। मामला जवा तहसील के बरहुला क्रमांक 2 रिमारी खरीदी केंद्र में सामने आया जहां बारदाने की कमी के चलते किसान धान उपार्जन में देरी से परेशान रहे। खरीदी केंद्र में बारदाने नहीं मिलने से नाराज किसानों ने गुरुवार को जवा तहसील के रामबाग बरगड़ रोड में चकाजाम कर दिया। बताया गया कि जिले के खरीदी केंद्रो में धान बिक्री को लेकर किसानों के बीच मारा मारी मची हुई है। इसी तरह का मामला जिले के जवा तहसील अन्तर्गत बरहुला क्रमांक 2 रिमारी से सामने आया जहां सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर खरीदी केंद्र पर खड़े रहे लेकिन बारदाना न होने की दशा में हफ्तों से किसान केंद्र में ही रात और दिन गुजारने को मजबूर हैं। इसी बात से आक्रोशित किसानों ने रामबाग से बरगड़ रोड पर चकाजाम कर दिया। धरने पर बैठे किसान बारदाने की मांग करते रहे जिससे घंटों आवागमन बाधित रहा। सूचना के बाद पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों का समझाइश दी साथ ही बारदाने के पर्याप्त स्टाक का भरोसा दिलया जिसके बाद किसान मानने का तैयार हुए। इस दौरान किसानों ने खरीदी केंद्र के प्रबंधक और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया।

## एसपी के कंधे पर सजा डीआईजी का सितारा, डीआईजी ने लगाया स्टार



**जागरण, रीवा।** पुलिस महकमे में नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को सम्मान और गौरव का क्षण देखने को मिला, जब डीआईजी रीवा जोन हेमंत सिंह चौहान ने एसपी रीवा शैलेंद्र सिंह चौहान के कंधे पर अपने हाथों से डीआईजी रैंक का सितारा लगाया। यह अवसर न केवल अधिकारी के लिए बल्कि पूरे पुलिस बल के लिए प्रेरणादायक रहा। पदोन्नति के उपरांत आयोजित सादे लेकिन गरिमामय समारोह में डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह को स्टार पहनाकर उन्हें नई जिम्मेदारी का अहसास कराया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अधीनस्थ स्टाफ और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। डीआईजी ने कहा कि यह पदोन्नति अधिकारी की मेहनत, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी के साथ अधिकारी कानून-व्यवस्था को और मजबूत करेंगे तथा जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। पदोन्नति के बाद एसपी ने वरिष्ठ अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।


मेट्रो हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रीवा
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
उपलब्ध विभाग
जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स यूरोलॉजी, प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, पॉलीट्रॉमा, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668



विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन • ERCP
10 जनवरी 2026 को लीवर की विशेष जांच फाइब्रोस्केन निःशुल्क की जाएगी
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा



डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर


## जेंडर इक्वलिटी पर नव आरक्षकों को कराया अवगत

### पीटीएस में जेंडर सेंसटाइजेशन पर वर्कशॉप एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, रीवा।** मिशन कर्मयोगी के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला (पीटीएस) रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में गुरुवार को जेंडर सेंसटाइजेशन पर वर्कशॉप एवं नव वर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे पुलिस अधीक्षक, एडीपीओ आदर्श सिंह सोलंकी ने समस्त पीटीएस स्टाफ तथा 31 प्रशिक्षु नव आरक्षकों को जेंडर सेंसटाइजेशन एवं जेंडर इक्वलिटी पर प्रेरक व्याख्यान देकर उन्हें संवेदनशील बनाया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। पुलिस अधीक्षक एवं पीटीएस स्टाफ ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एडीपीओ मनीष पांडे, एडीपीओ आदर्श सिंह सोलंकी के साथ समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षु नव आरक्षक शामिल हुए। मंच संचालन प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक अंजू कुर्मी ने किया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।


विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद्र दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
दिनांक: 03,04,05 जनवरी 2026
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com